नई दिल्ली

सोमवार 15 जून 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या वर्ष : 30, अंक : 57

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम

अधि. 40

न्यून. 32


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## फ्रांस में पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने 'भारत इनोवेट्स 2026' का किया उद्घाटन, मोदी बोले

# भारत के 'डीएनए' में है इनोवेशन वह अब दुनिया को समाधान दे रहा

दुनिया भर से 350 से अधिक निवेशक व वेंचर कैपिटलिस्ट भी शामिल

पीएम मोदी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकता मानवता के लिए तकनीक की है। तकनीक ऐसी होनी चाहिए जो सिर्फ कुछ लोगों का नहीं, बल्कि सबका भला करे




एजेंसी ▶▶ नीस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के नीस शहर में आयोजित 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम में दुनिया को भारत के बढ़ते कदमों का अहसास कराया। पीएम मोदी ने वैश्विक मंच से कहा कि नवाचार भारत के डीएनए में बसा हुआ है। गणित, खगोल विज्ञान, चिकित्सा और योग के जरिए भारत ने हजारों साल से पूरी मानवता की तरक्की का रास्ता साफ किया है। आज जब दुनिया पर्यावरण संकट और आपसी संघर्षों के बड़े दौर से गुजर रही है, तब पीएम मोदी ने एक नया मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और स्पेस टेक्नोलॉजी जैसी आधुनिक तकनीकें ही हमारा भविष्य तय करेंगी। ऐसे में भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकता 'मानवता के लिए तकनीक' की है। तकनीक ऐसी होनी चाहिए जो सिर्फ कुछ लोगों का नहीं, बल्कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

▶▶ फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने की भारत व मोदी की जमकर तारीफ

▶▶ मैक्रों ने गले लगाकर किया पीएम मोदी का वेलकम



**»** ***एआई और क्लाइमेट चेंज में भारत-फ्रांस सहयोग पर राष्ट्रपति मैक्रों का जोर***

**»** ***फ्रांस की धरती पर गूंजा भारत का 'मेक इन इंडिया'***

### मेक इन इंडिया के मुरीद हुए राष्ट्रपति मैक्रों

कार्यक्रम के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारत की जमकर तारीफ की। मैक्रों ने भारत के विनिर्माण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि हम भारत के मेक इन इंडिया कदम का पूरा सम्मान करते हैं और फ्रांस इस मुहिम में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि रक्षा से लेकर टेक्नोलॉजी तक, दोनों देश कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति मैक्रों ने एक और बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि नागरिक परमाणु ऊर्जा (सिविल न्यूक्लियर एनर्जी) के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की बड़ी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत इनोवेट्स इवेंट क्या है?

इसका मकसद है कि भारत की नई और बड़ी सोच वाली कंपनियां, जो नई तकनीक पर काम करती हैं, उन्हें दुनिया के सामने लाया जाए

### 120 बेहतरीन डीप-टेक स्टार्टअप्स और 20 से ज्यादा बड़े संस्थान आए

इस आयोजन में भारत के 120 बेहतरीन डीप-टेक स्टार्टअप्स और 20 से ज्यादा बड़े संस्थान हिस्सा ले रहे हैं। यहां 13 अलग-अलग महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस कार्यक्रम में दुनिया भर से 350 से अधिक बड़े निवेशक और वेंचर कैपिटलिस्ट भी पहुंचे हैं। यह आयोजन भारत को विकसित भारत के सपने के तहत एक ग्लोबल इनोवेशन हब बनाने में मदद करेगा।

### पीएम मोदी का व्यस्त विदेश दौरा

प्रधानमंत्री मोदी इस समय फ्रांस के बेहद महत्वपूर्ण दौरे पर हैं। नीस हवाई अड्डे पर शनिवार को उनका बेहद गर्मजोशी से स्वागत किया गया था। इस एक सप्ताह लंबे विदेश दौरे के दौरान पीएम मोदी राष्ट्रपति मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे और साथ ही ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### मुरैना में ट्रेन से कटकर 4 यात्रियों की मौत



**मुरैना।** जिले में हेतमपुर रेलवे स्टेशन के पास एक दिल दहला देने वाला रेल हादसा सामने आया है, जहां ट्रेन से कटने के कारण 4 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं और एक 4 साल का मासूम बच्चा शामिल है। यह दर्दनाक घटना उस समय हुई जब उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 19665) में मोबाइल ब्लास्ट से अचानक आग लगने की अफवाह फैल गई। घबराहट में चेन पुलिंग कर कई लोग ट्रेन से नीचे उतरकर रेलवे ट्रैक पर आ गए। इसी दौरान सामने वाले ट्रैक पर आ रही पातालकोट एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 20424) की चपेट में आने से 4 लोगों की जान चली गई। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय आफरीन, 4 वर्षीय अशद, 60 वर्षीय सकुंतला और 58 वर्षीय वीरमा देवी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ-साथ रेलवे व प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचित किया।

## विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का जीत से शुभारंभ

# पहले ही मैच में भारत की बेटियों ने पाकिस्तान को चटाई धूल



**»** ***दीप्ती शर्मा ने 4 ओवर में 10 रन देकर पांच विकेट झटके***

**»** ***स्मृति मंधाना ने 68 रन बनाए***



एजेंसी ▶▶ बर्मिंघम

भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 64 रन से हरा दिया। एजबेस्टन में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए। दीप्ति शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पंजा खोला है। ऋचा घोष और स्मृति मंधाना ने पहली पारी में तूफानी बल्लेबाजी की थी। 171 रनों के जवाब में पाक 106 पर ऑलआउट हो गई। दीप्ति शर्मा के 5 विकेट की बदौलत भारत ने पाकिस्तान को 106 रन पर समेटते हुए 64 रन से शानदार जीत दर्ज की। पाकिस्तान को आखिरी 18 गेंदों में 65 रन चाहिए थे, लेकिन दीप्ति ने 17वें ओवर में ही मैच खत्म कर दिया। दीप्ति ने ओवर में तीन विकेट झटके। पहले उन्होंने आलिया रियाज (18) को डीप मिडविकेट पर कैच कराया। इसके बाद तस्मिया रुबाब खाता खोले बिना जेमिमा रोड्रिग्स को कैच थमा बैठीं। ओवर की आखिरी गेंद पर नशरा संधू भी शॉर्ट मिडविकेट पर हरमनप्रीत कौर को कैच देकर आउट हो गईं। दीप्ति ने 4 ओवर में सिर्फ 10 रन देकर 5 विकेट लिए। भारत ने जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की। ग्रुप-ए की पॉइंट्स टेबल में टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों के 2-2 अंक हैं, लेकिन बेहतर नेट रन रेट (+3.250) के कारण ऑस्ट्रेलिया टॉप पर है। भारत का नेट रन रेट +3.200 है।

### दीप्ति ने तोड़ा रेणुका का तीन साल पुराना रिकॉर्ड

पाकिस्तानी महिला टीम के खिलाफ दीप्ति शर्मा ने सिर्फ 10 रन देकर 5 विकेट हॉल लेने के साथ अब टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में भारतीय महिला टीम के लिए एक मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। दीप्ति ने इस मामले में तीन साल पुराने रेणुका सिंह के रिकॉर्ड को तोड़ा है जिन्होंने साल 2023 के टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ 15 रन देकर 5 विकेट हासिल किए थे। वहीं दीप्ति शर्मा ने प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने के बाद हनुमान जी को भी याद किया।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस का महा रोजगार मेला

# 19 जून को तालकटोरा स्टेडियम में जुटेंगी 150 से अधिक कंपनियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस 19 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 'महा रोजगार मेला' आयोजित करेगी। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस रोजगार मेले में 150 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां और संस्थान भाग लेंगे। मेले का आयोजन भारतीय युवा कांग्रेस और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, दिल्ली कांग्रेस के संगठन महासचिव अनिल भारद्वाज, युवा कांग्रेस के नेता अक्षय लाकड़ा और खुशबू शर्मा ने इस महा रोजगार मेले की रूपरेखा सामने रखी। इस दौरान महा रोजगार मेले का आधिकारिक पोस्टर भी जारी किया गया। उदय भानु चिब ने बताया कि पंजीकरण कोड को स्कैन करने पर भारतीय युवा कांग्रेस की वेबसाइट खुलेगी, जहां फॉर्म भरा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी कराया जा रहा है। साथ ही, यदि कोई युवा पहले पंजीकरण नहीं कर पाता है, तो वह 19 जून को सीधे तालकटोरा स्टेडियम पहुंचकर मौके पर अपना पंजीकरण करा सकता है। उन्होंने बताया कि 10वीं पास से लेकर स्नातकोत्तर युवा अपनी योग्यता के अनुसार साक्षात्कार दे सकते हैं। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क है। चिब ने बताया कि इस महा रोजगार मेले की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी। योग्यता के अनुसार युवाओं का साक्षात्कार लिया जाएगा और चयन होने पर मौके पर ही ऑफर लेटर सौंप दिया जाएगा। रोजगार मेले के समापन के बाद भी ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 12 साल स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए रहे बेमिसाल

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का दावा, अभूतपूर्व हुई प्रगति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही एक मजबूत राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए अपने संदेश में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और विभिन्न डिजिटल स्वास्थ्य पहलों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक लोगों तक पहुंच रही हैं।

जेपी नड्डा ने कहा कि देशभर में मेडिकल कॉलेजों के विस्तार तथा एमबीबीएस और स्नातकोत्तर चिकित्सा सीटों में वृद्धि के कारण भविष्य के लिए एक मजबूत स्वास्थ्य कार्यबल तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच दोनों में सुधार होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, यू-विन, कोविन और ई-संजीवनी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म ने नागरिकों के स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। उनके अनुसार, इन पहलों ने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुविधाजनक, पारदर्शी और प्रभावी बनाया है। नड्डा ने बताया कि देश में उन्नत स्वास्थ्य अवसंरचना का भी व्यापक विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि जहां पहले देश में केवल एक एम्स अस्पताल था, वहीं अब इसकी संख्या विभिन्न राज्यों में बढ़कर 23 हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्माण की दिशा में काम कर रही है जो किफायती, सुलभ ▶▶ शेष पेज 5 पर

## दुनिया की बड़ी टेंशन खत्म...

## अमेरिका के समझौता ड्राफ्ट पर सहमत हुआ ईरान

# होर्मुज खुलेगा...अमेरिका ईरानी तेल से 'पाबंदी' हटाएगा ईरान की 25 अरब डॉलर की फ्रीज संपत्तियां वापस देगा

ईरान ने लिखित आश्वासन दिया है कि वह न तो परमाणु हथियार विकसित करेगा और न ही उन्हें हासिल करने का कोई प्रयास करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



डोनाल्ड ट्रंप



मोजतबा

बड़ी खबर

अमेरिका और ईरान के बीच पिछले कई महीनों से चला आ रहा कूटनीतिक गतिरोध और तनाव अब समाप्त होने की राह पर दिख रहा है। दोनों देशों के बीच प्रस्तावित शांति समझौते का विस्तृत और अंतिम ड्राफ्ट तैयार हो गया है, जिसमें परमाणु कार्यक्रम, तेल निर्यात, होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा, फ्रीज संपत्तियों ▶▶ शेष पेज 5 पर



होर्मुज में जहाज और ईरानी सेना

### अंतिम समझौते में ये सब

अंतिम समझौते तक अमेरिका ईरान पर कोई नया आर्थिक या वित्तीय प्रतिबंध नहीं लगाएगा। साथ ही, तेल निर्यात पर लगे प्रतिबंधों को निर्धारित अवधि के लिए पूरी तरह हटा लिया जाएगा, जिससे ईरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल बेच सकेगा। अमेरिका ईरान की लगभग 25 अरब डॉलर की फ्रीज की गई संपत्तियों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हिंदुस्तानी क्रू वाले जहाज पर फिर अटैक

इधर, होर्मुज जलडमरूमध्य में युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। इस तनाव के बीच 12-13 जून की रात हांगकांग के झंडे वाले तेल और रसायन टैंकर बोकेम मरेंगो पर आत्मघाती ड्रोन हमला हुआ। राहत की बात यह है कि जहाज पर सवार सभी ▶▶ शेष पेज 5 पर




रंजिश में लगवाई गई थी आग

# गोविंदपुरी अग्निकांड: आग लगाने वाली नाबालिग समेत चार पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने गोविंदपुरी इलाके के तुगलकाबाद एक्सटेंशन की एक आवासीय इमारत में लगी आग के मामले में 17 वर्षीय लड़की समेत चार लोगों को पकड़ा है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई थी और आठ लोग घायल हुए थे। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला पलटा, क्योंकि पहले पुलिस ने शॉर्ट सर्किट से आग की बात कहीं थी।

तुगलकाबाद एक्सटेंशन स्थित पांच मंजिला इमारत में 12 जून को देर रात करीब दो बजकर 20 मिनट पर आग लगी थी, जिसने भूतल से लेकर पांचवीं मंजिल तक इमारत को अपनी चपेट में ले लिया था। घटना में आठ लोग घायल हुए थे, जिन्हें इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर और सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था। एक ही परिवार के तीन लोगों पंकज पांडे, उनकी बहन सोनिया और नानी सुशीला देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने शुरुआत में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 287 (आग संबंधी लापरवाही) और धारा 106(1) (लापरवाही से मौत का कारण बनना) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

डीसीपी हेमंत तिवारी ने बताया कि जांच के दौरान इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में आग लगने से कुछ समय पहले एक महिला को परिसर में घुसते देखा गया। जुटाए गए सबूतों के आधार पर पुलिस इस निष्कर्ष पर पहुंची कि आग जानबूझकर लगाई गई थी। इसके बाद गोविंदपुरी के नवजीवन कैंप में रहने वाली 17 वर्षीय लड़की की पहचान कर उसे पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान लड़की ने कथित तौर पर बताया कि 27 वर्षीय महिला सरिता ने उसे इमारत में खड़े एक स्कूटर में आग लगाने के लिए उकसाया था। तिवारी ने कहा कि सरिता ने इस काम के लिए पेट्रोल और माचिस उपलब्ध कराई थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के पीछे इमारत की पांचवीं मंजिल पर रहने वाले दीपक से धन को लेकर विवाद बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार जांच में पता चला कि गोविंदपुरी के नवजीवन कैंप निवासी निरंजन (33) और उसके भाई राजकुमार (27) ने व्यक्तिगत विवाद निपटाने के लिए यह साजिश कथित तौर पर रची थी।

पुलिस ने बताया कि नाबालिग के अलावा सरिता, निरंजन और राजकुमार से पूछताछ की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के बाद पुलिस ने बीएनएस के तहत आपराधिक साजिश, गैर-इरादतन हत्या, गैर-इरादतन हत्या के प्रयास, आग से नुकसान पहुंचाने और रात में छिपकर घर में घुसने से संबंधित धाराएं भी जोड़ी हैं। मामले की जांच जारी है।

## रेस्तरां में लगी आग, बुजुर्ग महिला पास की इमारत से करवाई गई रेस्क्यू

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कालकाजी इलाके में रविवार तड़के एक रेस्तरां में आग लग गई। आग में तीन एलपीजी सिलेंडर भी बलास्ट होने की बात सामने आई है। इस दौरान पास की एक इमारत से 70 वर्षीय महिला को सुरक्षित निकाला गया। महिला का नाम सीता देवी बताया गया है। पुलिस के अनुसार दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के कर्मियों ने आग बुझाने के अभियान के दौरान सीता देवी को पास की इमारत की दूसरी मंजिल से बाहर निकाला। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। डीएफएस के अनुसार कालकाजी-गोविंदपुरी फ्लाईओवर के पास स्थित 'पंजाबी तड़का' रेस्तरां में आग लगने की सूचना सुबह चार बजकर 45 मिनट पर मिली। आग जिस इमारत में लगी, उसमें भूमिगत तल, भूतल और तीन मंजिलें हैं। तीसरी मंजिल की छत पर एक अस्थायी ढांचा भी बना था। घटना के दौरान एलपीजी के तीन वाणिज्यिक सिलेंडर भी फट गए जिससे आग और भड़क गई। अधिकारियों ने बताया कि कुल नौ दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और सुबह करीब पांच बजकर 40 मिनट पर आग पर काबू पाया। दमकलकर्मियों ने आसपास की इमारतों में भी एहतियातन तलाशी और बचाव अभियान चलाया तथा इसी दौरान बुजुर्ग महिला को पास की इमारत से सुरक्षित निकाला गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के सही कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

## दोपहिया वाहनों में आग लगाने के आरोप में तीन दबोचे

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी इलाके में खड़े तीन दोपहिया वाहनों में आग लगाने के आरोप में एक नाबालिग सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना आठ जून की सुबह सामने आई थी। पकड़े गये दो आरोपियों के नाम 22 वर्षीय रामलाल और 18 वर्षीय मयंक पाल उर्फ मन्नू बताये गये हैं। मामले में एक आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस के अनुसार वाहन के मालिकों की शिकायत पर पुलिस ने एक मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज में चार नकाबपोश लोग गाड़ियों में आग लगाते हुए दिखे। वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद इलाके के लोगों की चिंता बढ़ गयी थी। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान सबसे पहले एक नाबालिग को पकड़ा गया और उससे पूछताछ के बाद उसके दो साथियों की पहचान हुई। इन्हें शनिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने यह अपराध इस साल की शुरुआत में नाबालिग और शिकायतकर्ता के परिवार के सदस्यों के बीच हुई कहासुनी का बदला लेने के लिए किया था। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि जनवरी में एक झगड़े के दौरान थप्पड़ मारे जाने के बाद से ही उसके मन में बदला लेने की बात चल रही थी और बाद में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गाड़ियों में आग लगाने की साजिश रची। पुलिस ने बताया कि चौथे आरोपी सोंटू को पकड़ने की कोशिशें जारी हैं।

# निवेश फ्रॉड रैकेट का भंडाफोड़, एक पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने निवेश फ्रॉड रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम संतोष कुमार गुप्ता (52) बताया गया है। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी यूक्रेन से चल रहे साइबर फ्रॉड नेटवर्क के भारत-स्थित हैंडलर के तौर पर काम कर रहा था।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता अरविंद धामा ने बताया कि धोखेबाजों ने उन्हें ज्यादा मुनाफे का लालच देकर निवेश करने के लिए उकसाया था। स्कीम को असली समझकर उन्होंने चार ट्रांजैक्शन के जरिए 18.39 लाख रुपये ट्रांसफर किए थे। पैसे मिलने के बाद धोखेबाजों ने उनसे बातचीत बंद कर दी। जांच के दौरान ठगी गई रकम में से 5 लाख रुपये एक मजदूर के बैंक खाते में ट्रांसफर होने का पता चला था।

ठगों ने उसी दिन वह रकम निकाल भी ली थी। कड़ी पूछताछ में आरोपी ने माना कि वह ठगी के पैसे को इधर-उधर करने के लिए इस्तेमाल होने वाले बैंक खाते उपलब्ध कराता था। आरोपी ने बताया कि वह विदेश में रहने वाले एक साथी के संपर्क में था, जिसने उसे साइबर फ्रॉड से मिली रकम को प्राप्त करने के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने के बदले कमीशन देने का प्रस्ताव दिया था।

# नासिर गिरोह पर लगाया गया मकोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली पुलिस ने नासिर हाफिज खान के नेतृत्व वाले गिरोह के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) लगाया है। बताया गया कि खान पर कई राज्यों में लूटपाट, धोखाधड़ी और अन्य गंभीर अपराध दर्ज हैं।

यह कार्रवाई 2025 में देशबंधु गुप्ता (डीबीजी) रोड थाने में दर्ज किये गये लूटपाट के एक मामले की जांच के बाद की गई है। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान कथित तौर पर एक ऐसे नेटवर्क को उजागर किया था जो अवैध वित्तीय लाभ के लिए संगठित आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। पुलिस के अनुसार मुंबई का रहने वाला खान इरानी गैंग से भी जुड़ा है तथा दिल्ली, महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों में लगभग 38 आपराधिक मामलों में लिप्त रहा है। जांचकर्ताओं ने बताया कि इससे पहले मुंबई पुलिस भी उसके खिलाफ मकोका के तहत मामला दर्ज कर चुकी है और अगस्त 2024 में न्यायिक हिरासत से रिहा होने के बाद वह आपराधिक गतिविधियां में फिर उतर गया था। पुलिस का आरोप है कि खान और उसके सहयोगियों ने अक्टूबर 2025 में डीबीजी रोड इलाके में 18.84 लाख रुपये लूटे थे। फरार रहने के दौरान वह नागपुर और अजमेर में धोखाधड़ी के मामलों में भी शामिल था। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के बाद तीन जनवरी को खान को गिरफ्तार किया गया था। कई मामलों में आरोपपत्र दाखिल हो चुके हैं तथा अदालत उनका संज्ञान भी ले चुकी है। उन मामलों का परीक्षण करने के बाद पुलिस इस निष्कर्ष पर पहुंची कि यह गिरोह मकोका के तहत निरंतर अवैध गतिविधि और संगठित अपराध के मानदंडों को पूरा करता है।

# देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ पांच महिलाओं को छुड़ाया गया

पहाड़गंज इलाके में एक स्पा की आड़ में संचालित देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़ दिल्ली पुलिस ने किया है। अवैध गतिविधियों का संचालन करने के आरोप में 29 वर्षीय एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही पुलिस ने पांच महिलाओं को भी छुड़ाया है।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई मध्य दिल्ली में अनैतिक तस्करी गतिविधियों के बारे में मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई। आरोपों की पुष्टि के लिए एक छापेमारी टीम ने एक कांस्टेबल को ग्राहक बनाकर स्पा सेंटर भेजा। उसे पैसे के बदले यौन सेवाओं की कथित तौर पर पेशकश की गई। नकली ग्राहक ने स्पा संचालक को पहले से चिन्हित 1,800 रुपये के नोट दिए, जिसके बाद उसे यौन सेवाओं के लिए एक महिला से मिलवाया गया। संकेत मिलने के बाद छापेमारी टीम परिसर में दाखिल हुई और तलाशी ली गई। अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस को ऐसे सबूत मिले जिनसे स्पा में देह व्यापार संचालित किये जाने का पता चला और कथित संचालक सावेद अली उर्फ शब्बीर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान पांच महिलाओं को वहां से छुड़ाया गया। पुलिस ने कहा कि महिलाओं की पहचान गोपनीय रखी गई है और जांच जारी है।

## स्कूटर की टक्कर के बाद टैंपो की चपेट में आए पुलिसकर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कश्मीरी गेट अंतरराज्यीय बस अड्डे (आईएसबीटी) के पास शनिवार को एक स्कूटर की टक्कर लगने और फिर टैंपो से कुचले जाने के कारण यातायात पुलिस के एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। हेड कांस्टेबल अनिल (39) कश्मीरी गेट आईएसबीटी के पास रिंग रोड पर ड्यूटी पर तैनात थे।

उसी समय यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि अनिल शांति वन से चंदगी राम अखाड़ा की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात प्रबंधन कर रहे थे। इसी दौरान हनुमान मंदिर की ओर से आ रहे एक स्कूटर ने उन्हें टक्कर मार दी। स्कूटर पर तीन लोग सवार थे। टक्कर लगने से हेड कांस्टेबल सड़क पर गिर गए और इसी दौरान एक टैंपो ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई। अनिल को सिविल लाइंस स्थित सुश्रुत ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद स्कूटर सवार लोग मौके से फरार हो गए जबकि टैंपो के चालक को मौके पर ही पकड़ लिया गया। फरार आरोपियों की पहचान के लिए इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि अनिल राजस्थान के कोटपूतली जिले के रहने वाले थे।

# पत्नी पर बार-बार चाकू से हमला करने वाला अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज-2 टीम ने एक सनकी पति को गिरफ्तार किया है। आरोपी बार बार अपनी पत्नी पर चाकू से हमला करता था। इस संबंध में डाबडी पुलिस स्टेशन में हत्या की कोशिश का मामला दर्ज हुआ था। इस केस में आरोपी को भगौड़ा अपराधी भी घोषित किया गया था। मानसिक रूप से अस्थिर और पत्नी से नाराज आरोपी साजिद अली (36) पत्नी को जान से मारने की नीयत से पहले तीन बार चाकू से हमला कर चुका था और वह फिर से उसे मारने की साजिश रच रहा था।

टेक्निकल इनपुट के आधार पर आरोपी की लोकेशन का पता इकरामनगर, लोनी, गाजियाबाद पास लगाया गया था। इसके बाद एक टीम ने छापा मारकर आरोपी को उस समय दबोच लिया जब वह अपने एक साथी से मिलने जा रहा था। आरोपी साजिद 7वीं कक्षा तक पढ़ा-लिखा है और मुस्तफाबाद, लोनी, उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी है। उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है और उसका इकलौता भाई अभी जेल में बंद है। साजिद ने 2015 में शादी की थी। इसके बाद दंपति ने अपने दो बच्चों को खो दिया। दोनों बच्चों की मौत जन्म के कुछ समय बाद ही हो गई थी। इन घटनाओं का आरोपी पर गहरा असर पड़ा और वह अपनी पत्नी को ही इस दुर्भाग्य के लिए जिम्मेदार मानने लगा।

समय के साथ उसे ड्रग्स और शराब की लत लग गई और वह अपनी इस लत को पूरा करने के लिए अक्सर अपनी पत्नी से पैसे की मांग करने लगा। साल 2021 में साजिद ने अपनी पत्नी को मारने की नीयत से चाकू से हमला किया। इसके बाद हत्या के प्रयास का मामला दर्ज होने पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसे नवंबर 2024 में जेल से रिहा किया गया था। इसके बाद 2025 में उसने फिर से अपनी पत्नी पर चाकू से हमला किया और अपराध करने के बाद से ही गिरफ्तारी से बच रहा था।

## दिव्यांग से मोबाइल लूटने का आरोपी पकड़ा

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी इलाके में एक दिव्यांग व्यक्ति से मोबाइल फोन लूटने के आरोप में एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह मामला चर्चा में आया था, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान एक टीम ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्ध की पहचान फिरोज आलम के रूप में की। इसके बाद आरोपी को बाद में पकड़ लिया गया। घटना के दौरान पीड़ित की मदद के लिए बीच-बचाव करने वाले एक प्रत्यक्षदर्शी ने आरोपी की पहचान की। आरोपी को रोकने की कोशिश के दौरान प्रत्यक्षदर्शी चाकू लगने के कारण मामूली रूप से घायल भी हो गया था। पुलिस ने बताया कि पीड़ित और उसके पिता ने भी आरोपी की पहचान की है। जांच में पता चला कि आलम लूटपाट और आर्म्स एक्ट के मामलों में पहले भी शामिल रहा है।

## हर शनिवार होगी थानों में जन सुनवाई, सीनियर अधिकारी करेंगे मॉनिटरिंग

नई दिल्ली। एलजी के निर्देशों के बाद दिल्ली पुलिस ने पब्लिक आउटरीच, शिकायत निवारण और इंस्टीट्यूशनल अकाउंटेबिलिटी को मजबूत करने के लिए नई गाइडलाइन जारी की हैं। इसके तहत नागरिकों के लिए एक खुली पब्लिक हियरिंग और शिकायत निवारण प्लेटफॉर्म देने के लिए हर शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सभी पुलिस स्टेशनों पर जन सुनवाई की जाएगी। सीनियर अधिकारी इन जन सुनवाई की मॉनिटरिंग करेंगे। जारी सर्कुलर के अनुसार एसीपी से लेकर स्पेशल सीपी लेवल के सीनियर अधिकारियों को बारी-बारी से पब्लिक हियरिंग में शामिल होना जरूरी है, ताकि हर शिकायत का तेजी से निवारण हो सके, चाहे वह पहले से रजिस्टर्ड हो या नहीं। शिकायतों की समय पर जांच और निपटारा जरूरी है। साथ ही डेडिकेटेड असिस्टेंस डेस्क और नागरिकों के लिए अच्छा माहौल बनाने के प्रयास भी जरुरी है। जिला डीसीपी, एसीपी और एसएचओ जमीनी स्तर पर इन निर्देशों को लागू करने के लिए जिम्मेदार होंगे और लापरवाही या देरी के खिलाफ इन पर सख्त आदेश जारी होंगे। गौरतलब है कि लेफ्टिनेंट गवर्नर तरनजीत सिंह संधू के निर्देश पर जनता तक पुलिस सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और राजधानी में जनता की शिकायतों का तुरंत निवारण सुनिश्चित करने के लिए पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा ने इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को दिशानिर्देश देते हुए एक सर्कुलर जारी किया है।

दिचाऊं कलां बस डिपो और आनंद विहार आईएसबीटी के बीच रूट नंबर 740सी किया शुरू

# दिल्ली सरकार ने पब्लिक ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी को बनाया और ज्यादा मजबूत : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पब्लिक ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी को और अधिक मजबूत बनाने और यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार ने रविवार को दिचाऊं कलां बस डिपो और आनंद विहार आईएसबीटी के बीच रूट नंबर 740सी की सेवा शुरू की है। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह नया रूट वेस्ट दिल्ली के नागरिकों के लिए आवागमन को आसान बनाने के साथ राजधानी दिल्ली के सबसे महत्वपूर्ण ट्रांसपोर्ट हब में से एक तक निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है। परिवहन मंत्री सिंह ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार सार्वजनिक परिवहन को और अधिक सुविधाजनक, कुशल और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह नया रूट वेस्ट दिल्ली की तेज़ी से विकसित हो रहे रिहायशी कॉलोनियों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए बेहतर परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के मकसद से शुरू किया गया है। साथ ही यह नेशनल कैपिटल रीजन के सबसे प्रमुख ट्रांसपोर्ट हब में से एक के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सीधा कनेक्टिविटी भी देता है।

# टिल्लू ताजपुरिया गैंग के दो बदमाश दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की नॉदर्न रेंज-2 टीम ने कुख्यात टिल्लू ताजपुरिया गैंग के दो सक्रिय बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन पर अवैध हथियार रखने और बाहरी दिल्ली में हाल ही में हुई गोलीबारी की घटना में संलिप्त होने का आरोप है। आरोपियों के नाम विशाल पंडित और दीपांशु है।

पुलिस के अनुसार पक्की और भरोसेमंद जानकारी मिली कि टिल्लू ताजपुरिया गैंग के दो सक्रिय सदस्य होलंबी खुर्द इलाके में मौजूद हैं। जानकारी से यह भी पता चला कि वे अपनी पुरानी गैंग-दुश्मनी के चलते विरोधी गोगी गैंग के सदस्यों को निशाना बनाने की योजना बना रहे है। इस जानकारी पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने आउटर नॉर्थ दिल्ली इलाके में एक रणनीतिक जाल बिछाया। इसके बाद दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनसे दो अवैध सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और छह कारतूस बरामद किए गए। शुरुआती जांच से पता चला है कि दोनों आरोपी टिल्लू ताजपुरिया गैंग के सक्रिय सहयोगी हैं और कथित तौर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए गैंग के सदस्यों के संपर्क में थे। बताया जा रहा है कि वे तिहाड़ जेल के अंदर गैंगस्टर सुनील उर्फ टिल्लू ताजपुरिया की हत्या का बदला लेने की योजना के तहत विरोधी गैंग के सदस्यों की रेकी कर रहे थे और संभावित लक्ष्यों के बारे में जानकारी जुटा रहे थे। जांच में यह भी पता चला है कि टिल्लू ताजपुरिया की मौत के बाद गैंग की गतिविधियों का संचालन कथित तौर पर हिम्मत उर्फ चीकू कर रहा था, जो मकोका के तहत दर्ज एक मामले में पैरोल तोड़ने के बाद से फरार है। दोनों आरोपी होलंबी खुर्द, दिल्ली के रहने वाले हैं।





## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों व स्वयंसेवकों संग किया श्रमदान

# दिल्ली के 28 यमुना घाटों पर एक साथ चला महा स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार एवं प्रदेश भाजपा संगठन ने संयुक्त रूप से दिल्ली के 28 यमुना घाटों पर एक साथ महा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों व स्वयंसेवकों के साथ श्रमदान किया। अभियान में दिल्ली के महापौर, सांसद, विधायक, निगम पार्षद, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं, दिल्ली वासियों ने भी श्रमदान किया।

मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को दिल्ली सरकार ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा के प्रयास से रविवार को दिल्ली सरकार एवं भाजपा संगठन ने संयुक्त रूप से यमुना सफाई श्रमदान अभियान आयोजित किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गीता कॉलोनी के पास स्थित यमुना घाट पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सरकारी कर्मियों के श्रमदान करके यमुना किनारे से कूड़ा, टूटी मूर्ति एवं बह कर आ कर फंसे पौधे आदि साफ किए। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने सोनिया विहार स्थित ढाई पुश्ता क्षेत्र में आयोजित "माँ यमुना तटः स्वच्छता अभियान" में सक्रिय रूप से भाग लिया। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने यमुना बैंक मैट्रो स्टेशन के पास यमुना घाट पर विधायकों करतार सिंह तंवर एवं चंदन चौधरी के साथ मिलकर श्रमदान कर लगभग 500 गज का घाट हिस्सा साफ किया।



### दिल्ली की जीवनदायिनी है यमुना, सफाई को 365 दिन देने होंगे : रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यमुना दिल्ली की जीवनदायिनी है हम सबकी माँ समान है और अब हम सबको 365 दिन इसको स्वच्छ बनाने को देने हैं। रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में आज पूरे 28 स्थानों पर मां यमुना के किनारे दिल्ली सरकार की ओर से सफाई अभियान चलाया गया जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और सामाजिक स्वयंसेवी संगठनों ने भाग लिया। मां यमुना के किनारे प्लास्टिक और नदी के अंदर जो पूजा सामग्री फेंकी जाती है उसको मुख्य रूप से निकालने का काम किया गया।

### यमुना मां के लिए किसने क्या कहा

दिल्ली भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यमुना मां केवल एक नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की आस्था, संस्कृति और जीवन का आधार है। केबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि आज की भागीदारी यह दर्शाती है कि यमुना को स्वच्छ और पुनर्जीवित करने के लिए जनता में जागरूकता और प्रतिबद्धता लगातार बढ़ रही है। मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने कहा कि हम 5 साल में यह सुनिश्चित करेंगे कि यमुना जिस दशा में दिल्ली में प्रवेश करती है उससे बेहतर स्थिति में आगे जाये। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि 15 सालों से राजनीति में हूं लेकिन यह पहली बार है जब मैं राजनीतिक पार्टी के इस तरह का विशेष यमुना सफाई अभियान में शामिल हुई हूं। सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने कहा कि यमुना सफाई के नाम केजरीवाल सरकार में वर्षों तक केवल घोषणाएं होती रहीं, लेकिन अब समयबद्ध तरीके से काम आगे बढ़ रहा है। सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि दिल्लीवासियों को स्वच्छ यमुना मिले और आने वाली पीढ़ियां इस धरोहर को गर्व के साथ देख सकें। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं को यमुना सफाई का संकल्प दिलवाया। सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने खंडित मूर्ति एकत्र करने के लिए अग्रसेन पार्क, कश्मीरी गेट पर कक्ष बनाने की घोषणा की।

### गंगा मां की तरह यमुना मां को भी देंगे पुनर्जीवन : मल्होत्रा



दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में नदियों के संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। जिस तरह गंगा नदी के पुनर्जीवन के लिए नमामि गंगे अभियान ने नई दिशा दी, उसी भावना के साथ यमुना को भी स्वच्छ और जीवंत बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि यमुना की सफाई केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक दिल्लीवासी का कर्तव्य भी है। जब सरकार के प्रयासों के साथ जनता की भागीदारी जुड़ेगी, तभी यमुना वास्तव में निर्मल और स्वच्छ बन सकेगी।

### यमुना पर जगह-जगह किया श्रमदान

दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा ने आईटीओ मुख्य घाट पर, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने यमुना के पुराने पुल के पास, पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह और स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ यमुना सफाई में श्रमदान किया। दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने आईटीओ हाथी घाट स्थित यमुना घाट पर, दिल्ली सरकार में मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने यमुना किनारे सफाई की। दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आईटीओ अपस्ट्रीम पर स्थित यमुना घाट के लगभग एक हजार गज के हिस्से की सफाई की। सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने वासुदेव घाट पर, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सराय काले खान के सामने स्थित यमुना घाट पर, सांसद मनोज तिवारी ने वजीराबाद के सूर घाट पर, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने निगमबोध जमुना बाजार पर यमुना घाट पर, सांसद कमलजीत सहरावत ने वजीराबाद यमुना घाट पर यमुना सफाई श्रमदान किया। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कालिंदी कुंज में यमुना सफाई के लिए सघन कार्य किया। दिल्ली जलबोर्ड उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने सराय काले खान घाट पर, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा सोनिया विहार पुस्ता घाट पर, नेता सदन जयभगवान यादव ने यमुना घाट पर, दिल्ली विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने डेढ़ पुश्ता यमुना विहार पर, दिल्ली सरकार की दक्षिण दिल्ली डेवलपमेंट कमेटी की अध्यक्ष शिखा राय ने जीरो पुश्ता सोनिया विहार पर, सेन्ट्रल दिल्ली डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष हरीश खुराना एवं विधायक राजकरण खत्री ने निगमबोध घाट के पास यमुना सफाई श्रमदान किया। दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने निगम पार्षद अंजू अमन, अधिकारियों एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ वजीराबाद के पास रामघाट पर एवं पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल ने गांधी नगर के पास यमुना घाट पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ यमुना सफाई अभियान चलाया।

# बवानाः गांव पूठखुर्द में रविन्द्र इन्द्राज ने किया विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं बवाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने रविवार को गांव पूठखुर्द में दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के फंड से लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

इन परियोजनाओं के अंतर्गत गांव में सड़कों के सुदृढ़ीकरण, सीसी पेवमेंट निर्माण, आरसीसी नालियों के निर्माण तथा जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने से संबंधित अनेक कार्य किए जाएंगे। मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से गांव पूठखुर्द और आसपास के क्षेत्रों में आवागमन अधिक सुगम होगा, जलभराव की समस्या में कमी आएगी तथा स्थानीय निवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की आंतरिक कनेक्टिविटी मजबूत होने से लोगों के दैनिक जीवन, व्यापारिक गतिविधियों और सामाजिक सुविधाओं तक पहुंच में भी सुधार होगा। दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।



यहां मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के फंड के माध्यम से दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों को आधुनिक और बेहतर बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। पूठखुर्द में शुरू की गई ये विकास परियोजनाएं केवल सड़क और नाली निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह गांव के समग्र विकास, बेहतर जीवन स्तर और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं। मजबूत सड़कें, प्रभावी जल निकासी व्यवस्था और बेहतर कनेक्टिविटी ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं।

### यमुना की सफाई छोड़ इवेंट मैनेजमेंट से प्रचार और क्रूज़ में व्यस्त है रेखा सरकारः यादव

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार द्वारा यमुना नदी की सफाई के मेगा अभियान पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल खड़े किए है। यादव ने कहा कि यमुना नदी की सफाई छोड़ इवेंट मैनेजमेंट के सहारे क्रूज प्रचार में व्यस्त है भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार। उन्होंने कहा कि आज यमुना सफाई अभियान के नाम पर खुद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और पूरी सरकार केवल और केवल प्रचार में व्यस्त दिखाई दी। करीब डेढ़ साल होने के हो और आज भी यमुना सफाई का उनका वादा सच्चाई से कोसो दूर है। ऐसे में लोगों को गुमराह करने के लिए सीएम रेखा गुप्ता व उनकी सरकार यमुना की वास्तविक सफाई करने के बजाय दिखावटी कार्यक्रमों और प्रचार की राजनीति में लगी रही। उन्होंने कहा कि यमुना में गिरने वाले गंदे नाले, सीवेज और प्रदूषण को रोकने में सरकार पूरी तरह विफल रही है। यमुना नदी के कई हिस्सों में आज भी झाग, गंदगी और प्रदूषित पानी साफ दिखाई देता है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर सरकार यमुना सफाई के नाम पर लोगों को बरगलाकर क्या हासिल करना चाहती है। यादव ने कहा कि अगर वाकई में यमुना सफाई करनी है तो एक समुचित प्लान बनाकर नियोजित तरीके से कार्य करना होगा।

## मालवीय नगर होटल अग्निकांडः आरोपी बनाए गए रसोईए की रिहाई के समर्थन में प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गत दिनों दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर में हुए भीषण होटल अग्निकांड में पुलिस द्वारा आरोपी बनाए गए एक रसोईए केसर नेगी की रिहाई की मांग को लेकर रविवार को उत्तराखंडियों ने प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में रसोईए केसर नेगी की रिहाई की मांग करते हुए कई नारे सुनाई दिए। जिनमें, असली दोषियों को गिरफ्तार करो केसर नेगी को बाइज्जत बरी करो, न्याय की यह पुकार, दोषियों को सज़ा हो, केशर नेगी रसोइया है अपराधी नहीं, 23 लोगों की मौत का, न्याय दो, न्याय दो आदि शामिल रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन के राष्ट्रीय सह-संयोजक व एमसीडी निर्माण समिति के पूर्व अध्यक्ष जगदीश ममगांई, उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रावत, दिल्ली भाजपा उत्तराखंड प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति डंगवाल सहित कई अन्य शामिल थे।

### दिल्ली देहात में बंद पड़े बस डिपो खोलने और गांवों में बस शेल्टर बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात में लंबे समय से बंद पड़े डीटीसी के बवाना, नरेला, कंझावला और रोहिणी-4 बस डिपो को पुनः संचालित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों के बस स्टॉपों पर यात्री शेल्टर निर्माण की मांग फिर से उठने लगी है। दिल्ली ग्रामीण यात्री परिषद के अध्यक्ष दयानंद वत्स, चौगामा विकास समिति के महासचिव विजेंद्र डबास आदि ने इस संबंध में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह और क्षेत्रीय सांसद योगेंद्र चांदोलिया से हस्तक्षेप की अपील की है। ग्रामीण वत्स ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के बवाना, नरेला, कंझावला और रोहिणी-4 स्थित डीटीसी बस डिपो कई वर्षों से बंद पड़े हैं। उनके अनुसार, इन डिपो में पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के कार्यकाल की लाल और हरी सीएनजी बसें संचालित होती थीं। बसों की निर्धारित आयु पूरी होने के बाद उन्हें सेवा से हटा लिया गया, लेकिन इसके बाद इन डिपो को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनः सक्रिय नहीं किया गया। इसके अलावा ग्रामीणों ने यह भी मुद्दा उठाया कि बवाना, नरेला, कंझावला, अलीपुर और मुंडका क्षेत्र के अनेक गांवों के बस स्टॉपों पर यात्री शेल्टर नहीं हैं। गर्मी, बारिश और सर्दी के मौसम में यात्रियों को खुले में बस का इंतजार करना पड़ता है, जिससे विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।


## न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

# वीकेंड पर पारा पहुंचा 39 डिग्री पार, दो दिन राहत के बाद गर्मी की आफत शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

तीन दिन की राहत के बाद एक बार फिर सूरज ने अपने कड़े तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। जिसके चलते वीकेंड रविवार के दिन अधिकतम तापमान बढ़कर 39 डिग्री पार पहुंच गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के सफदरजंग वेधशाला ने अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

हालांकि यह अब भी सामान्य से 1.4 डिग्री नीचे है लेकिन गर्मी बढ़ रही है। वहीं न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी के अनुसार रिज एरिया में सबसे ज्यादा 39.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। इनके अलावा पालम में 38.6 डिग्री, लोधी रोड 38.7 डिग्री , आया नगर में 38.4 डिग्री , राजघाट में 37 डिग्री, पूसा 37 डिग्री, नजफगढ़ 37 डिग्री और मयूर विहार में 37.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। आईएमडी ने ताजा अनुमान में बताया कि सोमवार को येलो अलर्ट के तहत राजधानी में आसमान पर बादल छाए रह सकते है। दोपहर या शाम के समय बहुत हल्की बारिश हो सकती है।



इस दौरा आसमानी बिजली चमकने, 40-50 किमी की गति से हवा चलने का अनुमान है। लेकिन पारे में एक से दो डिग्री की बढत परेशान कर सकती है। वहीं आईएमडी ने मंगलवार से अगले चार पांच दिन के दौरान मौसम सामान्य रहेगा लेकिन अधिकतम तापमान 40-44 डिग्री तक पहुंच सकता है।

### नागरिकों ने की मोदी सरकार के विकास कार्यों की सराहना : चहल

नई दिल्ली। दिल्ली के नागरिकों ने मोदी सरकार के 12 वर्षों के दौरान किए गए विकास कार्यों की सराहना की है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने रविवार को एक पेड़ मां के नाम ऑन संडे अभियान के अंतर्गत जीपीआरए टाइप-2, 3 एवं 4, ईस्ट किदवई नगर में पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान यह संबोधन दिया। इस अवसर पर कुलजीत सिंह चहल ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों के दौरान देश में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व तथा जनभागीदारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से यह पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### हिंदू राव अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर राजधानी के हिंदू राव अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमन मेहंदीरता के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर हिंदू राव अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सोमपाल, डॉ. आरजू, नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियन तथा अन्य कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और रक्तदान के महत्व के बारे में लोगों को जानकारी दी। अस्पताल परिसर में आए लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया तथा रक्तदान से जुड़े विभिन्न भ्रमों को दूर करने का प्रयास किया गया। अस्पताल प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे रक्तदान को जनआंदोलन बनाएं और जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए आगे आएं। अंतरराष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

### कांग्रेस का एक-एक बीएलए-2 बब्बर शेरों की तरह भाजपा व चुनाव आयोग की धांधली रोकेगा : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने रविवार को एक प्रशिक्षण शिविर में एक बार फिर दोहराया है कि कांग्रेस का एक एक बीएलए-2 बब्बर शेरों की तरह भाजपा व चुनाव आयोग की धांधली को रोकेगा। कांग्रेस की बूथ मैनेजमेंट की टीम पूरी दिल्ली में प्रत्येक प्रशिक्षण शिविर में एस.आई.आर. में भाजपा पर नकेल कसने के लिए बीएलए-2 प्रशिक्षित कर रही है। यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के बीएलए-2 हर बूथ पर अपनी मजबूत पकड़ बनाकर कार्य करेगा और भाजपा की हर चाल को नाकाम करने में सक्षम होगा। यादव ने रोहिणी, किराड़ी और नई दिल्ली जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित बीएलए-2 प्रशिक्षण शिविरों में बोलते हुए उक्त बातें कही।

## खबर संक्षेप

### मंत्री राजेश नागर से मिले महापौर एवं पार्षद

**ग्रेटर फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद की फाइनेंस कमेटी के गठन के उपरांत महापौर प्रवीण बत्रा



जोशी, पार्षद मनोज नासवा एवं पार्षद प्रदीप टोंगर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर के निवास पर पहुंचे। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं तथा नगर निगम क्षेत्र के विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा की।

### बेकाबू होकर पलटी आई-20 कार

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ से दिल्ली की ओर जा रही एक आई 20 कार बडख़ल फ्लाईओवर पर भीषण



हादसे का शिकार हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए, लेकिन गनीमत रही कि ड्राइवर की जान बच गई और किसी अन्य व्यक्ति को भी चोट नहीं आई।हादसा रात करीब 1.15 बजे बल्लभगढ़ से दिल्ली जाने वाले हाईवे पर बडख़ल फ्लाईओवर के पास हुआ।

### शराब ठेके से रंगदारी वसूलने वाले दंपति काबू

**फरीदाबाद।** थाना मुजेसर पुलिस टीम ने शराब ठेका संचालक से रंगदारी वसूलने वाले पति-पत्नी को



गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संजय कॉलोनी निवासी रोहताश के रूप में हुई है। पूछताछ उपरांत दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। एक शराब ठेका संचालक ने 13 जून को थाना मुजेसर में शिकायत दी थी कि उन्हें कोई ब्लैक मेल कर रहा है।

### स्कॉर्पियो के शीशे तोड़े, पार्किंग को लेकर विवाद

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद के अहीरवाड़ा इलाके में घर के बाहर खड़ी एक स्कॉर्पियो कार के शीशे



तोड़ने का मामला सामने आया है। घटना से पहले कार मालिक के बेटे, जो विदेश में मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है, को सोशल मीडिया के जरिए धमकी मिलने का आरोप लगाया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। यहां के रहने वाले पीड़ित बिट्टू यादव ने पुलिस को दी शिकायत दी थी।

### अवैध शराब तस्करी मामलों में 4 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस कार्रवाई करते हुए अलग-अलग जगहों से 4 को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देशी




व अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस चौकी पाली ने कार्रवाई करते हुए इंदल व सनोज कुमार को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 60-60 पव्वे देशी शराब बरामद हुई है। इसी प्रकार पुलिस चौकी सेक्टर-19 की टीम ने सुखबीर को 10 बियर केन, 10 बियर बोतल व 8 पव्वे अग्रेजी शराब सहित काबू किया है।

### अवैध हथियार रखने का आरोपी गिरफ्त में

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने एक व्यक्ति को अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार



किया है। जिसकी पहचान निर्देश प्रताप सिंह के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम को चावला कॉलोनी के रहने वाला निर्देश प्रताप सिंह के पास अवैध हथियार रखने की सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने निर्देश प्रताप सिंह को सेक्टर.8 क्षेत्र से काबू किया है।

---

**जेवर एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वालों को सीएम का तोहफा**

# आज जेवर एयरपोर्ट से लखनऊ जाएगी पहली फ्लाइट यात्री बनेंगे 172 किसान, मुख्यमंत्री के साथ संवाद करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसानों को योगी सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। 15 जून को जेवर एयरपोर्ट से शुरू होने वाली पहली फ्लाइट में 172 किसानों को बैठाकर लखनऊ ले जाया जाएगा। जहां सीएम योगी के साथ संवाद होगा। नोएडा एयरपोर्ट से 15 जून को उड़ानें शुरू हो जाएगी।

तय समय सारिणी के मुताबिक लखनऊ से पहली फ्लाइट सुबह 8.05 बजे पर नोएडा एयरपोर्ट पहुंचेगी, इसके बाद यहीं फ्लाइट 8.35 बजे बेंगलुरु के लिए रवाना होगी। एक फ्लाइट सुबह नौ बजे लखनऊ के लिए भी उड़ान भरेगी, इस 180 सीटर फ्लाइट का समय निर्धारण जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह की सिफारिश पर किया गया है। इस फ्लाइट में एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसानों को लखनऊ ले जाया जाएगा। इसके अलावा जो लखनऊ से जेवर एयरपोर्ट के लिए पहली फ्लाइट उड़ेगी उसमें केंद्र और प्रदेश सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधि तथा विमानन क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों समेत उद्यमी शामिल होंगे। सीआरसी ने इस विमान की 70 सीटें बुक की है, जिस पर उद्यमियों को लखनऊ से एयरपोर्ट लाकर शहर में हो रहे निवेश समेत अन्य संभावनाओं के बारे में बताया जाएगा। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों के भी पहली उड़ान से पहुंचने की संभावना है। एयरपोर्ट प्रबंधन वीवीआईपी आगंतुकों के स्वागत और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत योजना तैयार कर रहा है। पहली उड़ान के यात्रियों की सूची बन रही है।

*विमानन क्षेत्र के वरिष्ठ अफसरों समेत उद्यमी शामिल होंगे*

*पहली उड़ान के लिए यात्रियों की सूची तैयार की गई है*

### हजारों एकड़ी जमीन का योगदान




जेवर एयरपोर्ट परियोजना के लिए नोएडा के कई किसानों ने अपनी हजारों एकड़ी जमीन का योगदान दिया था। किसानों द्वारा जमीन दिए जाने के बाद ही जेवर में एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनकर तैयार हो सका। सीएम योगी ने इसके लिए किसानों को पहले ही धन्यवाद दे चुके हैं। सरकार और प्रशासन का मानना है कि बिना किसानों के सहयोग के यह परियोजना संभव नहीं हो पाती। यही कारण है कि एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसानों को सम्मान देने के लिए पहली फ्लाइट से उन्हें लखनऊ ले जाया जाएगा।

---

**केंद्र सरकार के 12 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम**

# लोगों की भागीदारी से संभव हो सकेंगे स्वच्छता-पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्र सरकार के 12 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत रविवार को एनआईटी.1 मार्केट स्थित 1-2 चौक पर स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं बडख़ल विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनेश अदलखा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद फरीदाबाद शिखा अंतिल ने की।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, विधायक धनेश अदलखा, सीईओ जिला परिषद शिखा अंतिल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत सभी अतिथियों ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया तथा उपस्थित नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ समाज निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

*सभी अतिथियों ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया*

*पौधे लगाकर हरित फरीदाबाद के निर्माण में सहयोग की अपील*



### स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की आधारशिला

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप मिला है। स्वच्छ भारत अभियान ने देश में स्वच्छता के प्रति लोगों की सोच , व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण और हरित पर्यावरण स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं तथा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने घर, मोहल्ले, गांव और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान दे। विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण दोनों ऐसे विषय हैं जिनमें जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाएं ।

### केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने 148 लाभार्थियों को 100-100 गज के प्लाटों की रजिस्ट्री सौंपी

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज सेक्टर-28 स्थित अपने कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में फरीदाबाद के गांव फतेहपुर बिल्लोच के 148 पात्र लाभार्थियों को हरियाणा सरकार द्वारा आवंटित 100-100 गज के प्लाटों की रजिस्ट्री वितरित कर उन्हें मालिकाना हक प्रदान किया। इस अवसर पर लाभार्थियों एवं उनके परिवारजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसी सोच के साथ गरीबों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध करवाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि आज जिन लाभार्थियों को प्लाटों की रजिस्ट्री प्रदान की गई है, उनके लिए यह केवल एक दस्तावेज नहीं बल्कि सुरक्षित एवं सम्मानजनक भविष्य की गारंटी है। मालिकाना हक मिलने से परिवारों को सामाजिक और आर्थिक मजबूती प्राप्त होगी तथा वे अपने सपनों का घर बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

---

**विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया**

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की वीसी के माध्यम से समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्य निर्वाचन अधिकारीए हरियाणा ए. श्रीनिवास ने रविवार को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा निर्धारित समयावधि में कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष सिन्हा ने जिले के सभी निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों तथा प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए तथा सभी गतिविधियों का निष्पादन पूर्ण गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित किया जाए।

### एसआईआर की पारदर्शिता के लिए करें फील्ड निरीक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर के तहत 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक जिले के बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर वोटरों को गणना प्रपत्र वितरित, मैपिंग का कार्य करेंगे। प्रक्रिया में सहयोग करने व प्रपत्रों को सही एवं पूर्ण जानकारी के साथ भरकर उपलब्ध कराने की अपील की। उपायुक्त ने सभी निर्वाचक पंजीयन अफसरों से कहा कि वे प्रक्रिया के दौरान नियमित फील्ड निरीक्षण अवश्य करें।

---

**इंदिरापुरम से लाया गया था कूड़ा**

## वैशाली पुलिया पर महापौर ने पकड़ा कूड़े का ट्रैक्टर,जब्ती की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

महापौर सुनीता दयाल ने रविवार को वैशाली का निरीक्षण के दौरान कूड़े का ट्रैक्टर पकड़ लिया और जबतब कर लिया। महापौर निरीक्षण कर रही थी, तभी वैशाली सेक्टर 4 पुलिया पर एलिवेटेड रोड के नीचे एक ट्रैक्टर कूड़ा डालता दिखा ।महापौर ने दूर से ट्रैक्टर देख अपनी गाड़ी का रुख ट्रैक्टर की तरफ मोड़ लिया। महापौर ने जाते ही ट्रैक्टर की चाबी निकलवाकर ट्रैक्टर वाले से पूछताछ शुरू कर दी।

जिसमे उन्होंने बताया कि पूर्व में भी यहां कूड़ा डाला जा रहा है और यह इंदिरापुरम से कूड़ा लाए है। महापौर ने कहा कि वहाँ तो नगर निगम कूड़ा उठा रहा है तो तुम कूड़ा कैसे ले रहे हो और शहर को गंदगी करने के लिए कहीं भी कूड़ा डाल रहे हो ।यह शहर हित के लिए ठीक नही है। शहर को गंदा करने का कार्य किया जा रहा है ।



महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण चल रहा है और इस दौरान शहर को गंदा करना शहर की रैंक को बिगाड़ सकता है, शहर में सफाई की अच्छी रेंक के लिए पूरा नगर निगम सड़को पर कार्य कर रहा है और इस प्रकार के लोग शहर में कही भी कूड़ा डालकर शहर को गंदा करने का कार्य कर रहे है इनको बक्शा नही जाएगा।

नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंच कर ट्रैक्टर को जप्त किया और अब जुर्माना भी लिया जाएगा।

---

**ट्रॉनिका सिटी में मजार पर चला प्रशासन का बुलडोजर**

## एसडीएम सिंघनवाल ने कहा-अवैध निर्माण कहीं भी, किसी भी तरह स्वीकार नहीं होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जनपद में अवैध कब्जों एवं अवैध निर्माणों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला प्रशासन ने रविवार को ट्रॉनिका सिटी के सेक्टर सी-1 क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए यूपीसीडा की भूमि पर



अवैध रूप से निर्मित मजार को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस बल की मौजूदगी में पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई।



### यूपीसीडा की भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

प्रशासन के अनुसार संबंधित मजार यूपीसीडा की भूमि पर अवैध रूप से निर्मित की गई थी। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने मजार को जमींदोज कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं संबंधित अधिकारियों की टीम मौके पर मौजूद रही। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / एसडीएम लोनी दीपक सिंघनवाल ने बताया कि जनपद में अवैध कब्जों और अवैध निर्माणों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण या अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भूमाफियाओं के खिलाफ अभियान रहेगा जारी

डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्रनाथ तिवारी ने बताया कि मजार अवैध रूप से निर्मित थी, जिसके संबंध में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। कहा कि इस मामले में अवैध निर्माण कराने वालों के विरुद्ध भी आगामी विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी प्रकार के भूमाफियाओं अथवा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को पनपने नहीं दिया जाएगा। ऐसे तत्वों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग सदैव तत्पर है।

---

**700 शिकायतों में 8,92,727 खातों में फ्रिज**

## 7 दिन में 13 साइबर अपराधी गिरफ्तार, 21,08,347 बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। 6 से 12 जून के बीच फरीदाबाद पुलिस के साइबर थानों की टीम ने एक सप्ताह में 13 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 21,08,347 रुपए बरामद किए हैं।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 3 मुकदमों में कार्रवाई करते हुए 13 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना एनआईटी का 1 व सेंट्रल के 2 मामले शामिल है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने 21,08,347 बरामद किए हैं। इसी प्रकार 700 शिकायतों का निस्तारण कर 8,92,727 रुपए खातों में फ्रिज कराये गये हैं। यह कार्रवाई साइबर थानों की टीम ने 6 से 12 जून तक एक सप्ताह के दौरान की गई है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आयुष मल्होत्रा, आकाश रावत, दीपक, हर्ष कुमार, गौरव गर्ग, बलदेव भाई, बाबू भाई, ब्रह्मभट्ट, विकेश कुमार, प्रमोद कुमार, राजेश, अनिकेत, अमन राणा, भूपिन्द्र सिंह व अर्जन सिंह का नाम शामिल है।

### एटीएम कार्ड बदलकर 75 हजार की ठगी

**फरीदाबाद।** एटीएम कार्ड बदलकर 75000 की ठगी के मामले में एवीटीएस भूपानी की टीम ने दो को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान गोवर्धन,सोनू के रूप में हुई है। पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। जांच में सामने आया कि 1 जून को गांव झाड़सेंतली स्थित एटीएम बूथ पर शिकायतकर्ता को अकेला पाकर दोनों ने एटीएम बूथ में प्रवेश किया।

---

**स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरि महाराज के सान्निध्य में हुआ कार्यक्रम**

## 'द राइजिंग सन' पर केंद्रित साहित्यिक संगोष्ठी में डॉ. कृष्णा सक्सेना के रचनात्मक अवदान पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. कृष्णा सक्सेना की नवीनतम कृति 'द राइजिंग सन' के लोकार्पण एवं परिचर्चा के उपलक्ष्य में रविवार को गरिमामय साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्य, शिक्षा, समाजसेवा एवं अध्यात्म जगत से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरि महाराज के सान्निध्य में हुआ। उन्होंने डॉ. सक्सेना के ज्ञान, सेवा और साहित्य-साधना के प्रति आजीवन समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनकी रचनाएं समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करने वाली अमूल्य धरोहर हैं। संगोष्ठी के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने 'द राइजिंग सन' पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने पुस्तक को मानवीय संवेदनाओं, जीवन-दर्शन, आध्यात्मिक चेतना और सकारात्मक चिंतन से परिपूर्ण कृति बताया। वक्ताओं का मत था कि डॉ. सक्सेना की लेखनी की सबसे बड़ी विशेषता उसकी सरलता, सहजता और गहन संवेदनशीलता है।



### 98 वर्ष की आयु में सक्रिय साहित्य-साधना

कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण डॉ. कृष्णा सक्सेना की प्रेरणादायी जीवन-यात्रा पर केंद्रित विमर्श रहा। 98 वर्ष की आयु में भी उनकी सक्रिय साहित्य-साधना, सृजनशीलता और समाज के प्रति प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वक्ताओं ने उन्हें इस बात का जीवंत उदाहरण बताया कि रचनात्मकता, ज्ञानार्जन और समाजोपयोगी चिंतन की कोई आयु सीमा नहीं होती। उपस्थित विद्वानों एवं अतिथियों ने डॉ. सक्सेना के शिक्षाविद्, समाजसेवी तथा बहुआयामी लेखिका के रूप में योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी कृतियाँ पाठकों को आत्ममंथन, नैतिक मूल्यों के संवर्धन तथा जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

---

**संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की गई**

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना के फरीदाबाद आगमन और स्वागत की तैयारियां जोरों पर

*संगठन की गरिमा के अनुरूप कार्यकर्ता अधिक संख्या में भाग लें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा हरियाणा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के फरीदाबाद आगमन एवं भव्य स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला फरीदाबाद महानगर की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के लिए विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की गरिमा के अनुरूप अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करें तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

उन्होंने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन को नई ऊर्जा एवं नई दिशा प्राप्त होगी। कार्यकर्ताओं में उनके नेतृत्व को लेकर विशेष उत्साह है तथा फरीदाबाद महानगर भाजपा उनकी अगुवाई में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए संकल्पित है।




### कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने का लिया संकल्प

बैठक में स्वागत कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, कार्यकर्ताओं की सहभागिता, जनसंपर्क अभियान एवं अन्य संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की गई। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में जिला प्रभारी कमल यादव, बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा, विधायक सतीश फागना, फरीदाबाद महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, वरिष्ठ नेता गोपाल शर्मा, जिप चेयरमैन विजय लोहिया, प्रदेश प्रवक्ता विजेंद्र नेहरा, जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, कविंद्र चौधरी एवं जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## अदिति पर भाजपाइयों ने कमेंट्स कराए

**मैनपुरी।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी अदिति पर सोशल मीडिया पर की गईं आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर सियासत जारी है। मामले सांसद व अदिति की मां डिंपल की प्रतिक्रिया सामने आई है।



कहा कि अदिति बिटिया के लिए जो बयानबाजी हुई है। वो भाजपाई कह रहे हैं। बयानबाजी हुई है, वह भाजपा के लोगों ने ही कराई है। राम मंदिर चोरी के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए मामला उछाला गया है।

## झारखंड के पूर्वी सिंहभूम 6700 लाभुक लापता

**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के 6700 लाभुक अपने दिए पते पर नहीं रहते हैं। उन्हें सामाजिक सुरक्षा विभाग के भौतिक सत्यापन में लापता माना गया है। सत्यापन का करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।



वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा विभाग ने मंईयां योजना के शॉफ्टवेयर में बदलाव किया है, जिससे जो अर्हता पूरी नहीं करते, उनका भुगतान होल्ड कर दिया जाता है।

## मौसी ने 2 लाख में बेचा, 2 गिरफ्तार

**पूर्णिया।** एक महिला ने अपनी मौसी समेत छह के विरुद्ध मानव तस्करी, धोखाधड़ी व जबरन शादी कराने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि उसे गुजरात ले जाकर दो लाख में बेचा गया व उसकी इच्छा के विरुद्ध शादी करा दी गई। मीरगंज थाने में पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है। मामले में दो महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



# अयोध्या राम मंदिर में हुई चोरी की जांच करेगी एसआईटी योगी सरकार ने दो सप्ताह के भीतर मांगी फाइनल रिपोर्ट

**तूल पकड़ रहा है राम मंदिर में चढ़ावे के करोड़ों की चोरी का मामला**

एजेंसी ⏭ लखनऊ

राम नगरी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर के मंदिरों से चढ़ावा चोरी होने के प्रकरण में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शरण में है। ट्रस्ट ने चढ़ावा की धनराशि की बड़ी चोरी का पर्दाफाश करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का अनुरोध किया है।

ट्रस्ट के अनुरोध पर योगी सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है, जिसमें लखनऊ मंडलायुक्त आईएएस विजय विश्वास पंत, आईजी रेंज आईपीएस किरन एस व विशेष सचिव वित्त आईएएस नील रतन को शामिल किया गया है। एसआइटी को सात दिन में अंतरिम रिपोर्ट और 15 दिन में अंतिम रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

चढ़ावा चोरी लगातार बढ़ते आरोपों पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया है। अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे के करोड़ों रुपए की चोरी के दावे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट ने शनिवार शाम को सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यालय में पत्र भेजकर चोरी के दावे की जांच स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) से कराने का अनुरोध किया है।



### ट्रस्ट ने पहले कही थी आंतरिक जांच और आडिट की बात

राम मंदिर में दान पात्रों में दान की गई धनराशि चोरी मामले में लगातार हो रही फजीहत के बाद ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने चढ़ावे के रुपए की चोरी को लेकर रोज हो रहे नए प्रकरण पर अब विराम लगाने के क्रम में यह कदम उठाया है। इससे पहले ट्रस्ट की ओर से आंतरिक जांच और आडिट की बात कही जा रही थी। ट्रस्ट की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र भेजकर अनुरोध किया गया है कि दान पात्रों में धनराशि की चोरी से जुड़ी तमाम अफवाहों और दावों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया जाए। ट्रस्ट का कहना है कि एक उच्च स्तरीय एसआईटी जांच से न केवल इस पूरे प्रोपेगैंडा के पीछे छिपे चेहरों का पर्दाफाश होगा, बल्कि देश की जनता के सामने यह सच भी आ जाएगा।

ट्रस्ट का मानना है कि यह श्रीराम मंदिर की छवि और करोड़ों भक्तों की आस्था को ठेस पहुंचाने की एक गहरी साजिश है, जिसका पर्दाफाश होना बेहद जरूरी है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) विशेष जांच दल है। यह पुलिस या कानून प्रवर्तन अधिकारियों की एक विशेष और पेशेवर टीम होती है। जिसे किसी अत्यंत गंभीर, जटिल या संवेदनशील आपराधिक मामले की गहराई से जांच करने के लिए गठित किया जाता है।

**गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा**

# निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश गुणवत्ता के साथ समय से पूरे हों काम

एजेंसी ⏭ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एनेक्सी भवन में गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शासन तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से दोनों मंडलों में संचालित पुरानी व गतिमान परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि युद्धस्तर पर अभियान चलाकर सड़क निर्माण के कार्यों में तेजी लाई जाए और हर काम गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

उन्होंने मानसून (बरसात) से पहले की परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने और उन्हें समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव ने पिछले वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया। जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराएं कार्य

सीएम ने गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सड़क निर्माण में तेजी लाने व जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

### जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराएं



**मोहन सेतु की प्रगति की भी ली जानकारी**

मुख्यमंत्री ने देवरिया में निर्माणाधीन 'मोहन सेतु' के कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को कार्यस्थल का निरीक्षण करने और सेतु निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जो भी ठेकेदार 'बिलो टेंडर' ले रहे हैं, उन पर पैनी नजर रखी जाए और ऐसे लोगों को चिह्नित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर प्राथमिकता तय कर सड़कों का काम तत्काल शुरू कराया जाए, जिससे आम नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिल सके। जून के अंत तक सभी आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त कर ली जाएं और इसके तुरंत बाद शिलान्यास कराया जाए। सभी जरूरी संसाधनों की व्यवस्था करने के बाद ही कार्य प्रारंभ किया जाए, ताकि काम बीच में न रुके और समय से पूरा हो।

### श्रमिकों की सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम

सीएम ने कार्यों की प्रभावी निगरानी पर जोर देते हुए अधिकारियों से कहा कि वे मौके का मुआयना करें और तकनीक के माध्यम से ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने सेतु निगम के कार्यों में सुरक्षा मानकों पर विशेष जोर दिया। कहा कि कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए और उनके लिए सुरक्षा किट का इंतजाम रहे। सभी विभाग आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करें।

**आयुक्त व डीएम भी समय-समय पर करें समीक्षा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के मद्देनजर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर सड़कों का निर्माण कराएं। इसकी कार्ययोजना तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि समय से धनराशि स्वीकृत हो सके। साथ ही टेंडर प्रक्रिया भी समय से पूरी की जाए। कार्यों में गति लाने के लिए संबंधित कमिश्नर व जिलाधिकारी अपने-अपने स्तर पर नियमित बैठकें कर समीक्षा करें।

**27 में सपा-कांग्रेस के साथ पर बोले**

# दोनों पार्टियों की डबल तैयारी हो रही है... 806 विधानसभा

एजेंसी ⏭ आगरा

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने अगले साल 2027 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी और सपा के साथ को लेकर पूछे गए एक सवाल का बड़ा दिलचस्प जवाब दिया है। आगरा में आयोजित विजन इंडिया कार्यक्रम में अखिलेश से जब यह पूछा गया कि कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि उनकी पार्टी प्रदेश की सभी 403 सीटों पर तैयारी कर रही है तो अखिलेश ने कहा कि यदि कोई पार्टी 403 सीटों पर तैयारी कर रही और सपा भी 403 सीटों पर तैयारी कर रही है तो बताओ डबल तैयारी हो रही है कि नहीं? अखिलेश ने कहा कि यह डबल तैयारी हो रही है, 806 विधानसभा। सपा और कांग्रेस पार्टी 403 सीटों पर तैयारी कर रही है तो डबल तैयारी हो रही है। अब डबल तैयारी से भाजपा को हराना है।



### अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला

'छोटा कारोबार, कारोबारी क्यों हो रहा बर्बाद' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम को अखिलेश यादव ने मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित किया। अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 में सपा की सरकार आएगी और कहा कि तब व्यापारियों को काफी सहूलियत मिलेगी। सवाल-जवाब के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में सपा की सरकार बनी तो हम व्यापारियों के लिए इस तरह की योजनाएं लाएंगे की उन्हें व्यापार करने में आसानी हो। उनकी सरकार में व्यापारियों की सुरक्षा प्राथमिकता पर रहेगी।

**सांसद सुमन के परिवार को सांत्वना दी**

अखिलेश यादव आगरा पहुंचने के बाद सबसे पहले करीब दो बजे पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने सांसद सुमन के नाती की असमय मौत पर दुख जताया। दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देकर परिवार को सांत्वना दी।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल हुए 5.50 लाख अभ्यर्थी, गड़बड़ी में शामिल 7 गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ पटना

केंद्रीय चयन पर्षद की तरफ से सिपाही भर्ती का आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति के मुताबिक सिपाही भर्ती के लिए 4,236 पदों पर चयन हेतु प्रथम चरण में लिखित परीक्षा आयोजित की गई। इसके लिए राज्य के सभी जिलों में कुल 544 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा संपन्न कराई गई। यह परीक्षा दो पाली में आयोजित कराई गई। पहली पाली की परीक्षा 10 बजे से 12:00 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा 15 बजे से 17 बजे तक आयोजित की गई। जानकारी के मुताबिक इस परीक्षा में कुल 11,04,473 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड किए गए हैं, जबकि कुल 5,52,236 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया गया था। आज की परीक्षा में करीब 5.50 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई थी।

### परीक्षा केन्द्रों पर रही चाक-चौबंद व्यवस्था

जिला पदाधिकारियों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों के नेतृत्व में जिला स्तर पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्थाएं की गईं। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश से पहले सख्ती से जांच की गई। वहीं परीक्षा के दौरान सभी अभ्यर्थियों का बॉयोमेट्रिक विधि से अंगूठे का निशान, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराई गई।

## पेज एक का शेष

### भारत के 'डीएनए'...

सबका भला करे। भारत दुनिया में सोल्यूशन देने वाला सबसे बड़ा कंट्रीब्यूटर है। पीएम मोदी ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत और फ्रांस की दोस्ती को बहुत मजबूत बताया। पीएम मोदी ने बताया कि एआई और सैटेलाइट तकनीक से ग्रामीण इलाकों का विकास होगा। इसके साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी और इलेक्ट्रिक गाड़ियों से साफ-सुथरे विकास को बढ़ावा मिलेगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि स्टार्टअप्स को सिर्फ उनकी बाजार कीमत से नहीं, बल्कि इंसानी जिंदगी पर उनके अच्छे असर से आंका जाना चाहिए। उन्होंने दुनिया भर के निवेशकों को न्योता दिया कि वे भारत के साथ मिलकर ऐसी तकनीक बनाएं जो सुरक्षित, भरोसेमंद और पूरी मानवता के काम आने वाली हो।

### मेक इन इंडिया ...

संभावनाएं हैं। उन्होंने विशेष रूप से 'स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स' (एसएमआर) तकनीक का जिक्र किया और कहा कि इस नई तकनीक से क्लीन एनर्जी का लक्ष्य पाना काफी आसान हो जाएगा।

### पीएम मोदी का....

जी-7 शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। फ्रांस के बाद वे दो दिनों के लिए स्लोवाकिया के दौरे पर जाएंगे।

### 19 जून को ....

कांग्रेस द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर एक महीने तक सक्रिय रहेगा। यदि किसी युवा को ऑफर लेटर मिलने के बाद जॉइनिंग में कोई समस्या होती है, तो उसे इस हेल्पलाइन के जरिए दूर किया जाएगा। उदय भानु चिब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में बेरोजगारी और पेपर लीक का रिकॉर्ड बना है। 90 से ज्यादा पेपर लीक हो चुके हैं। छात्र सालों मेहनत करते हैं, लेकिन पेपर लीक हो जाता है। उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार हर मोर्चे पर नाकाम हो चुकी है। हाल ही में अमेरिकन नेवी ने समुद्री जहाज में तीन भारतीय लोगों की हत्या कर दी, लेकिन नरेंद्र मोदी ₹थैंक यू, थैंक यू अमेरिका कर रहे हैं।

चिब ने स्पष्ट किया कि हालांकि कांग्रेस केंद्र की सत्ता में नहीं है और वे कोई सरकारी नौकरी नहीं दे सकते, लेकिन एक समाधान खोजने वाली पार्टी होने के नाते वे निजी क्षेत्र के माध्यम से युवाओं को मौका दे रहे हैं। उन्होंने पिछले आयोजनों के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि दिल्ली में पिछले साल 18,000 पंजीकरण हुए थे, जिनमें से लगभग 7,000 युवाओं को रोजगार के अवसर मिले थे। वहीं जयपुर में 3,000 और पटना में करीब 10,000 युवाओं को रोजगार मिला। उन्होंने बताया कि कि इन आयोजनों में औसत चयन दर लगभग 30 प्रतिशत रही।वहीं दिल्ली कांग्रेस के संगठन महासचिव अनिल भारद्वाज ने कहा कि जो दिल्ली कभी देश भर के युवाओं के सपने पूरे करती थी, आज उसका खुद का नौजवान हताश है। भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार की नीतियों की वजह से रोजगार बढ़ने के बजाय घट रहे हैं। दिल्ली के हजारों लोगों को रोजगार देने वाला 50 साल पुराना कुटीर और लघु उद्योग का सिस्टम सरकार की गलत नीतियों के कारण चौपट हो चुका है। उन्होंने कहा कि देश और दिल्ली का युवा 45 साल की सबसे बड़ी बेरोजगारी से जूझ रहा है। बेरोजगारी के साथ महंगाई भी बढ़ रही है। इस माहौल में कांग्रेस की कोशिश है कि युवाओं को एक नई उम्मीद दी जाए। उन्होंने कहा कि पिछले साल पहले ही दिन करीब 3,500 युवाओं को मौके पर ही नौकरियां मिली थीं, इस बार यह आंकड़ा और बड़ा होगा।

### केंद्रीय स्वास्थ्य...

और संवेदनशील हो। उनका कहना था कि इन प्रयासों का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के लिए बेहतर और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करना है।

### होर्मुज खुलेगा...

की वापसी और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे संवेदनशील मुद्दों पर व्यापक सहमति बन गई है। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि अमेरिका के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) का अंतिम मसौदा लगभग तैयार है। इसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर सख्त नियंत्रण, होर्मुज को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए पूरी तरह खोलने और अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट जैसे अहम प्रावधान शामिल हैं। समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर के बाद दोनों पक्ष 60 दिनों के भीतर अंतिम और पूर्ण समझौते पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

**ईरान परमाणु यथास्थिति बनाए रखेगा:** दोनों देशों के बीच सबसे विवादास्पद मुद्दे पर भी समझौता हो गया है। ईरान ने लिखित आश्वासन दिया है कि वह न तो परमाणु हथियार विकसित करेगा और न ही उन्हें हासिल करने का कोई प्रयास करेगा। अंतिम समझौते तक ईरान परमाणु यथास्थिति बनाए रखेगा, यानी नया यूरेनियम संवर्धन नहीं करेगा, मौजूदा सुविधाओं का विस्तार नहीं करेगा और नए सेंट्रीफ्यूज स्थापित नहीं करेगा। ईरान अपने पास मौजूद अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम के भंडार को काफी हद तक कम करने पर भी सहमत हुआ है। इसकी सत्यापन योग्य प्रक्रिया पर 60 दिनों के अंदर चर्चा होगी। समझौते के बाद ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों के समर्थन में कमी लाएगा, जबकि अमेरिका ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की धमकी समाप्त करेगा।

### अंतिम समझौते...

को चरणबद्ध तरीके से रिहा करने पर भी राजी हो गया है। इसमें प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण, कतर-ओमान जैसे क्षेत्रीय देशों के माध्यम से सहयोग और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ऋण लाइनों का प्रावधान शामिल है।

### हिंदुस्तानी क्रू वाले ...

भारतीय क्रू सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस जहाज का संचालन भारतीय नाविकों के हाथों में था और यह अमेरिकी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में वहां से गुजर रहा था। ड्रोन हमले में जहाज के वाटर बैलास्ट टैंक और नंबर-2 पोर्ट कार्गो टैंक को नुकसान पहुंचा है, लेकिन इसके बावजूद जहाज सुरक्षित रूप से अपनी यात्रा पर आगे बढ़ गया। दरअसल, अमेरिका और ईरान की इस आपसी लड़ाई और समुद्री नाकेबंदी का खामियाजा बेकसूर भारतीय नाविकों को भुगतना पड़ रहा है। हाल ही में होर्मुज में तीन भारतीयों की मौत पर भारत ने कड़ा विरोध भी दर्ज कराया था, लेकिन इसके बाद भी हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

**खान सर को एक और झटका?**

# कोचिंग पर नोटिस चस्पा कर 3 को पुलिस ने किया तलब



एजेंसी ⏭ पटना

केस मुकदमे में फंसे कोचिंग गुरु फैसल खान उर्फ खान सर के कोचिंग सेंटर खान ग्लोबल स्टडीज से मैनेजर कन्हैया सिंह समेत तीन कर्मियों को पटना पुलिस ने नोटिस भेजकर तलब किया है। कोचिंग सेंटर पर नोटिस चस्पा करके तीनों को कदमकुआं थाने पर की गयी है। कोचिंग पर हमला, हंगामा और तोड़फोड़ के मामले में मैनेजर कन्हैया सिंह ने एफआईआर दर्ज कराया था। बार-बार बुलाने और रिमांडर देने पर भी वे पुलिस के पास नहीं जा रहे थे। रविवार को बजरिए नोटिस उन्हें थाने पर तलब किया गया है। खान ग्लोबल स्टडीज के 2 अन्य कर्मियों अजित कुमार और अंकित कुमार पांडे को भी पुलिस ने थाने पर तलब किया गया है।

तीनों के नाम से निकले नोटिस में कहा गया है कि कदमकुआं थाना कांड संख्या 410/26 में अनुसंधान के क्रम में पूछताछ के लिए आपका सहयोग नहीं मिल रहा है। पहले से मौखिक और लिखित रुप से सूचना देने पर भी आप लोग थाने पर केस सी जानकारी देने के लिए नहीं आ। कहा गया है कि आपकी उपस्थिति थाने में अनिवार्य है। थाने में उपस्थित होकर पूछताछ में सहयोग करें। निर्देश का पालन नहीं करने पर कार्वाई की चे यह भी कहा गया है कि यदि आप बिना उचित कारण के इस नोटिस का अनुपालन नहीं करते हैं तो आपके खिलाफ विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए आप स्वयं उतरदायी होंगे। चार बजे तक उन्हें थाने पर पहुंचने का निर्देश दिया गया था। जानकारी के अनुसार निर्धारित समय पर ये लोग नहीं पहुंचे थे।

**झारखंड राज्यसभा चुनाव**

# इंडिया ब्लॉक को मिला सीपीआई (एमएल) के 2 विधायक का समर्थन





एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड में राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान होने से पहले इंडिया ब्लॉक के लिए अच्छी खबर है। सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने रविवार को जानकारी दी कि उनकी पार्टी के दो विधायक 18 जून को होने वाले झारखंड राज्यसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के लिए मतदान करेंगे।

दीपांकर भट्टाचार्य ने इसके साथ यह भी कहा कि आगामी राज्यसभा चुनाव में भाजपा की निर्दलीय उम्मीदवार को समर्थन देने की 'चाल' नाकाम होगी।

दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा 'झारखंड राज्यसभा चुनाव में सीपीआई (एमएल) के वोट इंडिया ब्लॉक के पक्ष में दिए जाएंगे। हमारे दोनों विधायक इसी के तहत मतदान करेंगे। दो पोलिंग एजेंट भी नियुक्त कर दिए गए हैं। हमें उम्मीद है कि परिमल नथवानी को बतौर निर्दलीय उम्मीदवार समर्थन देने की भाजपा की चाल नाकाम हो जाएगी और विधायक उनके खिलाफ मतदान करेंगे।'

दो राज्यसभा सीटों के नतीजे भी 18 जून को आएंगे। झामुमो ने बैद्यनाथ राम को उम्मीदवार बनाया है तो कांग्रेस ने प्रणव झा पर दांव लगाया है।

**4 जवान रेफर बी-सैप कैंप में मचा हड़कंप**

# एक के बाद एक 11 ट्रेनी महिला सिपाही जमीन पर गिर गईं, अस्पताल में भर्ती कराया गया

एजेंसी ⏭ सासाराम

बिहार सशस्त्र सैन्य पुलिस बल दो के मैदान में चल रहे महिला सिपाहियों के प्रशिक्षण के दौरान उस समय अफरा तफरी मच गई, जब 16 किलोमीटर की दौड़ के दौरान एक-एक कर महिला प्रशिक्षु सिपाही गिर कर बेहोश होने लगीं। आनन फानन में सभी को इलाज के लिए डेहरी ऑन सोन स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कुछ को सदर अस्पताल सासाराम व जमुहार स्थित एनएमसीएच रेफर कर दिया गया, वही कुछ का अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि डेहरी के बी सैप दो के पुलिस ट्रेनिंग कैंप चल रही है। रविवार को 16 किलोमीटर रेस की ट्रेनिंग चल रही थी। इसी दौरान 11 प्रशिक्षु महिला सिपाही बेहोश हो गईं। सभी को इलाज के लिए पहले डेहरी के अनुमंडलीय अस्पताल में लाया गया। जहां से 4 महिला प्रशिक्षु सिपाहियों को गंभीर स्थिति में सासाराम रेफर किया गया है। वहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। तेज धूप उनके बीमार होने का कारण बताया जा रहा है।




### 16 किलोमीटर रेस में 11 सिपाही बेहोश

बीएसएपी-दो में इन दिनों नयी चयनित महिला जवानों का प्रशिक्षण चल रहा है। वहीं जिला पुलिस लाइन में पुरुष प्रशिक्षण सिपाहियों का प्रशिक्षण चल रहा है। पिछले सप्ताह भी 16 किलोमीटर की रेस के दौरान कई प्रशिक्षु पुरुष सिपाही बीमार हो गए थे। जिसमें से एक की इलाज के दौरान पटना एम्स में मौत भी हो गई थी। वही रविवार को फिर 16 किलोमीटर के दौड़ के ट्रेनिंग के दौरान 11 प्रशिक्षु महिला जवान बेहोश हो गईं।

### हीट वेव बताया जा रहा कारण

डॉक्टर की माने तो इसका कारण हीट वेव बताया जा रहा है। सुबह से तेज धूप तथा गर्मी में दौड़ के दौरान अचानक कई लड़कियां दौड़ते दौड़ते बेहोश होकर ट्रैक पर ही गिरने लगी। इसके बाद सभी बेहोश लड़कियों को इलाज के लिए डेहरी के अनुमंडलीय अस्पताल में लाया गया। सासाराम के सदर अस्पताल में बेहोश लड़कियों का इलाज करने वाले चिकित्सक चिकित्सक डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि हीट वेव के कारण बच्चियों बीमार हुई है। इन सभी को बेहतर इलाज के लिए सासाराम रेफर किया गया।



# ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार दृश्यम-3

**नई दिल्ली।** साउथ के बेहतरीन अभिनेता मोहनलाल की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम 3' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। जो लोग इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए हैं, उनके लिए एक खुशखबरी है। प्राइम वीडियो पर 'दृश्यम 3' को 18 जून को रिलीज होगी। भारत समेत 200 से अधिक देशों के दर्शक इस फिल्म का आनंद ले सकेंगे। मलयालम के अलावा यह फिल्म तेलुगु, तमिल और कन्नड़ भाषा में डब किए गए संस्करणों में भी उपलब्ध होगी। रिलीज के बाद से ही फिल्म 'दृश्यम 3' ने अच्छा कलेक्शन किया है।

लाइफ Style

# नोरा
## यहां तक पहुंचने के लिए जिंदगी भर मेहनत की

अभिनेत्री और बेहतरीन डांसर नोरा फतेही ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। उनका परफॉर्मेंस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। हाल ही में उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात की और शकीरा, बर्ना बॉय, केटी पेरी जैसे बड़े स्टार्स के साथ लाइन-अप का हिस्सा बनने पर भी चर्चा की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ओपनिंग सेरेमनी में अपने गाने 'सीर सीर' पर परफॉर्म करने के बारे में बात करते हुए नोरा ने बताया, 'इस अनुभव ने निश्चित रूप से एक आर्टिस्ट के तौर पर मुझे बेहतर बनाया है। यह एक सफर बेहतरीन रहा। जब मैं जनवरी में मोरक्को में एएफसीओएन मैच देख रही थी, तो मैंने हर गेम के दौरान स्टेडियम में लगभग 70,000 फैंस को 'सीर सीर' के नारे लगाते सुना और मैं हैरान रह गई। उस एनर्जी ने मुझे प्रोड्यूसर संजॉय से संपर्क करने और उनसे इस नारे का इस्तेमाल करके वर्ल्ड कप एंथम बनाने के लिए कहने के लिए प्रेरित किया।' इसके अलावा, दूसरे इंटरनेशनल स्टार्स के साथ लाइन-अप में शामिल होने के बारे में बात करते हुए बॉलीवुड एक्ट्रेस ने कहा, 'इतने बड़े मेनस्ट्रीम लाइन-अप का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक रहा है! मैं टोरंटो में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया, जबकि शकीरा और बर्ना बॉय ने मैक्सिको में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। मैंने इस लेवल तक पहुंचने और ऐसे स्टार्स के साथ मौके शेयर करने के लिए पूरी जिंदगी मेहनत की है।' उन्होंने आगे कहा, 'ऐसे प्लेटफॉर्म का हिस्सा बनना जो अलग-अलग कल्चर और स्टाइल को एक साथ लाता है, मुझे याद दिलाता है कि ग्लोबल कनेक्शन बनाने में संगीत कितना ताकतवर हो सकता है।



हॉलीवुड मसाला



# बेबी बंप के साथ दिखीं एलिजाबेथ

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में स्कारलेट विच का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री एलिजाबेथ ओल्सन अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। एलिजाबेथ ओल्सन को हाल ही में लॉस एंजिल्स के एक रेस्टोरेंट में देखा गया। उन्होंने सफेद बटन-डाउन शर्ट पहनी थी, जिसका निचला हिस्सा थोड़ा खुला था और उनका बेबी बंप साफ दिख रहा था। सड़क पर चलते हुए उन्हें अपना पेट पकड़े हुए देखा गया। अभिनेत्री एलिजाबेथ ओल्सन प्रेग्नेंट हैं और अपने म्यूजिशियन पति रॉबी अर्नेट के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं।



# टॉम के पोस्ट पर फराह ने लिखी दिल की ख्वाहिश...

**मुंबई।** कोरियोग्राफर, निर्देशक और व्लॉगर फराह खान हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज के लिए क्रेजी हैं। सुपरस्टार के लिए उनकी दीवानगी किस कदर है, इसका अंदाजा उनके हालिया कमेंट से लगाया जा सकता है। हुआ यह कि टॉम क्रूज ने हाल ही में स्टीवन स्पिलबर्ग की हालिया रिलीज फिल्म 'डिस्क्लोजर डे' को लेकर पोस्ट साझा किया है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि टॉम क्रूज के हाथो में स्पिलबर्ग का बस्ट (अर्ध प्रतिमा) है। इसे देख फराह खान ने अपनी ख्वाहिश जाहिर की है। उनकी तमन्ना है कि टॉम क्रूज के हाथों में लगी वह प्रतिमा काश कोरियोग्राफर की होती। फराह ने लिखा है, 'टॉम तुम बेस्ट हो! काश कि ऐसा होता, तुमने जो बस्ट थामा हुआ है, वह मैं होती'।



# चंदू चैंपियन की रिलीज को दो साल पूरे

**नई दिल्ली।** साल 2024 में 14 जून को फिल्म 'चंदू चैंपियन' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के लिए कार्तिक ने गजब का ट्रांसफॉर्मेशन किया था। उन्होंने करीब 18 किलो वजन कम किया था। फिल्म में उनके काम को सराहा भी गया। फिल्म की दूसरी सालगिरह पर कार्तिक ने एक पोस्ट शेयर किया है। कार्तिक आर्यन ने लिखा है, 'दो साल पहले, मैंने एक ऐसे इंसान की जिंदगी को जिया, जिसे दुनिया भूल चुकी थी और उसने मुझे उन सभी चीजों की याद दिलाई जिन पर मैं यकीन करता था। मुझे पक्का नहीं पता कि मैं इसे पूरी तरह शब्दों में बयां कर पाया हूं या नहीं, लेकिन मैं कोशिश जरूर करूंगा। यह फिल्म सिर्फ एक ऐसे आदमी के बारे में नहीं है, जिसने हार मानने से इनकार कर दिया, बल्कि यह उन जख्मों के बारे में है जो मेडल बन जाते हैं।



# लेदर जैकेट लुक में नजर आए भाईजान...

**मुंबई।** लगान के 25 साल पूरे होने पर इस फिल्म को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज किया गया। इस दौरान आमिर के अच्छे दोस्त और अभिनेता सलमान खान ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सलमान खान का नया लुक देखकर आमिर और करीना के अलावा फैंस भी दंग रह गए हैं। सलमान खान इस इवेंट में छोटे बाल और हल्की ट्रिम की हुई दाढ़ी में नजर आए। इस नए लुक में वे बेहद फिट और हैंडसम लग रहे हैं। सलमान के नए लुक को देखकर फैंस पूछ रहे हैं कि क्या भाईजान का यह नया लुक निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की फिल्म 'एसवीसी63' के लिए है? वहीं, इवेंट के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसी में एक वीडियो है, जिसमें निखत खान और रेखा को एक-दूसरे से मुलाकात करते देखा जा सकता है। एक वीडियो सामने आया है।

टीवी मसाला




# अनिल लेकर आ रहे हैं रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%'

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस अपने टेलीविजन दर्शकों के लिए एक नया और अलग अनुभव लेकर आ रहा है। चैनल अपना नया रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%' पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। यह शो प्रतिभागियों की समझ, तर्कशक्ति, नजरिए और तेजी से फैसले लेने की क्षमता को परखने वाला एक रोमांचक मुकाबला होगा। आज के दौर में जहां हर तरफ जानकारी की भरमार है, 'इंडिया के टॉप 1%' एक अलग सवाल पूछता है- क्या आप अपनी सोच और समझ के दम पर सबसे आगे निकल सकते हैं? यह शो पारंपरिक क्विज कार्यक्रमों से बिल्कुल अलग है, जहां सिर्फ याद की हुई जानकारी या किताबों का ज्ञान मायने नहीं रखता। इस नए फॉर्मेट में तर्कशक्ति, सामान्य समझ, तेज सोच और दबाव में सही फैसला लेने की क्षमता को सबसे अधिक महत्व दिया जाएगा. शो में आने वाली हर चुनौती इस बात की परीक्षा होगी कि प्रतिभागी जानकारी को कितनी जल्दी समझते हैं, पैटर्न को कैसे पहचानते हैं, समस्याओं का समाधान कैसे निकालते हैं और अहम समय पर कितनी तेजी से सही निर्णय लेते हैं। जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ेगा, चुनौतियां भी कठिन होती जाएंगी और सबसे तेज दिमाग वाले प्रतिभागी ही अंत तक टिक पाएंगे। सभी का लक्ष्य एक ही होगा- भारत के टॉप 1% सोचने-समझने वाले लोगों में अपनी जगह बनाना। शो के बारे में बात करते हुए, अनिल कपूर ने कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत ऐसे लोगों का देश है, जिनकी समझ, नजर और व्यवहारिक बुद्धिमत्ता कमाल की होती है। हमारे देश की किसी भी गली या मोहल्ले में चले जाइए, आपको ऐसे लोग मिल जाएंगे जो अपनी सूझबूझ से बड़ी से बड़ी समस्या का हल निकाल लेते हैं। इसकी वजह सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन के अनुभव होते हैं।

## 38 की उम्र में मां बनीं सुरभि

**नई दिल्ली।** टेलीविजन अभिनेत्री सुरभि ज्योति 38 की उम्र में मां बन गई हैं। सुरभि ने 13 जून को एक प्यारी बेटी को जन्म दिया, जिसकी खुशखबरी



उन्होंने आज सोशल मीडिया पर शेयर की है। सुरभि ज्योति ने आज इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर कर अपनी बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की है। इस पोस्ट पर लिखा है- 'यह लड़की है'। इसके साथ ही तारीख लिखी है 13 जून, 2026। इस पोस्ट पर एक हल्के गुलाबी फूल के साथ एक कली की तस्वीर लगी हुई है। साथ ही लिखा लव सुरभि और सुमित। सुरभि ज्योति ने इस खास पोस्ट के साथ इंस्टाग्राम पर कैप्शन लिखा, 'हमारी बेटी आ गई है।' सुरभि ने आगे लिखा, 'हमारा दिल प्यार और कृतज्ञता से भर गया है।' सुरभि को कई सेलेब्स ने मां बनने की बधाई दी है। आशका गोराडिया ने लिखा, 'बधाई हो', किश्वर मर्चेंट ने लिखा, 'वाह, बधाई हो', शालीन मल्होत्रा ने लिखा, 'भगवान आपको आशीर्वाद दें', सिमर कौर ने लिखा, 'ओएमजी' इसी के साथ उन्होंने कई लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए।

# कॉकटेल 2 को मिला ए सर्टिफिकेट 19 जून को होगी रिलीज

**मुंबई।** शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन की अदाकारी वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को रिलीज होने वाली है। जब से इस फिल्म का एलान हुआ है, तब से दर्शकों के बीच इसे लेकर काफी चर्चा है। फिल्म का नाम, गाने, नए चेहरे और इसका युवा अंदाज लोगों को उत्साहित कर रहा है। फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से हरी झंडी मिल गई है। 'कॉकटेल 2' को सीबीएफसी ने 'ए' सर्टिफिकेट दिया है। इसका मतलब है कि इसे सिर्फ वयस्क लोग ही देख सकते हैं। फिल्म काफी लंबी भी है। इसका कुल रनटाइम 150 मिनट है, यानी 2 घंटे 30 मिनट। इसकी एडवांस बुकिंग 14 जून की आधी रात को शुरू हुई है। 'कॉकटेल 2' तीनों मुख्य कलाकारों के लिए अलग-अलग तरह से खास फिल्म है। कृति के लिए, यह उनके 12 साल के कॅरियर में पहली बार है, जब वह किसी एडल्ट-रेटेड फिल्म का हिस्सा बनी हैं। वहीं, रश्मिका पहले भी ऐसी एक फिल्म कर चुकी हैं। वह एनिमल (2023) में नजर आई थीं। इसे भी ए सर्टिफिकेट मिला था। शाहिद के लिए एडल्ट-रेटेड फिल्में कोई नई बात नहीं हैं।



कमीने (2009), उड़ता पंजाब (2016), कबीर सिंह (2019) और ओ'रोमियो (2026) के बाद यह उनकी पांचवीं ऐसी फिल्म होगी। फ्रेंचाइजी 'कॉकटेल' का पहला भाग 2012 में रिलीज हुआ था। इसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी ने काम किया था। डायना ने इसी फिल्म से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। 'कॉकटेल 2' की तरह ही, ओरिजिनल फिल्म को भी होमी अदजानिया ने डायरेक्ट किया था। दोनों फिल्मों के बीच एक मुख्य अंतर है। सीक्वल के उलट पहले भाग को सीबीएफसी से यू/ए सर्टिफिकेट मिला था, जिसका मतलब है कि यह सभी तरह के दर्शकों के लिए थी।

# लता का वो दर्द भरा गीत, 61 साल पहले बना था लड़कियों के टूटे दिल की आवाज

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ गायिका के तौर पर लता मंगेशकर को जाना जाता है। बेशक आज लता दीदी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने कई ऐसे बेहतरीन गीत गाए थे, जो अब भी यादगार माने जाते हैं। इसी आधार पर हम आपको लता मंगेशकर के एक ऐसे ही कल्ट सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 61 साल पहले लड़कियों के टूटे दिल की आवाज बना था। बतौर गायिका लता मंगेशकर ने हर किस्म के गीतों को अपनी आवाज दी थी। रोमांटिक हो या फिर मस्तीभरा कोई गाना, लता दीदी की आवाज हर गाने में एक दम फिट बैठती थी। लेकिन, जब बात दर्द भरे नगमों की होती थी तो लता मंगेशकर ने उसमें अपना सौ प्रतिशत दे देती थी और



गाने को इस तरह से गाती थीं कि सुनने वाले की आंखें भर आएं। एक ऐसा ही गीत लता मंगेशकर ने साल 1965 में आई अभिनेता राजेंद्र कुमार और अभिनेत्री साधना की फिल्म आरजू के लिए गाया था, जिसके बोल थे- बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन याद करता है।

## साधना पर फिल्माया गया ये सैड सॉन्ग

एक्ट्रेस साधना पर फिल्माया गया ये सैड सॉन्ग आज भी लड़कियों का फेवरेट माना जाता है और जब भी किसी का ब्रेकअप होता है तो लता का ये गीत उनकी प्लेलिस्ट में जरूर सुनने मिल जाता है। फिल्म आरजू के बेदर्दी बालमा तुझको... हिंदी सिनेमा के कालजयी सैड सॉन्ग में से एक है। यही कारण है कि रिलीज के करीब 6 दशक बाद भी इसे श्रोता सुनना पसंद करते हैं और एक कल्ट गीत के तौर पर पहचानते हैं। सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि बात की जाए लता मंगेशकर द्वारा गाए गए सबसे बेहतरीन सैड सॉन्ग्स के बारे में तो अभिनेत्री साधना का बेदर्दी बालमा तुझको.. गीत उसमें जरूर शामिल होगा। इस गीत को संगीतकार शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने तैयार किया था, जबकि लिरिक्स हसरत जयपुरी की कलम द्वारा लिखे गए थे।

## छोटे पर्दे से सफर शुरू कर बड़े पर्दे पर जमाए पांव

# इन फिल्मों में नजर आई थी सुशांत की दमदार अदाकारी

*नई दिल्ली। लोकप्रिय अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे पढ़ाई में अव्वल थे। डांस का उन्हें जुनून था। विज्ञान में दिलचस्पी रखते थे। मगर, प्यार उन्हें अभिनय से हुआ। छोटे पर्दे से सफर शुरू करते हुए उन्होंने बड़े पर्दे पर पांव जमाए। उनका दौर शुरू ही हुआ था कि जिंदगी खत्म हो गई।*

### काय पो चे (2013)

टीवी के कुछ लोकप्रिय धारावाहिकों में काम करने के बाद, इस फिल्म से सुशांत ने हिंदी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत की। तीन युवाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई इस फिल्म में ईशान के रूप में सुशांत का किरदार खेलों में रुझान रखने वाले एक युवा का है। उसे राजनीति, व्यापार आदि में कोई दिलचस्पी नहीं है लेकिन एक वक्त ऐसा आता है जब ईशान जाने अनजाने में सब कुछ कर जाता है। इस फिल्म के साथ सुशांत अपनी पहली ही परीक्षा में सफल हुए और फिल्म में शानदार अभिनय के लिए उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट डेब्यू के लिए नामित किया गया।

### शुद्ध देसी रोमांस (2013)

इस दूसरी फिल्म में सुशांत को एक रोमांटिक नौजवान के रूप में देखा गया। फिल्म के शीर्षक के अनुसार सुशांत सिंह राजपूत इस फिल्म में दो अभिनेत्रियों (वाणी कपूर और परिणीति चोपड़ा) के साथ पूरे रोमांटिक व्यक्ति लगे। पर्दे पर जिन दृश्यों को करने में अभिनेताओं को थोड़ी झिझक होती है उन दृश्यों को रघु के किरदार में सुशांत ने बेझिझक किया। इस देसी रोमांटिक कहानी में रघु को युवाओं ने बहुत पसंद किया।



**केदारनाथ (2018)** : केदारनाथ में आई प्राकृतिक आपदा को केंद्र में रखकर बनाई गई इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत शुद्ध भाव से तीर्थ यात्रियों की सेवा करने वाले एक मुस्लिम युवक मंसूर खान के रूप में नजर आए। खालिस ब्राह्मण की लड़की (सारा अली खान) के साथ मोहब्बत करने से मंसूर की दिक्कतें बढ़ती हैं और उसे ब्राह्मणों के कोप का शिकार होना पड़ता है। मंसूर एक साहसी, ईमानदार और चरित्र का साफ शख्स है, जो आपदा आने पर बिना भेदभाव के सभी की मदद करता है।

### डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी (2015)

फिल्म 'डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी' में सुशांत ने शानदार अभिनय किया। वे ब्योमकेश बक्शी के किरदार में नजर आए थे। इस फिल्म में सुशांत के साथ आनंद तिवारी और स्वस्तिका मुखर्जी भी मुख्य भूमिका में थे। IMDb पर इसे 7.6 की रेटिंग मिली है। आप 'डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी' को प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**छिछोरे (2019)** : पिछले साल ही रिलीज हुई फिल्म छिछोरे में अपने पांच दोस्तों के साथ मिलकर अन्नी के रूप में सुशांत अपने बेटे को एक सबक सिखाने के लिए पूरी फिल्म की कहानी रचते हैं। अपने स्कूल और कॉलेज के दिनों का उदाहरण देकर अन्नी अपने बच्चे को बताता है कि जिंदगी में असफल होने के बाद भी बहुत कुछ होता है। हम फिर से कोशिश कर सकते हैं। कहानी के आधार पर समीक्षकों की सराहना से परिपूर्ण इस फिल्म में सुशांत ने शानदार अभिनय का प्रदर्शन किया।

**सोन चिड़िया (2019 )** : 'सोन चिड़िया' फिल्म में सुशांत के साथ मनोज बाजपेयी और भूमि पेडनेकर भी मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत की एक्टिंग ने सबका दिल जीता। वे लखना नाम के बागी (डकैत) की भूमिका में थे। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया। बता दें कि सुशांत की आखिरी फिल्म थी 'दिल बेचारा' थी, जो उनके निधन के बाद साल 2020 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म थिएटर में नहीं आई, बल्कि जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई थी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने निगम मुख्यालय का अवलोकन कर की प्रशंसा, कहा-आधुनिक युग में नई तकनीक का उपयोग कर बेहतर जनसुविधा के कार्य करें और भोपाल को स्वच्छता में नंबर-1 बनाएं

# ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर बना निगम मुख्यालय अटल भवन इन्वायरमेंट फ्रेंडली, सस्टेनेबल फ्रेंडली भवनः केंद्रीय मंत्री प्रधान

## नए भवन को बताया आधुनिक भारत का प्रत्यक्ष साक्षी, केंद्रीय मंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं स्वसहायता समूह की बहनों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल का नवीन मुख्यालय अटल भवन अपनी विभिन्न तकनीकी खूबियों के कारण आधुनिक भारत का प्रत्यक्ष साक्षी है और यहां से स्वच्छता एवं जनसुविधा व विकास योजनाओं को संचालित कर भोपाल को और अधिक सुंदर बनाया जा सकता है।

ग्रीन बिल्डिंग कान्सेप्ट पर अपना मुख्यालय भवन बनाया है वह इंवायरमेंटल फ्रेंडली, सस्टेनेबल फ्रेंडली भवन है और यहां बिजली की भी कम खपत होगी और एयरकंडीशन का भार भी कम पड़ेगा। यह बात केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को नवीन मुख्यालय अटल भवन का महापौर मालती राय एवं निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा कराए गए अवलोकन के दौरान कही। उन्होंने नवीन भवन के विभिन्न स्थानों एवं नगर जनसुविधा केन्द्र का अवलोकन किया और ग्रीन बिल्डिंग कान्सेप्ट पर बने इस भवन की सराहना भी की। इससे पहले अटल भवन पहुंचने पर महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने श्री प्रधान का स्वागत किया। केन्द्रीय मंत्री ने अटल भवन एवं यहां जनसुविधा हेतु संचालित नगर जनसेवा केन्द्र का अवलोकन भी किया और यहां की कार्य पद्धति के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, स्वसहायता समूह की बहनों एवं निगम अधिकारियों के साथ संवाद किया और भवन में लगाए गए नेशनल वाटर कूलर की सराहना करते हुए कहा कि निगम के जनप्रतिनिधि आधुनिक युग में नवीन तकनीक का उपयोग कर बेहतर जनसुविधा के कार्य करें और भोपाल को स्वच्छता में नंबर-1 बनाएं। इस मौके पर महापौर ने निगम की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। इस दौरान सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी के अलावा महापौर परिषद के सदस्य, जोन अध्यक्ष, पार्षद तथा स्वसहायता समूह की बहनें व निगम अधिकारी मौजूद थे।



### शहर के लोगों में है पॉजीटिव एनर्जी

*प्रधान ने कहा कि भोपाल अत्यंत सुंदर और स्वच्छ शहर है साथ ही यहां के लोगों में पाजीटिव एनर्जी भी है। इससे तय है कि भोपाल दुनिया के सुंदर शहरों में शामिल होगा।*

### स्वसहायता समूह की बहनों में कौशल की कमी नहीं

*प्रधान ने शनिवार को सुबह स्वसहायता समूह की सदस्यों से आत्मनिर्भर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत हुई भेंट एवं चर्चा का जिक्र करते हुए कहा कि भोपाल में स्वसहायता समूह की बहनों में कौशल की कमी नहीं है और इनके द्वारा बनाए गए उत्पाद भी बहुत अच्छे हैं।*

### महापौर और आयुक्त की भी प्रशंसा की

*प्रधान ने महापौर मालती राय एवं निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा स्वसहायता समूहों को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे कामों की प्रशंसा करते हुए कहा कि महापौर एवं निगम आयुक्त स्वसहायता समूह की बहनों की मदद करें और इग्नू के अधिकारियों से समन्वय कर इन्हें शिक्षा व आधुनिक तकनीक का ज्ञान उपलब्ध कराए। प्रधान ने कहा कि मुझे आशा है कि इन बहनों में से कई बहनें लखपति-करोड़पति भी बन सकती हैं और भोपाल महिला आधारित उत्पादों का केन्द्र भी बन सकता है।*

## खबर संक्षेप

### रेलवे कोच फैक्ट्री में प्रतियोगिताओं का प्रथम चरण पूर्ण

**भोपाल।** राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने तथा कर्मचारियों में हिंदी में कार्य करने की रुचि विकसित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली त्रिस्तरीय हिंदी प्रतियोगिताओं के अंतर्गत सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, निशातपुरा, भोपाल में तीन दिवसीय अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताएं के प्रथम दौर का सफल आयोजन किया गया। मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाड़े के संरक्षण में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में कारखाना के तकनीकी एवं गैर-तकनीकी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए, राजभाषा हिंदी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और दक्षता का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं के प्रथम दिवस राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में सोशल मीडिया की भूमिका विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने विचारों को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया।

### एनसीटीई पाठ्यक्रमों के पहले चरण में कॉलेज आवंटन जारी

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के तहत एनसीटीई पाठ्यक्रमों (बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एम.पी.एड. आदि) के पहले चरण का महाविद्यालय आवंटन जारी कर दिया गया है। आवंटित अभ्यर्थियों को प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए 15 जून 2026 तक निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 64 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 59,113 आवेदनों का सत्यापन किया गया। पहले चरण में 32,918 अभ्यर्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए हैं।

### 16 जून से ही खुलेंगे स्कूल, 1 जुलाई से खुलने की खबर भ्रामक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के छात्र और पालकगण के लिए यह विशेष खबर है कि 16 जून से ही स्कूल खुलेंगे। एक जुलाई से शुरू होने की सूचना है फर्जी और भ्रामक है। संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ की ओर से जारी आदेश के अनुसार, राज्य की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का विधिवत संचालन 16 जून 2026 यानी मंगलवार से शुरू किया जाएगा। इस संबंध में सोशल मीडिया पर वायरल की जा रही सूचना कि शैक्षणिक सत्र एक जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा जो कि पूरी तरह से असत्य, भ्रामक, तथ्यों से परे और फर्जी है। लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि विद्यालयों के संचालन की अधिकृत तिथि 16 जून 2026 ही है। ऐसे में विद्यार्थियों, अभिभावकों और आम नागरिकों से अपील की जाती है कि वे केवल विभाग की ओर से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

### सारंग ने विद्यार्थियों से किया संवाद

**भोपाल।** सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने पीएम मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और विकास के स्वर्णिम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे शिक्षण संस्थान संवाद के तहत शासकीय महाविद्यालय नरेला में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की।

बावड़ियाकलां में देवकीनंदन ठाकुर की श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ

# मनुष्य को धर्म, भक्ति, वैराग्य, ज्ञान का मार्ग दिखाती है भागवत कथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी देवकीनंदन ठाकुर महाराज की शनिवार से रुद्राक्ष किंग्स्टन, बावड़ियाकलां में श्रीमद् भागवत कथा शुरू हुई। पहले दिन देवकीनंदन महाराज ने श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान कलयुग के लोगों का कल्याण श्रीमद्भागवत से ही होगा। कलियुग में मनुष्य अनेक प्रकार की मोह-माया और अशांति से घिरा हुआ है।

ऐसे समय में श्रीमद्भागवत कथा ही वह दिव्य साधन है जो मनुष्य के जीवन को सही दिशा प्रदान कर सकता है। भागवत कथा के श्रवण से हृदय में भगवान के प्रति प्रेम जागृत होता है, मन के विकार दूर होते हैं और जीवन में आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। जो व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ भागवत कथा का श्रवण करता है, उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने लगते हैं। कथा मनुष्य को धर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का मार्ग दिखाती है तथा उसे ईश्वर से जोड़ने का कार्य करती है। कथा शुरू करने से पहले महाराज श्री कथा में प्रवेश करने का नियम बताते हुए कहा नो तिलक, नो एंट्री, यानी बिना तिलक के कथा पंडाल में एंट्री नहीं दी जाएगी। महाराज श्री ने बताया कि बिना तिलक के कोई पूजा भगवान स्वीकार नहीं करते है। भक्त कथा श्रवण के लिए पधारें, वे तिलक लगाकर ही आएं, ताकि कोई विधर्मी कथा में प्रवेश न करे।

### अधिक मास में किया गया सत्कर्म का फल कई गुना अधिक



*देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने कहा कि अधिक मास में किए गए दान-पुण्य अनंत काल तक फल देते हैं। अधिक मास में प्रत्येक सत्कर्म का फल कई गुना अधिक प्राप्त होता है। इस पावन मास में किया गया दान, जप, तप, व्रत और सेवा कार्य न केवल इस जीवन में सुख-शांति प्रदान करता है, बल्कि इसे अनंत काल तक पुण्यफल देने वाला बताया गया है। अधिक मास में अन्नदान, वस्त्रदान, गौ-सेवा, जल सेवा, मंदिर निर्माण या किसी भी प्रकार की जरूरतमंदों की सहायता करने से व्यक्ति के पापों का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।*

### 70 किलो फूलों से भगवान संग खेली होली



*इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में अधिक मास महोत्सव के अंतिम दिनों में ब्रज की पारंपरिक होली का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिरस, उत्साह और रंगों की छटा से सराबोर हो उठा। इस दौरान करीब 70 किलो पुष्पों से पुष्प होली खेली गई। पुष्पों की वर्षा के बीच संपूर्ण वातावरण ब्रज की होली की अनुभूति कराने लगा। उपस्थित रसिक भक्तों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम, सौहार्द और भक्ति का संदेश दिया। रंग, गुलाल, पुष्पों की सुगंध और होली के रसिक पदों से मंदिर परिसर ब्रजधाम की अनुपम छटा से आलोकित हो उठा। श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर आज ब्रज में होरी रे रसिया जैसे होली पदों का सामूहिक गायन किया और ठाकुर जी के साथ होली उत्सव का आनंद लिया। उत्सव का प्रमुख आकर्षण श्री राधावल्लभ लाल के अद्भुत युगल स्वरूप के दर्शन रहे। इस विशेष श्रृंगार में ठाकुर जी आधे भाग में स्वयं और आधे भाग में श्री राधारानी के स्वरूप में विराजमान थे, जिससे भक्तों को राधा-कृष्ण के अभिन्न प्रेम स्वरूप के दिव्य दर्शन प्राप्त हुए।*

### प्रभु श्रीनाथजी को ब्रज रीत अनुसार हाट दुकान में किया विराजमान

*प्रभु श्रीनाथजी का शनिवार को चंदन ही रंग के वस्त्र के साथ सर पर टिपारा एवं मोतियों के आभूषण से श्रृंगार किया। अधिक मास पर आज सबसे आलौकिक उत्सव हुआ। श्री गोकुल बाजार जिसमें प्रभु श्रीनाथजी ब्रज की रीत अनुसार हटरी में विराजमान हुए, हटरी यानी हाट दुकान के रूप जिसमें प्रभु विराजमान होकर समान बेच रहे है। इस बाजार में गोकुल के बाजार के रूप में अलग-अलग दुकान बनाई गई। ऐसे फूल, पान की, सिंगर की कपड़े, साड़ी, खिलौने, सोने चांदी की चूड़ी की अनेक प्रकार की दुकान इस बाजार में सजाई गई। यह बाजार को देखने बहुत संख्या में वैष्णव जन आए।*

लुधियाना में विधवा सहायता समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री सैनी

# राष्ट्रसेवा और अंत्योदय की विरासत को आगे बढ़ा रही सामाजिक संस्थाएं : नायब



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसी भी समाज की महानता उसकी आर्थिक समृद्धि से नहीं, बल्कि कमजोर, असहाय और जरूरतमंद लोगों के प्रति उसके व्यवहार से आंकी जाती है। जो समाज वंचित और जरूरतमंद वर्ग की चिंता करता है, वही वास्तव में प्रगतिशील और संवेदनशील कहलाता है। मुख्यमंत्री रविवार को पंजाब के लुधियाना स्थित ज्ञान स्थल मंदिर में आयोजित 346वें मासिक विधवा राशन एवं सहायता वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने ज्ञान स्थल मंदिर सेवा सोसाइटी को 11 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की।

### महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। प्रदेश में विधवा महिलाओं को 3,200 रुपये मासिक पेंशन दी जा रही है। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं को 2,100 रुपये प्रतिमाह सहायता प्रदान की जा रही है, जबकि हर घर-हर गृहिणी योजना के अंतर्गत 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, लखपति दीदी अभियान, स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा व शिक्षा से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। प्रदेश में 81 नए कॉलेज खोले गए हैं, जिनमें 31 कॉलेज विशेष रूप से छात्राओं के लिए स्थापित किए गए हैं। राज्य सरकार बेटियों को स्नातकोत्तर स्तर तक निःशुल्क शिक्षा भी उपलब्ध करा रही है। इस मौके पर पंजाब के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# पतंजलि ने किया शंखनाद : प्रशासनिक नेतृत्व निर्माण के लिए पतंजलि सिविल सेवा अकादमी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार



पतंजलि ने भारतीय संस्कृति, आधुनिक विज्ञान और राष्ट्रसेवा की भावना से ओत-प्रोत आईएएस, आईपीएस एवं अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के निर्माण के उद्देश्य से पतंजलि सिविल सेवा अकादमी के शुभारंभ (शंखनाद) की घोषणा की है। यह अभिनव पहल प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक प्रशासनिक आवश्यकताओं के समन्वय द्वारा भारत की प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा प्रदान करेगी। अकादमी का उद्देश्य केवल सफल प्रशासनिक अधिकारियों का निर्माण करना ही नहीं, बल्कि ऐसे राष्ट्रनिष्ठ नागरिक तैयार करना भी है जो भारत माता की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानें। इस दिशा में अकादमी एक करोड़ समर्पित नागरिकों के निर्माण का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। योगऋषि स्वामी रामदेव जी ने इस अकादमी को शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और युगांतकारी योगदान बताते हुए कहा कि भारत संविधान से संचालित होता है, लेकिन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन का आधार अधिकारियों का चरित्र होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संसार का सबसे बड़ा रचनात्मक कार्य है क्योंकि यह व्यक्ति के मन, चरित्र और नेतृत्व का निर्माण करती है। अकादमी में "त्रि-शिक्षा" मॉडल अपनाया जाएगा, जिसमें आध्यात्मिक ज्ञान, प्रशासनिक उत्कृष्टता और शैक्षणिक कठोरता का समन्वय होगा।

कई इलाकों में बादल छाने गरज-चमक और हल्की बारिश की गतिविधियां जारी

# दक्षिण-पश्चिम राज्य की सीमा के करीब पहुंचा मानसून बस्तर क्षेत्र से एक-दो दिन के भीतर एंट्री की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसून का इंतजार अब अंतिम दौर में पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून राज्य की सीमा के करीब पहुंच चुका है और अनुकूल परिस्थितियों के चलते अगले एक-दो दिनों में बस्तर क्षेत्र से इसकी एंट्री होने की संभावना है।

हालांकि पिछले तीन दिनों से मानसून की रफ्तार धीमी पड़ी हुई है, जिससे प्रदेश में गर्मी का असर फिर बढ़ने लगा है। प्री-मानसून गतिविधियों में कमी आने के कारण बीते 24 घंटों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके बावजूद कई इलाकों में



बादल छाने, गरज-चमक और हल्की बारिश की गतिविधियां जारी रहीं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, एक सक्रिय द्रोणिका मध्य पाकिस्तान से राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल होते हुए बांग्लादेश तक फैली हुई है। इसी सिस्टम के प्रभाव से प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में मौसम लगातार बदलाव दिखा रहा है।

### कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों के लिए अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके साथ ही गरज-चमक, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। अगले दो दिनों तक भी इसी तरह का मौसम बने रहने के संकेत हैं। राजधानी रायपुर में रविवार को बादलों की आवाजाही बनी रहने के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार शहर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में राजनांदगांव प्रदेश का सबसे गर्म क्षेत्र रहा, जहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पेंड्रारोड में न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा। बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें तो कुसमी में सबसे अधिक 5 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा ओरछा में 4 सेंटीमीटर, पिपरिया में 3 सेंटीमीटर तथा बड़े बचेली और थानखमरिया में 2-2 सेंटीमीटर बारिश हुई। भैरमगढ़, माकड़ी, ओडगी, पंधरिया और बोड़ला में भी हल्की वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग का मानना है कि मानसून के प्रदेश में प्रवेश करते ही बारिश की गतिविधियों में तेजी आएगी और तापमान में गिरावट दर्ज होगी।

नगरीय प्रशासन व्यवस्था को प्रभावी बनाने उठाया कदम

# 15 नगर पालिकाओं में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय प्रशासन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने व्यापक प्रशासनिक बदलाव किए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत प्रदेश की 15 नगर पालिकाओं में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों का तबादला किया गया है। इसके साथ ही निलंबित अधिकारियों की बहाली और नई पदस्थापनाओं से जुड़ा आदेश भी जारी किया गया है। विभाग के मुताबिक यह कदम नगरीय निकायों में प्रशासनिक कार्यों को गति देने, विकास योजनाओं के बेहतर संचालन और व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### सहायक राजस्व अधिकारी को भी सौंपी नई जिम्मेदारी

विभाग ने अपने आदेश में कहा है कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ जारी जांच प्रक्रिया को प्रभावित किए बिना प्रशासनिक जरूरतों के अनुसार पदस्थापना की गई है। जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। नगरीय प्रशासन विभाग ने एक सहायक राजस्व अधिकारी को भी निलंबन से बहाल करते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी है। विभाग का मानना है कि अनुभवी अधिकारियों की सेवाओं का उपयोग कर स्थानीय निकायों में प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुचारु बनाया जा सकेगा।

### निलंबित सीएमओ को बहाल कर दी नई पदस्थापना

ताजा आदेश में निलंबित चल रहे सीएमओ किरण पटेल को बहाल कर नई पदस्थापना दी गई है। उन्हें जांजगीर-चांपा जिले की नगर पंचायत बम्हनीडीह में अस्थायी रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि विभाग ने स्पष्ट किया है कि उनके खिलाफ चल रही विभागीय जांच यथावत जारी रहेगी। जांच पूरी होने और रिपोर्ट आने के बाद निलंबन अवधि से संबंधित अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## बीएमएचआरसी में सर्पदंश पर व्याख्यानमाला का आयोजन

# 80 प्रतिशत मृत्यु सर्प के जहर से नहीं होती, बल्कि सर्पदंश के भय से हो जाती है: डॉ. ललित कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईसीएमआर-बीएमएचआरसी में शनिवार को अस्पताल संक्रमण नियंत्रण टीम द्वारा सर्पदंश पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. ललित कुमार, विभागाध्यक्ष पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के द्वारा सर्पदंश के उपरांत प्राथमिक उपचार एवं देखभाल पर व्याख्यान दिया गया। उन्होने बताया कि सांपों की कुल प्रजातियां 300 प्रकार की होती हैं, जिनमें से 50 प्रजातियों के सांप ही जहरीले होते हैं, उनमें से भी चार



प्रकार के विषैले सर्पदंश के मामले होते है। चार प्रकार की प्रजातियों में कोबरा, कॉमन क्रैत, रसेल और सॉ-स्केल्ड वाइपर सांपों से ही ज्यादातर सर्पदंश होता है। इन जहरीले सर्पों के काटने से न्यूरोटॉक्सिक, हीमोटॉक्सिक एवं मायोटोक्सिक प्रभाव देखने को मिलता है। सर्पदंश के लगभग 80 प्रतिशत मामलों में प्रभावित व्यक्ति की मृत्यु सर्प के जहर से नहीं होती बल्कि सर्पदंश के भय से ही हो जाती है। डॉ. ललित ने जानकारी दी कि सर्पदंश के मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। इससे बचाव के लिए मरीज को तुरंत प्राथमिक उपचार और नजदीकी अस्पताल में पहुंचना आवश्यक है।

### सरकारी अस्पतालों में एंटी-स्नेक वेनम टीका बिल्कुल मुफ्त उपलब्धः डॉ. मनीषा

*बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे देश के गांव के खेतिहर किसान और आदिवासी बहुल क्षेत्रों के ज्यादातर लोगों की मृत्यु सांप के काटने से ही हो जाती है, क्योंकि वहां इसके इलाज के प्रति जागरुकता नहीं होती और न ही इसके लिए त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है। सभी सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विषैले सांपों के जहर को बेअसर करने वाला एंटी-स्नेक वेनम टीका बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराती है।*

### झाड़-फूंक या अंधविश्वास में नहीं आएं

*व्याख्यानमाला में डॉ. ललित ने बताया कि बारिश के मौसम में सर्पदंश के मामले ज्यादा देखने में आते हैं। उन्होंने कहा कि सर्पदंश के बाद झाड़-फूंक या अंधविश्वास में नहीं पड़ना चाहिए। इसका तुरंत चिकित्सीय इलाज जरूरी है। सर्पदंश के उपरांत पीड़ित को शांत रखें और उसे घबराने न दें और तुरंत ही नजदीकी अस्पताल ले जाकर उपचार दिलाने को प्राथमिकता दें। डॉ. ललित ने कहा कि सर्पदंश के उपरांत बचाव का एकमात्र इलाज अस्पताल में एंटी-स्नेक वेनम इंजेक्शन लगवाना है।*

# सरकारी फंड नहीं तो मंदिर पर शासकीय नियंत्रण नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि किसी मंदिर को शासकीय नियंत्रणाधीन मानने के लिए उसे सरकार से वित्तीय सहायता मिलना आवश्यक है। इसी आधार पर जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने सागर के पहलवान बब्बा मंदिर को सरकारी नियंत्रण में लेने संबंधी आदेश निरस्त कर मामला पुनर्विचार के लिए संभागायुक्त के पास भेज दिया।

मंदिर के संस्थापक रामेश्वर प्रसाद तिवारी की ओर से अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, आनंद शुक्ला व अपूर्व त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति नियम, 2019 के नियम 1(जी) के अनुसार केवल वही मंदिर शासकीय नियंत्रण में आ सकता है, जिसे सरकारी अनुदान प्राप्त हो। प्रश्नगत मंदिर को कभी कोई शासकीय फंड नहीं मिला।

कोर्ट ने पाया कि मंदिर को सरकारी नियंत्रण में लेते समय इस महत्वपूर्ण पहलू पर विचार नहीं किया गया। इसलिए 2 सितंबर 2024 को पारित संभागायुक्त का आदेश विधिसम्मत नहीं ठहराया जा सकता। हाई कोर्ट ने आदेश निरस्त कर अपील पर सभी पक्षों की दलीलों के आधार पर नए सिरे से निर्णय लेने के निर्देश दिए।

## चिंतन

# दुनिया को समाधान देने की ओर बढ़ रहा भारत

आज दुनिया के सामने कई बड़ी चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं। खाड़ी संकट ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। जलवायु परिवर्तन का संकट गहरा रहा है, एआई नई संभावनाओं के साथ नई चिंताएं भी पैदा कर रहा है, ऊर्जा सुरक्षा एक बड़ा प्रश्न बनी हुई है और तकनीकी प्रतिस्पर्धा वैश्विक राजनीति की दिशा तय कर रही है। ऐसे दौर में केवल वही देश प्रभावशाली भूमिका निभा पाएंगे, जो समस्याओं की पहचान ही नहीं, बल्कि उनके समाधान भी पेश कर सकें। फ्रांस में आयोजित 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि भारत अब केवल वैश्विक परिवर्तनों का दर्शक नहीं बना रहना चाहता, बल्कि उन्हें दिशा देने की तैयारी कर रहा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का यह कहना कि भारत नवाचार का देश है और दुनिया भारत के साथ मिलकर इनोवेशन करना चाहती है, कोई साधारण टिप्पणी नहीं है। यह उस बदलती वैश्विक धारणा का प्रतिबिंब है, जिसमें भारत को अब केवल एक बड़े उपभोक्ता बाजार के रूप में नहीं, बल्कि ज्ञान, तकनीक और नवाचार के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि समाधान देने वाला देश भी बन रहा है। पिछले एक दशक में भारत ने जिस तेजी से तकनीकी और डिजिटल क्षेत्र में प्रगति की है, उसने दुनिया का ध्यान खींचा है। डिजिटल भुगतान व्यवस्था, आधार आधारित सेवाएं, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और कम लागत वाले तकनीकी समाधान आज कई देशों के लिए अध्ययन का विषय हैं। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप नेटवर्क में शामिल हो चुका है। दो लाख से अधिक स्टार्टअप केवल रोजगार सृजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्त, अंतरिक्ष और कृत्रिम मेधा जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं भी विकसित कर रहे हैं। भारत और फ्रांस के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसी परिवर्तन का हिस्सा है। दोनों देशों के संबंध अब केवल रक्षा सौदों या कूटनीतिक बैठकों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कृत्रिम मेधा, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष विज्ञान, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में सहयोग भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। यही कारण है कि 'भारत इनोवेट्स' जैसे मंचों को केवल एक कार्यक्रम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इन्हें भारत की वैश्विक महत्वाकांक्षा के प्रतीक के रूप में समझा जाना चाहिए। हालांकि तस्वीर का दूसरा पक्ष भी उतना ही अहम है। नवाचार की वास्तविक ताकत केवल स्टार्टअप्स की संख्या से नहीं मापी जाती, बल्कि उससे पैदा होने वाले प्रभाव से तय होती है। भारत को अनुसंधान एवं विकास पर खर्च बढ़ाना होगा। युवाओं को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि समाधान विकसित करने वाला बनाने की दिशा में शिक्षा व्यवस्था को भी बदलना होगा। यह भी सच है कि आज दुनिया ऐसे देशों की तलाश में है जो प्रतिस्पर्धा के बजाय सहयोग का रास्ता दिखा सकें। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन से लेकर डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तक, भारत के मॉडल को दुनिया गंभीरता से देख रही है। भारत के पास यह अवसर है कि वह विकासशील देशों की आवाज बनने के साथ-साथ तकनीकी समाधान का नेतृत्व भी करे। 21वीं सदी में किसी भी देश की असली ताकत उसकी सैन्य क्षमता या आर्थिक आकार से नहीं, बल्कि दुनिया को दिए गए समाधानों से तय होगी। भारत उसी दिशा में आत्मविश्वास के साथ कदम बढ़ा चुका है।

## आधी दुनिया

डॉ. मोनिका शर्मा



# हमारी बेटियों की सशक्त कदमताल

हाल ही में समानता और सशक्तिकरण के पथ पर कदमताल करती बेटियों और भारतीय सेना के लिए एक और विशेष दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हुआ। ध्यातव्य है कि देश में पहली बार नेशनल डिफेंस एकेडमी के पहले महिला बैच की चौदह बेटियां एक साल का कठिन प्रशिक्षण पूरा कर भारतीय सेना और वायुसेना में अफसर बनी हैं। देहरादून और हैदराबाद दोनों जगहों को मिलाकर कुल 746 कैडेट्स भारतीय सेना का हिस्सा बने हैं। इनमें देहरादून की इंडियन मिलिट्री एकेडमी और हैदराबाद की डुंडीगुल एयर फोर्स एकेडमी में आयोजित एनडीए पासिंग आउट परेड-2026 के बाद 14 बेटियों को भी सेना में कमीशन मिला है। ज्ञात हो कि चार साल पहले उच्चत्तम न्यायालय के आदेश के बाद ही महिलाओं के लिए नेशनल डिफेंस एकेडमी में जाने के रास्ते खुले थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अगस्त 2022 में एनडीए में महिला कैडेट्स के पहले बैच को प्रवेश मिला। 3 साल के बेहद कड़े प्रशिक्षण के बाद पिछले साल मई महीने में 18 महिला कैडेट्स ग्रेजुएट हुईं। इन्हीं में से 9 महिला कैडेट्स ने इंडियन आर्मी में ज्वाइन करने का फैसला लिया और देहरादून के इंडियन मिलिट्री अकादमी में करीब 1 साल की कड़ी ट्रेनिंग ली थी। वहीं हैदराबाद के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स अकादमी से 5 महिला कैडेट्स ने कमीशन प्राप्त किया है। यह पहला अवसर है जब महिला कैडेट्स ने सीधे स्थायी कमीशन प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि पहले महिलाओं को केवल 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' के जरिए ही सेना में प्रवेश मिलता था। ऐसे में यह केवल नेशनल डिफेंस एकेडमी के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। विचारणीय है कि लैंगिक समानता और सामाजिक बदलाव लाने से लेकर रोजगार के मोर्चे तक, यह महिलाओं के लिए नई आशाओं और हौसले को जगाने वाली बात है। साथ ही यह बेटियों को अपनी रुचि, क्षमता और योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिलने का परिवेश बनाने से जुड़ा बदलाव भी है। भारतीय सैन्य अकादमी की पासिंग आउट परेड के 94 साल के इतिहास में पहली बार 9 महिला कैडेट्स ने पुरुष कैडेटों के साथ 'अंतिम पग' पार कर भारतीय सेना में सैन्य अधिकारी बनना हर मोर्चे पर महिलाओं की सबलता का परिचायक है। हालांकि भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना में महिलाओं की पहले से ही भागीदारी है, पर भारतीय सैन्य अकादमी के एक लंबे सैन्य इतिहास में पुशु कैडेट्स संग साझी कदमताल का यह पल थोड़ा विशेष है। कुछ समय पहले भारतीय नौसेना ने भी पहली बार महिला नाविकों को सेवा में शामिल किया था। सुखद है कि हालिया बरसों में गणतन्त्र दिवस की परेड को कमांड करने से लेकर मुश्किल मिलिट्री ऑपरेशन्स तक, बेटियां अब आर्म्ड फोर्सेस में अहम भूमिका में दिखने लगी हैं। इतना ही नहीं, सेना की तीनों ही यूनिट्स में स्त्री शक्ति का खुले मन से स्वागत भी किया जा रहा है। अपनी योग्यता और क्षमता के बल पर महिलाएं सैन्य संसार में लीडिंग रोल में आ रही हैं। पिछले कुछ बरसों में सैन्य बलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से जुड़े अहम बदलाव भी हुए हैं।इन्हीं बदलावों के अंतर्गत सरकार ने सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने को मंजूरी दी थी। यूनियन डिफेंस मिनीस्ट्री से मिली ऑफिशियल मंजूरी के बाद भारतीय सेना के सभी दस हिस्सों में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन मिला है। इन डिपार्टमेंट्स में आर्मी एयर डिफेंस, सिग्नल्स, इंजीनियर्स, आर्मी एविएशन, इलेक्ट्रॉनिक्स व मैकेनिकल इंजीनियरिंग, आर्मी सर्विस कॉर्प्स और इंटेलिजेंस कॉर्प्स आदि शामिल हैं। यह सैन्य बलों में नारी शक्ति की बढ़ती भागीदारी की ही बानगी है कि कर्तव्य पथ पर महिला दस्ते की अगुआई में परेड होना भी एक अहम शुरुआत रही। 72वें रिपब्लिक डे के अवसर पर पहली बार थल सेना, नौसेना और वायु सेना के महिला सैन्य दल भी परेड में शामिल हुए थे। दरअसल, वर्ष 1992 तक महिलाओं को केवल सशस्त्र सेना मेडिकल कोर में शामिल किया जाता था। नौसेना में भी महिलाओं को कुछ चुनी हुई शाखाओं में अल्पकालिक कमीशन अफ़सर के रूप में भर्ती किया जाता था। यहां तक कि लड़कियों के लिए सैनिक स्कूलों में पढ़ने के रास्ते भी हाल ही में खुले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2021 में अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में देश के सभी सैनिक स्कूलों में छात्राओं के नामांकन को खोलने की ऐतिहासिक घोषणा की थी। यही वजह है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी कहा कि 9 महिला ऑफिसर कैडेट्स के पास आउट होने का मतलब है कि भारत में महिलाओं को पुरुषों के बराबर ही हक दिया जाता है और महिलाएं भी पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर इस देश की तरक्की और इस देश की सुरक्षा में अपनी भागीदारी निभा रही है ।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



सतर्कता

सतीश सिंह

# लापरवाही से बढ़ती धोखाधड़ी की वारदातें

भारत में बैंकिंग और डिजिटल भुगतान व्यवस्था जितनी तेज़ी से विस्तृत हुई है, उतनी ही तेज़ी से धोखाधड़ी के तौर-तरीके भी बदलते गए हैं। पहले धोखाधड़ी का बड़ा हिस्सा कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े छोटे-छोटे मामलों में दिखाई देता था। अब तस्वीर बदल रही है। धोखाधड़ी के मामलों की संख्या घट रही है, लेकिन उनमें शामिल रकम तेजी से बढ़ रही है। यह संकेत केवल बैंकिंग तंत्र के लिए नहीं, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था और वित्तीय सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी है। भारतीय रिजर्व बैंक की सालाना रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकों ने 48,021 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी दर्ज की। यह रकम एक वर्ष पहले के 32,803 करोड़ रुपये की तुलना में 46.4 प्रतिशत अधिक है।

वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज 11,013 करोड़ रुपये की तुलना में यह चार गुना से भी ज्यादा है। दूसरी ओर, धोखाधड़ी के मामलों की संख्या में बड़ी गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2025-26 में 10,114 मामले दर्ज हुए, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 23,722 थी। यानी मामलों की संख्या लगभग 57 प्रतिशत घटी। वित्त वर्ष 2023-24 के 35,800 मामलों की तुलना में यह गिरावट करीब 72 प्रतिशत है। आंकड़ों से पता चलता है कि बैंकिंग व्यवस्था में धोखाधड़ी की प्रकृति बदल रही है। अब छोटे और बिखरे हुए डिजिटल फ्रॉड की तुलना में बड़े कर्ज और एडवांस से जुड़े धोखाधड़ी मामले अधिक गंभीर चुनौती बनकर सामने आ रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता कर्ज और एडवांस से जुड़े मामलों को लेकर है। वित्त वर्ष 2025-26 में कुल धोखाधड़ी राशि में इनकी हिस्सेदारी 85.5 प्रतिशत रही। कर्ज और एडवांस से जुड़े धोखाधड़ी मामलों की रकम बढ़कर 40,774 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। यह पिछले वर्ष की तुलना में 34 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 357 प्रतिशत अधिक है। ऐसे मामलों की संख्या भी बढ़कर 8,640 हो गई, जो पिछले वर्ष 7,924 थी। यह स्थिति बताती है कि बैंकिंग प्रणाली के भीतर ऋण स्वीकृति, निगरानी, मूल्यांकन और जोखिम प्रबंधन से जुड़े तंत्र को और मजबूत करने की जरूरत है। सरकारी बैंकों पर इसका सबसे अधिक असर देखने को मिल रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में सरकारी बैंकों को धोखाधड़ी के कारण 35,709 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जो पिछले वर्ष के 23,617 करोड़ रुपये की तुलना में 51 प्रतिशत अधिक है। कुल धोखाधड़ी राशि में सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी बढ़कर 74.5 प्रतिशत हो गई। हालांकि, सरकारी बैंकों में दर्ज मामलों की संख्या घटकर 5,418 रह गई, जो एक वर्ष पहले 6,916 थी। यह स्थिति बताती है कि सरकारी बैंकों में धोखाधड़ी के मामले कम जरूर हुए हैं, लेकिन जो मामले सामने आ रहे हैं, वे अधिक बड़े और गंभीर हैं। निजी बैंक भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। निजी बैंकों में धोखाधड़ी की रकम बढ़कर 11,399 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष के 8,927 करोड़ रुपये से 27.7 प्रतिशत अधिक है। कुल धोखाधड़ी राशि में निजी बैंकों की हिस्सेदारी 23.7 प्रतिशत रही, जबकि कुल मामलों में उनका हिस्सा 39.1 प्रतिशत था। इसका अर्थ है कि निजी बैंकों में मामलों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है, लेकिन राशि के लिहाज से सरकारी बैंकों पर दबाव कहीं अधिक गंभीर है। इसके उलट, डिजिटल भुगतान से जुड़े



धोखाधड़ी मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े मामलों की संख्या घटकर 293 रह गई, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 13,332 थी और वित्त वर्ष 2023-24 में 28,836 थी। इन मामलों में शामिल रकम भी घटकर 29 करोड़ रुपये रह गई, जबकि पिछले वर्ष यह 517 करोड़ रुपये थी। यह गिरावट इस बात का संकेत है कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था में तकनीकी सुरक्षा, शिकायत निवारण, निगरानी और जन-जागरूकता के स्तर पर सुधार हुआ है। मगर इसका अर्थ यह नहीं कि आम नागरिकों के लिए खतरा समाप्त हो गया है। यूपीआई ने भारत में भुगतान व्यवस्था को आम आदमी तक पहुंचाया है। यह सुविधा जितनी उपयोगी है, उतनी ही सावधानी भी मांगती है। वित्त वर्ष 2024 में यूपीआई धोखाधड़ी के 13.42 लाख मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें कुल 1,087 करोड़ रुपये की हेराफेरी हुई।

हाल के रुझानों में इन मामलों में कमी जरूर आई है, लेकिन यूपीआई से जुड़े खतरे पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। अधिकांश मामलों में ठग अज्ञात लिंक या क्यूआर कोड भेजते हैं, ओटीपी या पिन मांगते हैं या किसी लाभ, इनाम, कैशबैक अथवा आपात स्थिति का झांसा देकर खाते खाली कर देते हैं। साइबर ठगी की दुनिया में 'डिजिटल अरेस्ट' सबसे भयावह रूप में सामने आया है। इसमें ठग खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी, कस्टम या किसी अन्य जांच एजेंसी का अधिकारी बताते हैं। वे वीडियो कॉल पर पीड़ित को डराते हैं कि उसका नाम मनी लॉन्ड्रिंग, ड्रग्स तस्करी, हवाला या किसी आपराधिक मामले से जुड़ गया है। इसके बाद उसे 'डिजिटल निगरानी' या 'वर्चुअल गिरफ्तारी' के नाम पर कमरे में बंद रहने, किसी से बात न करने और पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई लोग भय, सामाजिक बदनामी और कानूनी कार्रवाई के डर से लाखों-करोड़ों रुपये गंवा बैठते हैं। डिजिटल अरेस्ट का मनोविज्ञान बेहद खतरनाक है। ठग तकनीक से ज्यादा डर और भ्रम का इस्तेमाल करते हैं। वे सरकारी प्रतीकों, नकली पहचान पत्रों, वीडियो कॉल, अदालत या जांच एजेंसी जैसे शब्दों और धमकी भरे लहजे से पीड़ित को मानसिक रूप से अस्थिर कर देते हैं। धोखाधड़ी से बचने का पहला उपाय है-लालच और लापरवाही से बचना। किसी भी अनजान कॉल, लिंक, क्यूआर कोड, निवेश प्रस्ताव, लॉटरी, कैशबैक, नौकरी, कर्ज या सरकारी योजना के नाम पर मिले संदेश पर तुरंत भरोसा नहीं करना चाहिए। कोई भी बैंक, सरकारी एजेंसी, पुलिस या रिजर्व बैंक कभी फोन पर ओटीपी, पिन, पासवर्ड, कार्ड नंबर, सीवीवी या नेट बैंकिंग विवरण नहीं मांगता। किसी भी लिंक पर क्लिक करने, स्क्रीन शेयर करने, ऐप डाउनलोड करने या खाते से पैसे भेजने से पहले उसकी प्रामाणिकता जांचना जरूरी है।


दूसरा उपाय है-समय पर शिकायत करना। डिजिटल धोखाधड़ी होने पर घबराने या चुप रहने के बजाय तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करना चाहिए और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। संबंधित बैंक, यूपीआई ऐप या वॉलेट सेवा प्रदाता को भी तुरंत सूचना देनी चाहिए। बैंकिंग और डिजिटल अर्थव्यवस्था भारत की बड़ी शक्ति हैं। लेकिन यह शक्ति तभी सुरक्षित रह सकती है, जब भरोसे के साथ सावधानी भी जुड़ी रहे। धोखाधड़ी से बचाव का सबसे सरल मंत्र यही है-लालच से दूरी, लापरवाही से सावधानी और हर संदिग्ध स्थिति में तुरंत शिकायत। यही सतर्कता आम नागरिक की मेहनत की कमाई, बैंकिंग व्यवस्था की विश्वसनीयता और देश की वित्तीय सुरक्षा-तीनों की रक्षा कर सकती है।

(लेखक आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

भारत में बैंकिंग और डिजिटल भुगतान व्यवस्था जितनी तेज़ी से विस्तृत हुई है, उतनी ही तेज़ी से धोखाधड़ी के तौर-तरीके भी बदलते गए हैं। पहले धोखाधड़ी का बड़ा हिस्सा कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े छोटे-छोटे मामलों में दिखाई देता था। अब तस्वीर बदल रही है। धोखाधड़ी के मामलों की संख्या घट रही है, लेकिन उनमें शामिल रकम तेजी से बढ़ रही है। यह संकेत केवल बैंकिंग तंत्र के लिए नहीं, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था और वित्तीय सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी है। भारतीय रिजर्व बैंक की सालाना रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकों ने 48,021 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी दर्ज की। यह रकम एक वर्ष पहले के 32,803 करोड़ रुपये की तुलना में 46 .4 प्रतिशत अधिक है।

## बड़े भाग मानुष तनु पावा




संकलित

दर्शन

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो।

## झूठे आरोप का सामना बुद्धिमानी व धैर्य के साथ करें



संकलित

प्रेरणा

उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वही गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**भारत-बांग्लादेश संबंधों में बढ़ता अविश्वास**

भारत और बांग्लादेश के संबंध दक्षिण एशिया की कूटनीति में विशेष महत्व रखते हैं। वर्ष 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के समय भारत ने जिस प्रकार राजनीतिक, सैन्य और मानवीय सहयोग प्रदान किया, उसने दोनों देशों के बीच मैत्री और विश्वास की मजबूत नींव रखी। पिछले पांच दशकों में व्यापार, सुरक्षा, ऊर्जा, संपर्क, जल संसाधन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति तथा बांग्लादेश की विकासोन्मुख विदेश नीति ने भी संबंधों को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। इसके बावजूद हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में तनाव और अविश्वास के संकेत दिखाई दिए हैं। दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि के लिए आवश्यक है।

*- प्रशांत त्यागी, जदगलपुर*

## करंट अफेयर


# भारत नवाचार का देश है फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को कहा कि भारत नवाचार का देश है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) और जलवायु परिवर्तन जैसे अहम क्षेत्रों में भारत और फ्रांस के बीच सच्ची साझेदारी है। मैक्रों यहां आयोजित 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जिसका उद्घाटन उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ किया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा, 'हम 'मेक-इन-इंडिया' पहल का सम्मान करते हैं। फ्रांस विभिन्न क्षेत्रों में इसका हिस्सा रहा है।' उन्होंने कहा, ''भारत नवाचार का देश है। एआई और जलवायु परिवर्तन जैसे अहम क्षेत्रों में भारत-फ्रांस के बीच सच्ची साझेदारी है।' मैक्रों ने कहा, ''असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की गुंजाइश है, जिसमें 'स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स' का क्षेत्र भी शामिल है। 'भारत इनोवेट्स 2026' भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसे देश के 'डीप-टेक स्टार्टअप' और अनुसंधान उपक्रमों को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम का मकसद भारत, फ्रांस और अन्य देशों के शीर्ष नवाचार स्टार्टअप और वेंचर कैपिटल फंड को साथ लाना है।



## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है - यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं - और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

## ट्रेंड

### हर संकल्प पूरा किया



प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ़ कहते नहीं हैं, बल्कि उसे करके भी दिखाते हैं। चाहे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना हो, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, हमने अपने हर संकल्प को पूरा किया है।
- **राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री

### विदेशी ताकतें



कमजोर प्रधानमंत्री के राज में, भारतीय होने का मतलब है पूरी तरह बर्बाद हो जाना। विदेशी ताकतें हमारे नागरिकों को मार देती हैं। हमारी सरकार एक आज्ञाकारी नौकर की तरह चुपचाप आदेश मानती है- और हमारे नागरिकों को मरने के लिए छोड़ दिया जाता है।
-**राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### विकसित भारत की दिशा



गुवाहाटी-सिलचर एक्सप्रेसवे, नामरूप फर्टिलाइज़र प्लांट और कामाख्या कॉरिडोर सिर्फ़ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स नहीं हैं। ये लाखों लोगों की उम्मीदों में निवेश और विकसित भारत की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। - **हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### बिहार की समृद्ध विरासत



नालंदा की बावन बूटी साड़ी और फ़ैब्रिक, गया की पत्थरकट्टी स्टोन क्राफ़्ट और भोजपुर की पिड़िया पेंटिंग को ज्योग्राफ़िकल इंडिकेशन (जीआई) टैग मिला है। इससे देश और दुनिया में बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का मान और बढ़ेगा।
- **नीतीश कुमार,** सांसद, राज्य सभा

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# ममता की टीएमसी की हालत देख घबराए उद्धव ने बुलाई बैठक, कहा-हमारे सभी सांसद एकजुट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पश्चिम बंगाल के राजनीतिक घटनाक्रमों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) टूट की कगार पर है और चर्चा है कि पार्टी कांग्रेस में शामिल हो सकती है। ऐसी ही अटकलों के बीच अब महाराष्ट्र में भी सियासी पारा चढ़ गया है। राज्य में शिवसेना (यूबीटी) को ऑपरेशन टाइगर के तहत एक और संभावित टूट का डर सता रहा है। उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट द्वारा शिवसेना (यूबीटी) के 6 से 7 सांसदों के पाला बदलने के दावों के बीच, उद्धव ठाकरे ने अपने निवास स्थान मातोश्री में सांसदों की आपात बैठक बुलाई। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद टीएमसी के कई नेताओं द्वारा ममता बेनर्जी का साथ छोड़ने के पीछे राजनीतिक गलियारे में भाजपा का हाथ बताया जा रहा है। इसी तर्ज पर अब महाराष्ट्र की राजनीति में ऑपरेशन टाइगर की चर्चा तेज है। शिंदे गुट के एक वरिष्ठ नेता ने दावा किया है कि अगले 4-5 दिनों के भीतर उद्धव गुट के 6 से 7 सांसद उनके पाले में आ सकते हैं। इसी दावे के बाद उद्धव ठाकरे सतर्क मोड में आ गए हैं और पार्टी की एकजुटता प्रदर्शित करने में जुटे।

उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट द्वारा शिवसेना (यूबीटी) के 6 से 7 सांसदों के पाला बदलने के दावों के बीच, उद्धव ठाकरे ने अपने निवास स्थान मातोश्री में सांसदों की आपात बैठक बुलाई। करीब दो घंटे तक विचार मंथन किया गया

## ठाकरे ने सांसदों को महंगाई और जनता से जुड़े मुद्दों को जोर-शोर से उठाने का निर्देश दिया

बैठक में ठाकरे ने कहा एकजुटता से जनता के मुद्दे उठाएं

**विरोधी दलों के संपर्क में होने की खबरों को नकारा**



एआई इमेज

### संजय राउत ने किया दावा, बोले-हम सब एक हैं

शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने सोशल मीडिया पर इस बैठक की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा बुलाई गई इस अहम बैठक में प्रत्यक्ष रूप से अरविंद सावंत, अनिल देसाई, संजय दीना पाटिल और राजाभाऊ वाजे एवं आदित्य ठाकरे शामिल हुए जबकि ओमराजे निंबालकर, भाऊसाहेब वाघेचौरे, नागेश अष्टिकर और संजय देशमुख वर्चुअली शामिल हुए। जबकि परभणी के सांसद संजय जाधव से उद्धव ठाकरे ने फोन पर सीधे बातचीत की। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने स्पष्ट किया कि सभी सांसद पूरी मजबूती और वफादारी के साथ एकजुट हैं, और उन्होंने उम्मीद जताई कि अब पाला बदलने की अफवाहों पर विराम लग जाएगा।

### एकजुट रहने और बयानबाजी से बचने को कहा

इस आपात बैठक के दौरान उद्धव ठाकरे ने सांसदों को आगामी सत्रों और जमीनी राजनीति के लिए कई कड़े निर्देश दिए। सांसदों को संसद और जमीन पर महंगाई, किसानों की परेशानियां और कर्ज माफी जैसे जनता से जुड़े मुद्दों को जोर-शोर से उठाने के लिए कहा गया है। यह पूरी तरह साफ किया गया कि शिवसेना (यूबीटी) के सभी सांसद एकजुट हैं। सांसदों को निर्देश दिया गया कि वे कार्यकर्ताओं के बीच नेताओं के पाला बदलने की अफवाहों से पैदा हुई गलतफहमियों को तुरंत दूर करें। वहीं सांसदों की बैठक के बाद रविवार को ही सभी जिला प्रमुखों के साथ जूम के जरिए एक बैठक तय की गई है, जिसमें उद्धव ठाकरे जिलेवार स्थानीय चुनौतियों और राजनीतिक घटनाक्रमों का फीडबैक लिया।

## खबर संक्षेप

### पानी के लिए हत्या,देर रात तक किया जाम



**देहरादून**। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के सहसपुर के पास पानी को लेकर खून बह गया। मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दो समुदाय के बीच हुई हिंसा में विनोद नाम के युवक को भीड़ ने घेर कर बेरहमी से मार डाला। भीड़ के हमले में दो युवक घायल भी हुए हैं। जिनका इलाज जारी है।

### वन विभाग के दो अधिकारी समेत तीन गिरफ्तार

**श्रीनगर**। सीबीआई ने रिश्वतखोरी के मामले में वन विभाग के दो अधिकारियों सहित तीन को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई बडगाम जिले में की गई। आरोपियों की पहचान रेंजर मंजूर अहमद मलिक निवासी कावोसा, मगाम, फॉरेस्टर मंजूर अहमद डार निवासी नुसगाम, खानसाहिब तथा कैजुअल लेबर बशीर अहमद गनी निवासी रम्हामा, बीरवाह के रूप में हुई है।

### अभिनेत्री गौतमी ने पार्टी से दिया इस्तीफा



**चेन्नई**। तमिलनाडु की प्रमुख विपक्षी पार्टी ऑल इंडिया अन्ना द्रविण मुनेत्र कजगम की डिप्टी प्रोपेगैंडा सेक्रेटरी और अभिनेत्री गौतमी तडिमल्ला ने प्राथमिक सदस्यता और अपने पद से इस्तीफा दे दिया। गौतमी ने एआईएडीएमके महासचिव एडप्पडी के पलानिस्वामी को भेजे अपने इस्तीफा भेज दिया है।

### रोडवेज की बस ट्रक से टकराई, 22 घायल



**दौसा**। आगरा बाईपास पर रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अलीगढ़ से जयपुर की ओर जा रही उत्तर प्रदेश रोडवेज की एक बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार 22 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना सुबह करीब 4:30 बजे हुई, जब अधिकांश यात्री गहरी नींद में थे।

## दो-तिहाई सांसदों के साथ टीएमसी के बागी गुट ने की एनसीपीआई पार्टी में किया विलय

# त्रिपुरा की क्षेत्रीय पार्टी में शामिल होंगे टीएमसी के 'बागी सांसद', एनडीए का करेंगे समर्थन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में रविवार को बड़ा सियासी ड्रामा हुआ। टीएमसी यानी ममता बेनर्जी की पार्टी के करीब 20 सांसद बागी हो गए. ये सब पहले भाजपा के मंत्री भूपेंद्र यादव के घर गए, करीब 2 घंटे बैठे। फिर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से भी मिले। इन बागी सांसदों में सुदीप बंद्योपाध्याय, काकोली घोष, शताब्दी रॉय जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इन लोगों ने ऐलान किया कि वो नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी नाम की एक छोटी पार्टी में मिल रहे हैं और आगे भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए का साथ देंगे। काकोली घोष ने दावा किया कि ये 20 सांसद टीएमसी की कुल ताकत के दो-तिहाई से ज़्यादा हैं। दूसरी तरफ टीएमसी नेता अभिषेक बेनर्जी ने स्पीकर को चिट्ठी लिखकर कहा कि इस बागी गुट को कोई मान्यता मत दो। बंगाल में विधानसभा चुनाव में हार के बाद टीएमसी के अंदर की लड़ाई अब सबके सामने आ गई है। तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल की सबसे बड़ी पार्टी रही है। ममता बनर्जी इसकी मुखिया हैं और बंगाल में उनकी 15 साल से सरकार थी। पार्टी के अंदर काफी समय से कुछ नेता नाराज चल रहे हैं. ये नेता पार्टी की चाल-ढाल और कुछ फैसलों से खुश नहीं हैं। अब तक यह नाराजगी अंदर ही अंदर थी। लेकिन विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद पार्टी के अंदर की कलह खुलकर सामने आ गई है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा पत्र, बैकफुट पर ममता!

अभिषेक बेनर्जी ने स्पीकर को पत्र लिखकर मान्यता नहीं देने की मांग की


टीएमसी के बागी सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला को मर्जर लेटर सौंपा

**हमने नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी में किया विलयः सुदीप**

टीएमसी के बागी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने दावा किया है कि उनका समूह नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि यह एक मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय राजनीतिक दल है और उनके गुट का उसमें विलय हो चुका है। सुदीप ने यह भी कहा कि असली टीएमसी कौन है, इसका फैसला अब अदालत में होगा।

### एक माह में बिखर जाएगी टीएमसीः सुवेंदु

मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि टीएमसी एक महीने के भीतर बिखर जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के कई नेता अब अलग रास्ता तलाश रहे हैं और एक वरिष्ठ नेता भी दिल्ली में सक्रिय हैं। अपने भाषण में उन्होंने टीएमसी पर घमंड, भ्रष्टाचार और अत्याचार के आरोप लगाए तथा पार्टी के भविष्य पर सवाल खड़े किए।

### केंद्रीय मंत्री यादव की बैठक के बाद विलय का निर्णय हुआ

सूत्रों के मुताबिक, प्रस्तावित विलय के बारे में तब चर्चा हुई जब बागी टीएमसी सांसदों ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ बैठक की। सूत्रों ने यह भी बताया कि बैठक के दौरान त्रिपुरा से भाजपा सांसद बिप्लब कुमार देब भी मौजूद थे, जिसमें विलय के प्रस्ताव पर बातचीत हुई। पार्टी में बंटवारे के बीच, बागी टीएमसी सांसदों ने दिल्ली में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से उनके आवास पर मुलाकात की और सदन में बैठने की अलग व्यवस्था की मांग की।

### दिल्ली में दिनभर चलती रहीं सियासी उठा-पटक

रविवार को टीएमसी के कई सांसद दिल्ली में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के घर पहुंचे. भूपेंद्र यादव भाजपा के बड़े नेता हैं। टीएमसी और भाजपा दो अलग पार्टियां हैं और आमतौर पर एक-दूसरे के खिलाफ होती हैं। ऐसे में टीएमसी के सांसदों का भाजपा के मंत्री के घर जाना बड़ी बात है। सबसे पहले टीएमसीसांसद सेयानी घोष वहां पहुंचीं। उनके बाद एक के बाद एक कई और सांसद भी आ गए। जिनमें सुदीप बंद्योपाध्याय, माला रॉय, पारसुन बनर्जी, अरूप चक्रवर्ती, शताब्दी रॉय, काकोली घोष और सुदिप बंद्योपाध्याय के नाम शामिल हैं। ये सभी टीएमसी के जाने-माने चेहरे हैं। इनके अलावा टीएमसी नेता, जगदीश बसुनिया, पार्थ भौमिक, जून मालिया, मेटाली बाग, बापी हलधर भी पहुंचे हैं. ये नेता करीब दो घंटे यहां रुके और फिर चले गए। वहीं, टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद और सागरिका घोष स्पीकर ओम बिरला के आवास पर पहुंचे और कुछ देर बाद चले गए।उनके साथ अन्य बागी सांसद भी मौजूद दिखे।

## महाराष्ट्र के सोलापुर में बड़ा हादसा

# सिद्धनाथ मंदिर के दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप कुए में गिरी, 8 की मौत


भारी जद्दोजहद के बाद वाहन को खींचकर बाहर निकाला गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में एक बड़ा हादसा हुआ है। जिले के मालशिरस इलाके में तंदुलवाड़ी गांव के पास 15 श्रद्धालुओं को ले जा रही एक पिक-अप वैन कुएं में गिर गई। इस हादसे में चार बच्चों समेत 8 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सात लोगों को बचा लिया गया। श्रद्धालु सोलापुर जिले के म्हसवड में सिद्धनाथ मंदिर के दर्शन करके लौट रहे थे, तभी पिक-अप वैन कुएं में गिर गई। पुलिस और फायर डिपार्टमेंट के लोगों के साथ स्थानीय लोग भी बचाव अभियान में शामिल थे। जिला अधिकारी मौके पर पहुंचे।

**मरने वालों में चार बच्चे भी शामिल, सात लोगों को समय रहते बचा लिया गया**

### कुए के पास नहीं है सुरक्षा के इंतजाम

स्थानीय लोगों के मुताबिक कुए के आसपास सुरक्षा के इंतज़ाम न होने की बार-बार अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। एक ग्रामीण सरजेराव चव्हाण ने पत्रकारों को बताया कि कुएं की कोई सुरक्षा दीवार नहीं थी। अधिकारियों ने मेरी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया।

### सांसद ने लगाया कार्रवाई न करने का आरोप

माधा के सांसद धैर्यशील मोहिते-पाटिल ने कहा कि हमने कई पत्र भेजे और मीटिंग कीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हर महीने हादसे होते हैं, और सरकार हमारी बार-बार की शिकायतों को नज़रअंदाज करती रही। एसपी अतुल कुलकर्णी ने कहा कि यह एक खेत का कुआं है, जो सड़क से नीचे है। इसलिए एक छोटी सुरक्षा दीवार बेअसर हो सकती थी। ड्राइवर के कंट्रोल खोने के बाद गाड़ी डूब गई।

### नासिक में भी हुई थी घटना

इससे पहले नासिक के डिंडोरी में एक गाड़ी के बिना सुरक्षा वाले कुएं में गिरी थी जिसमें एक परिवार के 9 लोगों की मौत हो गई थी।

# ट्रेन नहीं मिलने से भड़के छात्रों ने की तोड़फोड़, पुलिस ने लाठी भांजी, फायर किए और आंसूगैस के गोले दागे

## 6 छात्र गिरफ्तार, 500 के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार पुलिस मद्य निषेध विभाग की भर्ती परीक्षा देने जा रहे हजारों अभ्यर्थियों ने ट्रेनों की कमी और ट्रेन लेट पहुंचने से नाराज होकर रविवार को पाटलिपुत्र स्टेशन पर जमकर बवाल काटा। इस दौरान आक्रोशित छात्रों ने रेलवे ट्रैक पर कूदकर ट्रेनों को रोक दिया, पथराव किया और एग्जाम स्पेशल ट्रेन में तोड़फोड़ भी की। बिगड़ते हालातों को देखते हुए पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आश्रु गैस के गोले छोड़े, फिर फायरिंग कर दी। इस उपद्रव में जमकर पथराव किया गया, जिसमें आईजी सहित करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

**स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग पर अड़े रहे छात्र**



बिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू होने से पहले पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर छात्रों ने जमकर हंगामा किया। परीक्षा देने पहुंचे छात्रों ने अव्यवस्थाओं का आरोप लगाया।

### परीक्षा छूटने के डर से भड़के छात्र

छात्रों की नाराजगी की वजह थी कि परीक्षा दो पालियों में होनी थी, जिसके लिए हजारों अभ्यर्थी रात में ही स्टेशन पहुंच गए। स्टेशन पर पर्याप्त ट्रेन व्यवस्था न होने और गाड़ियों के लेट होने से छात्रों में परीक्षा छूटने का डर सताने लगा। स्थिति तब और ज्यादा बिगड़ गई, जब पाटलिपुत्र से कटिहार के लिए चलाई गई एग्जाम स्पेशल ट्रेन स्टेशन पहुंची। इस दौरान अभ्यर्थियों में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद नाराज छात्र पाटलिपुत्र-कटिहार एग्जाम स्पेशल ट्रेन के आगे पटरी पर बैठ गए और रेल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। छात्रों का कहना है कि अधिकारियों समाधान नहीं लाठियां भांजने पर ज्यादा भरोसा किया।

# मोदी-ट्रंप मुलाकात से पहले कांग्रेस ने उठाए सवाल, व्यापार समझौते पर जताई आपत्ति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव एवं राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात से पहले केंद्र सरकार पर कई गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों के मन में यह सवाल सबसे प्रमुख है कि क्या प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका द्वारा ओमान तट के निकट एक जहाज पर किए गए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा राष्ट्रपति ट्रंप के समक्ष उठाएंगे?

जयराम रमेश ने कहा कि भारत को इस घटना की कड़ी निंदा करनी चाहिए और प्रधानमंत्री को अमेरिकी प्रशासन के सामने देश की चिंता स्पष्ट रूप से रखनी चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा 12 जून को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ हुई बातचीत के दौरान इस्तेमाल की गई कथित तौर पर ₹धमकीपूर्ण और अस्वीकार्य भाषा₹ पर भी आपत्ति दर्ज कराएंगे? कांग्रेस नेता ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर भी केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर जल्द ही भारत दौरे पर आने वाले हैं ताकि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके। जयराम रमेश के अनुसार, 3 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रंप ने एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे की घोषणा की थी, जिसे उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विशेष अनुरोध पर किया गया कदम बताया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते में भारत सरकार ने एकतरफा रियायतें दी हैं, जिससे देश के किसानों और उद्योगों के हित प्रभावित हो सकते हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रंप प्रशासन की टैरिफ व्यवस्था को निरस्त किए जाने के बाद मलेशिया जैसे देशों ने अमेरिका के साथ अपने व्यापार समझौतों को ₹निरर्थक₹ घोषित कर दिया है,लेकिन भारत सरकार ने इस पर कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाया है।

# फ्री लैपटॉप के नाम पर वायरल हो रहा दावा फर्जी, केंद्र ने जारी की चेतावनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर तेजी से प्रसारित हो रहे एक संदेश को पूरी तरह फर्जी करार दिया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि वर्ष 2026 के लिए नेशनल स्टूडेंट लैपटॉप स्कीम के तहत छात्रों से मुफ्त लैपटॉप पाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि ऐसी कोई योजना घोषित नहीं की गई है और लोगों को इस तरह के भ्रामक संदेशों से सावधान रहने की आवश्यकता है। सरकार की तथ्य जांच एजेंसी, पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने इस वायरल दावे की जांच के बाद इसे पूरी तरह झूठा और भ्रामक बताया है। पीआईबी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ₹नेशनल स्टूडेंट लैपटॉप स्कीम 2026₹ नाम से कोई योजना शुरू नहीं की गई है।

हरिभूमि सरोकार

### व्यक्तिगत जानकारी चुराने की हो सकती है साजिश

पीआईबी ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस प्रकार के संदेश अक्सर लोगों को धोखा देकर उनकी व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से प्रसारित किए जाते हैं। ऐसे फर्जी लिंक पर क्लिक करने से मोबाइल फोन, बैंकिंग विवरण, आधार संख्या, ओटीपी या अन्य संवेदनशील जानकारियां साइबर अपराधियों के हाथ लग सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, साइबर ठग अक्सर सरकारी योजनाओं के नाम का इस्तेमाल कर लोगों को आकर्षक लाभ का लालच देते हैं और उन्हें नकली वेबसाइटों या संदिग्ध लिंक पर भेजते हैं। इसके बाद उनकी व्यक्तिगत जानकारी का दुरुपयोग किया जा सकता है।

### अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने की सलाह

पीआईबी ने अपील की है कि वे सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल माध्यमों पर प्राप्त किसी भी संदिग्ध संदेश में दिए गए लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही किसी भी सरकारी योजना या भर्ती संबंधी जानकारी को साझा करने अथवा आगे भेजने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें।

## कॉकरोच जनता पार्टी का बेंगलुरु में बारिश के बीच प्रदर्शन

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से की इस्तीफे की मांग

# एक्टर प्रकाश राज फूल लेकर शामिल हुए, वांगचुक ने कहा- ये गलतियां सुधारने वाला आंदोलन है

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने रविवार को बेंगलुरु में प्रदर्शन किया। इस दौरान अभिनेता प्रकाश राज भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उनके हाथ में एक फूल था। बारिश के बीच बड़ी संख्या में लोग पोस्टर और छाते लेकर पहुंचे।

प्रदर्शनकारियों ने नीट पेपर लीक और सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। इससे पहले हैदराबाद के धरना चौक पर भी प्रदर्शन हुआ था, जहां सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लोगों को संबोधित किया। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके और उनके समर्थक पिछले 9 दिनों में देश के 6 शहरों में विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं। इस अभियान की शुरुआत 6 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर से हुई थी। 11 जून को पुणे, 12 जून को लखनऊ, 13 जून को अमृतसर और अब 15 जून को बेंगलुरु और हैदराबाद में प्रदर्शन किया गया। हैदराबाद में ऐक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने कहा कि यह शिक्षा मंत्री बनने या कोई पार्टी बनाने का आंदोलन नहीं है। यह देश में युवाओं के साथ हो रही गलतियों को सुधारने का आंदोलन है। भविष्य में हमें ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था बनानी चाहिए, जहां भारत भयमुक्त हो, नफरत से मुक्त हो और हर व्यक्ति को बिना किसी सवाल के स्वतंत्रता मिले।

**पिछले 9 दिनों में देश के 6 शहरों में विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं**


दीपके कभी भगत सिंह,कभी आंबेडकर तो कभी संविधान लेकर पहुंचे धरना स्थल पर

# भ्रामक दावा करने वाली 8 कंपनियों को 'एफएसएसएआई' का नोटिस

## ये कंपनियां भ्रामक ब्रांड नाम, ट्रेड नाम व उत्पाद दावों का इस्तेमाल कर रही थी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के उल्लंघन के आरोप में भ्रामक ब्रांड नाम, ट्रेड नाम और उत्पाद दावों का इस्तेमाल करने वाली आठ खाद्य कंपनियों को नोटिस जारी किया है। नोटिस पाने वाली कंपनियों में इमामी हेल्दी एंड टेस्टी, हेल्थ एड, टूवी, द हेल्दी फैक्टरी, हेल्दी मास्टर, हेल्दी चॉइस, प्लान बी और न्यूहर्ब्स शामिल हैं। नियामक ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच के माध्यम से इस कार्रवाई की जानकारी दी। प्राधिकरण का कहना है कि इन उत्पादों पर किए गए दावे उपभोक्ताओं को भ्रमित कर सकते हैं और

### इमामी हेल्दी का ट्रेड नाम गुमराह कर रहा

एफएसएसएआई के अनुसार, इमामी हेल्दी एंड टेस्टी का 'ट्रेड' नाम उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है और यह लागू नियमों का उल्लंघन प्रतीत होता है। यह कंपनी कोलकाता स्थित इमामी समूह की खाद्य तेल इकाई है। वहीं, प्लान बी अपने उत्पादों को 'प्लांट बेस्ड वीगन' के रूप में प्रचारित करती है।




### द हेल्थी फैक्टरी के उत्पाद जांच के दायरे में

एफएसएसएआई का कहना है कि कंपनी ने वीगन खाद्य उत्पादों के समर्थन संबंधी आवश्यक स्वीकृति लिए बिना अपने उत्पादों को वीगन के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उपभोक्ताओं में गलत धारणा बन सकती है। द हेल्दी फैक्टरी के 'जीरो मैदा होल व्हीट ब्रेड' और 'जीरो मैदा पिज्जा बेस' उत्पादों को भी जांच के दायरे में लाया गया है।

नियमों के अनुरूप नहीं दिखते। न्यूहर्ब्स की 'ट्रू विटामिन' उत्पाद श्रृंखला को भी नोटिस मिला है। एफएसएसएआई के अनुसार, 'ट्रू विटामिन' जैसा व्यापारिक नाम उसके नियमों में परिभाषित या मान्यता प्राप्त नहीं है, इसलिए यह उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है।

### हेल्थी होने के दावे को लेकर सवाल

इसी प्रकार, टूवी के 'हेल्दी मिक्स वेजी चिप्स', 'हेल्दी रागी चिप्स' और 'हेल्दी मूंग दाल चिप्स' जैसे स्नैक उत्पादों पर 'हेल्दी' होने के दावे को लेकर सवाल उठाए गए हैं। नियामक का कहना है कि इनमें कई अन्य सामग्री भी शामिल हैं, ऐसे में इन उत्पादों को 'हेल्दी' बताना भ्रामक हो सकता है।

---

## खबर संक्षेप




### साल्टस्टेज अपने फोलियो में 22 संपत्तियां जोड़ेगी

**मुंबई।** आतिथ्य क्षेत्र की कंपनी साल्टस्टेज़ ने चालू वित्त वर्ष में 22 से अधिक संपत्तियों को जोड़ने की योजना बनाई हैं, जिसके साथ उसका कुल पोर्टफोलियो 55 पर पहुंच जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी देश के पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगी। कंपनी के पास वर्तमान में मिड-प्रीमियम से प्रीमियम श्रेणी में लगभग 1,214 कमरों वाले 33 होटल हैं। साल्टस्टेज के सह-संस्थापक गौरव गुप्ता ने कहा, 'हम इस वित्त वर्ष में 22 और होटल जोड़ने की योजना बना रहे हैं, जिससे इस वर्ष होटल की कुल संख्या 55 हो जाएगी।

### एम्बैसी निर्माण पर करेगी 2,000 करोड़ रुपये खर्च

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एम्बैसी डेवलपमेंट्स लिमिटेड चालू वित्त वर्ष में विभिन्न आवासीय परियोजनाओं के निर्माण कार्यों पर लगभग 2,000 करोड़ रुपये तक निवेश करेगी, ताकि परियोजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा किया जा सके। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। बेंगलुरु स्थित एम्बैसी समूह की कंपनी एम्बैसी डेवलपमेंट्स ने वित्त वर्ष 2025-26 में करीब 1,200 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

### आठ कंपनियों का पूंजीकरण 1.90 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1.90 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान शेयर बाजार में तेजी के बीच आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,284.61 अंक यानी 1.73 प्रतिशत चढ़ा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

---

### उद्योग विशेषज्ञों का मानना, समझौते से शुल्क रियायतें मिलेगी

# मुक्त व्यापार समझौतों से फर्नीचर निर्यात घरेलू विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा : उद्योग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत द्वारा हाल के वर्षों में किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से देश के फर्नीचर उद्योग के निर्यात और घरेलू विनिर्माण को बड़ा प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इन समझौतों के तहत मिलने वाली शुल्क रियायतें भारतीय कंपनियों को विदेशी बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देंगी तथा देश में निवेश और उत्पादन क्षमता विस्तार को भी बढ़ावा मिलेगा।

■ भारतीय कंपनियां विदेशी बाजार में प्रतिस्पर्धा कर पाएगी

भारत ने अब तक मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) समूह और ओमान के साथ एफटीए लागू किए हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड और ब्रिटेन के साथ ऐसे समझौते किए जा चुके हैं, जबकि यूरोपीय संघ के साथ वार्ता पूरी होने की घोषणा की गई है।

**खास बातें**

- देश में निवेश और उत्पादन क्षमता विस्तार को बढ़ावा मिलेगा
- भारत ने अब तक यूएई, ईएफटीए व ओमान के साथ एफटीए लागू किया है



### निर्यात के बड़े अवसर खुलेंगे

देश इजराइल, कनाडा, पेरू, चिली, खाड़ी सहयोग परिषद (बहरीन, कुवैत, कतर और सऊदी अरब) तथा यूरेशियन आर्थिक संघ (आर्मेनिया, बेलारूस, कजाखस्तान, किर्गिस्तान और रूस) के साथ भी इसी प्रकार के व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। गुजरात स्थित निप्पॉनप्लाई इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक केतन ठक्कर ने कहा कि इन समझौतों से भारतीय फर्नीचर उद्योग के लिए निर्यात के बड़े अवसर खुलेंगे।

### भारतीय उत्पाद वैश्विक मानकों पर खरे उतरते हैं

उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि कंपनी ने पहले ही निर्यात शुरू कर दिया है और भारतीय उत्पाद वैश्विक मानकों पर खरे उतरते हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अच्छी मांग है। ठक्कर ने कहा कि इस क्षेत्र में आयात प्रतिस्थापन की भी व्यापक संभावनाएं हैं। भारत अभी बड़ी मात्रा में उच्च श्रेणी के कार्यालय और घरेलू फर्नीचर उत्पादों का आयात करता है, जबकि इन्हें देश में ही निर्मित किया जा सकता है।

### फर्नीचर पर सुरक्षा देने वाली विशेष सतहें

निप्पॉनप्लाई इंडस्ट्रीज की परियोजना प्रमुख आस्था ठक्कर ने बताया कि कंपनी को डाइनिंग और ऑफिस टेबल-चेयर, कॉन्फ्रेंस टेबल तथा मोनोलिथिक बफे टेबल जैसे उत्पादों के लिए अच्छी पूछताछ मिल रही है। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों में अग्निरोधी सतह प्रणाली के साथ खरोंच और दाग-धब्बों से सुरक्षा देने वाली विशेष सतहें हैं।

### ऑरा नाम से कार्यालय उत्पाद पेश

कंपनी ने हाल ही में 'ऑरा' नाम से प्रीमियम घरेलू और कार्यालय उत्पादों की नई श्रृंखला पेश की है। कंपनी के निदेशक स्मित ठक्कर के अनुसार, ये उत्पाद कंपनी की पेटेंट प्राप्त प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं, जिससे उनकी मजबूती और आकर्षण बढ़ता है।

### निर्यात के विशाल अवसर उपलब्ध कराए

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) के कुलपति राकेश मोहन जोशी ने कहा कि एफटीए ने भारतीय फर्नीचर उद्योग के लिए निर्यात के विशाल अवसर उपलब्ध कराए हैं और उद्योग को इनका पूरा लाभ उठाना चाहिए। इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए भारत क्लस्टर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (बीसीवीपीएल) के संस्थापक अमित आर. बरोट ने कहा कि उनकी कंपनी यूरोप और अमेरिका को निर्यात कर रही है।

---

# खाड़ी समझौता व कच्चे तेल से तय होगी सर्राफा की कीमतों की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति संबंधी बैठकों, अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच अगले सप्ताह सोने की कीमतें सीमित दायरे में रह सकती हैं। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक ब्याज दर परिदृश्य के संकेतों के लिए बैंक ऑफ जापान, अमेरिकी फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ इंग्लैंड की बैठकों के साथ-साथ ब्रिटेन, यूरो क्षेत्र, जर्मनी और जापान के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर बारीक नजर रखी जाएगी। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते को अंतिम रूप दिया जाना सर्राफा कीमतों के लिए प्रमुख कारक बना रहेगा। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ईबीजी-जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, अमेरिका-ईरान समझौते को अंतिम रूप दिए जाने पर करीबी नजर रहेगी। यदि समझौते पर हस्ताक्षर होते हैं तो जोखिम वाली परिसंपत्तियों में तेजी का दौर बढ़ सकता है, जिससे सोने और चांदी को भी बल मिल सकता है। हालांकि, किसी भी तरह का तनाव बढ़ना बाजारों के लिए नकारात्मक होगा। घरेलू बाजार में, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त डिलिवरी वाला सोना वायदा भाव सप्ताह के दौरान 5,066 रुपये अथवा 3.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ लगभग 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।


■ अगले सप्ताह कीमतें सीमित दायरे में रह सकती है

### एमसीएक्स में सोना वायदा में गिरावट दर्ज

एलकेपी सिक्योरिटीज में जिंस एवं मुद्रा शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, सोने की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई और एमसीएक्स पर अगस्त वायदा अनुबंध का भाव तीन प्रतिशत से अधिक टूटकर 1,48,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक आ गया।

---

## हिताची गुजरात में बिजली ट्रांसफॉर्मर संयंत्र लगाएगी




**नई दिल्ली।** हिताची एनर्जी इंडिया गुजरात में बड़े बिजली ट्रांसफॉर्मर विनिर्माण कारखाने की स्थापना के लिए लगभग 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने कहा कि वह गुजरात के करजन (वडोदरा) में बड़ा बिजली ट्रांसफॉर्मर (एलपीटी) कारखाना स्थापित करने के लिए करीब 2,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। कंपनी ने कहा कि वह भारत और दुनिया भर में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी विनिर्माण क्षमता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी के अनुसार, नया कारखाना भारत में भरोसेमंद, दक्ष और उच्च गुणवत्ता वाले बिजली उपकरणों की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद करेगा।


## भारत में मेमोरी चिप निर्माण में बढ़ सकता है निवेशः वैष्णव

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत में मेमोरी चिप के विनिर्माण के लिए नई कंपनियों द्वारा निवेश किए जाने की संभावना है, जबकि मौजूदा निवेशक भी इस क्षेत्र में आपूर्ति-मांग के अंतर को कम करने के लिए उत्पादन बढ़ाएंगे। वैष्णव ने कहा कि मेमोरी कार्ड और उन्नत चिप की मजबूत मांग के कारण वैश्विक आपूर्ति पर दबाव बढ़ा है और पिछले कुछ तिमाहियों में कीमतों में वृद्धि देखने को मिली है। इसके चलते विनिर्माता वैश्विक स्तर पर बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए निवेश और उत्पादन क्षमता बढ़ा रहे हैं। चिप की कीमतों में वृद्धि ने स्मार्टफोन और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की उत्पादन लागत भी बढ़ा दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, निश्चित रूप से मेमोरी विनिर्माण इकाइयों में काफी अधिक निवेश आ रहा है।

---

# महंगाई के आंकड़े और फेड के निर्णय से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुख्य रूप से महंगाई के आंकड़ों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर संबंधी घोषणा और कच्चे तेल की कीमतों के रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि रविवार को संभावित अमेरिका-ईरान समझौते की स्थिति, विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और वैश्विक बाजारों के रुझान भी घरेलू शेयर बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगे। रिलायंस ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा, ''घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर मई माह के थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी।'' उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक और उसका निर्णय सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए एक समझौते पर रविवार को हस्ताक्षर किए जाएंगे और इसके बाद रणनीतिक महत्व वाले होर्मुज जलडमरूमध्य को सभी के लिए तुरंत खोल दिया जाएगा।

■ अमेरिकी-ईरान शांति समझौता की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

### एफपीआई बाजार से 2.87 लाख करोड़ निकाल चुके

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, 2026 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल 2.87 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह पूरे 2025 में निकाले गए 1.66 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक है।

### मानसून की प्रगति पर होगी निवेशकों की नजर

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की निगाह मानसून की प्रगति और महंगाई की स्थिति पर रहेगी। उन्होंने कहा कि 16-17 जून को होने वाली फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक पर भी निवेशकों की नजर है।

---

### सीईओ ने कहा, बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बावजूद ध्यान अग्रणी बने रहने पर

# एलआईसी अपनी अग्रणी स्थिति और करेगी मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक आर. दुरईस्वामी ने कहा है कि जीवन बीमा क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बावजूद एलआईसी बाजार में अपनी अग्रणी स्थिति को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगी तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी। अभी जीवन बीमा क्षेत्र में एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी करीब 60 प्रतिशत है और यह 57 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परिसंपत्तियों का प्रबंधन करती है। कंपनी की रियल एस्टेट संपत्तियों का मूल्य लगभग 60,000 करोड़ रुपये है। दुरईस्वामी ने कहा कि एलआईसी की विकास यात्रा भारत की प्रगति से गहराई से जुड़ी रही है और भविष्य में भी यह संबंध कायम रहेगा।

■ जीवन बीमा में एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी 60 प्रतिशत




**राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया:** सीईओ ने कहा, जैसे-जैसे देश की अर्थव्यवस्था बढ़ती है, एलआईसी भी बढ़ती है। एलआईसी की वृद्धि देश की आर्थिक प्रगति को भी गति देती है।'' उन्होंने कहा कि 1956 में स्थापना के बाद से एलआईसी ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अब 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में भी अपनी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### 245 बीमा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण कर एलआईसी का गठन

एलआईसी की स्थापना एक सितंबर, 1956 को जीवन बीमा कारोबार के विस्तार, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों तक इसकी पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। उस समय 245 भारतीय और विदेशी बीमा कंपनियों तथा भविष्य निधि संस्थाओं का राष्ट्रीयकरण कर एलआईसी का गठन किया गया था।

### हम भविष्य में भी देश की जरूरतें पूरी करेंगे

दुरईस्वामी ने कहा, 1956 से 2026 तक की हमारी यात्रा देश के विकास के साथ जुड़ी रही है। हम भविष्य में भी देश की जरूरतों को पूरा करने और उसके विकास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि एलआईसी न केवल भारत बल्कि पूरे एशिया की सबसे बड़ी वित्तीय संस्थाओं में से एक है और इतने बड़े आकार के साथ समाज तथा देश के प्रति विशेष जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है।

---

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।


**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

---

## शब्द पहेली - 6257





**बाएँ से दाए**


1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

### शब्द पहेली - 6256 का हल









# विश्व कप तीरंदाजी : धीरज-कुमकुम ने चैंपियनों को शिकस्त देकर जीता गोल्ड

एजेंसी ⏭ अंताल्या

भारतीय रिकर्व तीरंदाजों ने विश्व स्तर पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जब तीरंदाजी विश्व कप चरण तीन में ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा और कुमकुम मोहोद ने ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में किम जे देओक और ओह ये जिन को 5-1 (37-36, 37-36, 39-39) से हराया। उन्होंने दुनिया की सबसे कामयाब जोड़ियों में से एक के खिलाफ गजब का संयम और जज्बा दिखाया।



### डेब्यू कर रहीं कुमकुम ने बनाया रखा धैर्य

धीरज और मौजूदा सत्र में विश्व कप में पदार्पण करने वाली कुमकुम ने पूरे मुकाबले में धैर्य बनाए रखा। उन्होंने कोरियाई खिलाड़ियों को कड़ी चुनौती दी और दबाव में निर्णायक निशाने लगाए। धीरज ने मुकाबले के आखिरी तीर पर परफेक्ट 10 के स्कोर से भारतीय जोड़ी की जीत सुनिश्चित की। कुल मिलाकर दोनों ने तीन-तीन बार 10 का स्कोर किया। कुमकुम ने तीन बार नौ अंक भी जुटाए जबकि धीरज ने दो बार नौ और एक बार आठ अंक पर निशाना लगाया। दोनों तीरंदाजों का यह विश्व कप मिश्रित टीम स्पर्धा का पहला स्वर्ण पदक है।

### दो महीने में द. कोरिया पर भारत की दूसरी जीत

यह दो महीने में दक्षिण कोरिया पर भारत की दूसरी जीत है और इसने तीन महीने बाद होने वाले एशियाई खेलों से पहले रिकर्व टीम का आत्मविश्वास बढ़ाया है। पिछले महीने शंघाई विश्व कप में दीपिका कुमारी, कुमकुम और अंकिता भकत की महिला तिकड़ी ने सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 10 बार की ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया की टीम को चौंकाते हुए स्वर्ण पदक जीता था। 24 साल के धीरज और 17 साल की कुमकुम पर कोरियाई टीम के खिलाफ खेलने का कोई दबाव नहीं दिखा।

### विरोधी के बजाय प्रक्रिया पर दिया ध्यान : कुमकुम

सत्रह साल की कुमकुम ने कहा कि उन्होंने विरोधी के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे खुद पर पूरा भरोसा था। मैंने बस प्रक्रिया पर ध्यान दिया और इस बारे में नहीं सोचा कि मेरे सामने कौन खड़ा है। कुमकुम ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैंने शंघाई की तुलना में आज बेहतर निशाने लगाए लेकिन निश्चित रूप से वहां मिले स्वर्ण पदक ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया।'

## टी-20 महिला विश्व कप: मंधाना ने 68 रन बनाए, शर्मा मैन आफ द मैच

# स्मृति के अर्धशतक और दीप्ति के पांच विकेट से भारत ने पाकिस्तान को रौंदा

भाषा ⏭ बर्मिंघम

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के अर्धशतक के बाद अनुभवी दीप्ति शर्मा के पांच विकेट से भारत ने आईसीसी टी20 महिला विश्व कप के ग्रुप एक मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान को 64 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। भारत के 171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम ऑफ स्पिनर दीप्ति (10 रन पर पांच विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (21 रन पर तीन विकेट) और शैफाली वर्मा (22 रन पर एक विकेट) ने भी दीप्ति का अच्छा साथ निभाया। सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली (41) पाकिस्तान की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाई। स्मृति ने इससे पहले दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए 44 गेंद में नौ चौकों और दो छक्कों से 68 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर (36 रन, 35 गेंद, चार चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी भी की जिससे भारत ने छह विकेट पर 170 रन बनाए जो टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ उसका सर्वोच्च स्कोर है। ऋचा घोष ने अंत में 17 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के से 34 रन की पारी खेली और दीप्ति (नाबाद 12) के साथ छठे विकेट के लिए सिर्फ 21 गेंद में 45 रन की तेजतर्रार साझेदारी भी की। पाकिस्तान की ओर से कप्तान फातिमा सना ने 33 जबकि बाएं हाथ की स्पिनर सादिया इकबाल ने 41 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

### ऋचा घोष ने दिया फिनिशिंग टच

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स 18 रन के अंदर आउट हो गईं। इसके बाद स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 91 रन जोड़े। हरमनप्रीत ने 36 रन की पारी खेली। आखिरी दो ओवरों में भारत ने 38 रन बनाए। ऋचा घोष ने 200 की स्ट्राइक रेट से 17 गेंदों पर 34 रन बनाए।

### चरणी को तीन व शेफाली वर्मा को एक विकेट मिला

#### भारत-170/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| शैफाली का मुनीबा बो सादिया | 06 |
| स्मृति का फातिमा बो रमीन | 68 |
| जेमिमा का नतालिया बो रुबाब | 01 |
| हरमनप्रीत का नतालिया बो फातिमा | 36 |
| भारती स्टं मुनीबा बो सादिया | 01 |
| ऋषा घोष बो फातिमा | 34 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 12 |
| श्रेयंका पाटिल नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 11
कुल:20 ओवर में छह विकेट पर: 170 रन
विकेट पतन: 1-6, 2-18, 3-109, 4-110, 5-123, 6-168
गेंदबाजी: सादिया 4-0-41-2, फातिमा 4-0-33-2, रुबाब 4-0-41-1, रमीन 4-0-30-1, संधू 4-0-25-0

#### पाक-106/10 (17)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मुनीबा अली रन आउट | 41 |
| गुल फिरोजा का भारती बो दीप्ति | 12 |
| आयशा का स्मृति बो दीप्ति | 12 |
| सायरा का हरमनप्रीत बो श्री चरणी | 02 |
| परवेज का हरमनप्रीत बो श्री चरणी | 07 |
| फातिमा सना का समृति बो शैफाली | 00 |
| आलिया का जेमिमा बो दीप्ति | 18 |
| रमीन का श्रेयंका बो श्री चरणी | 04 |
| नाशरा का हरमनप्रीत बो दीप्ति | 04 |
| तस्मिया का जेमिमा बो दीप्ति | 00 |
| सादिया इकबाल नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 05
कुल:17 ओवर में सभी विकैट खोकर: 106 रन
विकेट पतन: 1-38, 2-53, 3-58, 4-75, 5-77, 6-79, 7-91, 8-105, 9-105
गेंदबाजी: अरुंधति 2-0-21-0, श्रेयंका 3-0-17-0, क्रांति 1-0-14-0, दीप्ति 4-0-10-5, श्री चरणी 4-0-21-3, शैफाली 3-0-22-1

# भारतीय टीम में 6 हरियाणा की बेटियां

## अंडर-17 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप



रोहतक। अंडर-17 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए रविवार को देश भर की महिला पहलवानों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। भारतीय महिला कुश्ती टीम के चयन के लिए आयोजित किए गए इस कड़े सिलेक्शन ट्रायल में देश भर की शीर्ष महिला खिलाड़ियों ने अपना दम-खम दिखाया। इस कड़े मुकाबले के बाद विश्व पटल पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 10 सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया है। हमेशा की तरह इस बार भी रेसलिंग मैट पर हरियाणा की बेटियों का दबदबा देखने को मिला। टीम में जगह बनाने वाली कुल 10 महिला पहलवानों में से 6 खिलाड़ी अकेले हरियाणा प्रदेश से हैं। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने चयनित सभी 10 खिलाड़ियों को विशेष बधाई दी है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी इसी तरह का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और देश के लिए मेडल जीतने के लिए प्रेरित किया।

### ये रहे परिणाम

| भार वर्ग | विजेता | राज्य |
|---|---|---|
| 36–40 किग्रा | रोहिणी | महाराष्ट्र |
| 43 किग्रा | दीक्षा | हरियाणा |
| 46 किग्रा | संध्या | राजस्थान |
| 49 किग्रा | कामना | दिल्ली |
| 53 किग्रा | अक्षरा | दिल्ली |
| 57किग्रा | निकिता | हरियाणा |
| 61 किग्रा | अवनशिका | हरियाणा |
| 65 किग्रा | अंतरा | हरियाणा |
| 69किग्रा | तानिया | हरियाणा |
| 73 किग्रा | गरिमा | हरियाणा |

## विनीसियस जूनियर ने दागा अपना 10वां अंतरराष्ट्रीय गोल, मोरक्को से खेला ड्रॉ

# असली रंग में नहीं दिखा चैंपियन ब्राजील



विनीसियस जूनियर

एजेंसी ⏭ ईस्ट रदरफोर्ड

रिकॉर्ड पांच बार की चैंपियन ब्राजील की टीम फुटबॉल विश्व कप के अपने पहले मैच में असली रंग में नहीं दिखी और मोरक्को के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में शुरू में पिछड़ गई लेकिन विनीसियस जूनियर के गोल की बदौलत 1-1 से ड्रॉ हासिल करने में सफल रही। ब्राज़ील 2002 से खिताब नहीं जीत पाया है और उस पर इसका दबाव स्पष्ट नजर आ रहा था। दूसरी तरफ मोरक्को की टीम ने आक्रामक शुरुआत की।

चार साल पहले सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मोरक्को की टीम ने पहले 30 मिनट में ब्राजील के गोल पर 12 शॉट लगाए। उसने इस बीच इस्माइल सैबारी के 21वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने गोलकीपर एलिसन बेकर के ऊपर से एक शानदार चिप शॉट से यह गोल किया।

### विनीसियस ने किया 32वें मिनट में बराबरी का गोल

विनीसियस जूनियर ने 32वें मिनट में बराबरी का गोल किया। विनीसियस बाएं छोर से ब्रूनो गुइमारेस के साथ पास का आदान-प्रदान करके आगे बढ़े। उन्होंने नील एल ऐनाउई को चकमा दिया और गोलकीपर यासीन बोनू को छकाते हुए दाहिने पैर से शॉट मारकर अपना 10वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया।

### ऑस्ट्रेलिया ने जीता मुकाबला, तुर्किए की 24 साल बाद वापसी का जश्न फीका

**वैंकूवर।** नेस्टोरी इरंकुंडा और कॉनर मेटकाफ के गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से जीत दर्ज करके तुर्किए की 24 साल बाद विश्व कप फुटबॉल में वापसी के जश्न में रंग में भंग डाल दिया। इस मैच को देखने के लिए फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी स्टेडियम में पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलिया की जीत का श्रेय उसके गोलकीपर पैट्रिक बीच को भी जाता है, जिन्होंने ग्रुप डी के इस मैच में आठ शानदार बचाव किए। ऑस्ट्रेलिया लगातार छठी बार और कुल मिलाकर सातवीं बार विश्व कप में खेल रहा था। तुर्किए 2002 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा था, लेकिन उसके बाद लगातार पांच टूर्नामेंट में जगह बनाने से चूक गया। उसने इस साल प्लेऑफ में कोसोवो को हराकर क्वालीफाई किया। इरंकुंडा ने तीन डिफेंडरों से घिरे होने के बावजूद 27वें मिनट में निचले शॉट से गोल करके ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। वाटफोर्ड के लिए खेलने वाले 20 वर्षीय इरंकुंडा ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विश्व कप में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए हैं।



नेस्टोरी इरंकुंडा

### कतर ने किया इंजरी टाइम में गोल, स्विट्जरलैंड को ड्रॉ पर रोका

**सांता क्लारा।** बौलेम खौखी के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में किए गए गोल की मदद से कतर ने फुटबॉल विश्व कप के ग्रुप बी में मजबूत दावेदार माने जा रहे स्विट्जरलैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। ब्रील एम्बोलो ने 17वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्विट्जरलैंड को बढ़त दिलाई। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन अंतिम सीटी बजाने से कुछ देर पहले लेवी स्टेडियम में 67,966 दर्शकों के सामने खेले गए मैच में खौखी ने हेडर से बराबरी का गोल दागकर कतर को विश्व कप में अपना पहला अंक दिलाया। कतर चार साल पहले अपने देश में विश्व खेले गए विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था और यहां पहले मैच में वह बहुत प्रभावित नहीं कर पाया। स्विट्जरलैंड की टीम ने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए, जिसके कारण उसे एक अंक से संतोष करना पड़ा।



बौलेम खौखी

### स्कॉटलैंड ने 32 साल बाद की वापसी, हैती को हराया

**फॉक्सबोरो।** जॉन मैकगिन के 28वें मिनट में किए गए गोल की मदद से स्कॉटलैंड ने ग्रुप सी के मैच में हैती को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में 32 साल बाद शानदार वापसी की। हैती के एक डिफेंडर से टकराकर गेंद मैकगिन के पास पहुंची और उन्होंने गोलकीपर जॉनी प्लासिड को चकमा देते हुए गोल दाग दिया, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। स्कॉटलैंड 1998 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहा है। उसने 1990 के बाद विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल की। तब उसने स्वीडन को 2-1 से हराया था। स्कॉटलैंड तीन अंक लेकर ग्रुप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। हैती 1974 के बाद पहली बार विश्व कप में भाग ले रहा है। उसे अब भी विश्व कप में अपने पहले अंक का इंतजार है।



### प्रो लीग: नीदरलैंड ने भारत को 3-2 से हराया

**रोटरडम।** अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने भारत के लिए 412 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के पूर्व कप्तान दिलीप टिर्की के रिकॉर्ड की बराबरी की, लेकिन टीम रविवार को यहां एफआईएच पुरुष प्रो लीग मैच में नीदरलैंड से 2-3 से हार गई। नीदरलैंड के लिए माइल्स बुकेन्स (तीसरे), कोएन बिजेन (23वें) और टिमजेन रेयेंगा (40वें मिनट) ने गोल किए।

भारत के लिए दिलप्रीत सिंह (नौवें) और सुखजीत सिंह (33वें) ने गोल दागे। भारत ने दो बार बराबरी की, लेकिन नीदरलैंड को विजयी गोल करने से नहीं रोक सका जिससे मनप्रीत के लिए एक यादगार दिन फीका पड़ गया। मनप्रीत अभी उन खिलाड़ियों के क्लब में शामिल एकमात्र सक्रिय खिलाड़ी हैं जिन्होंने 400 से ज्यादा सीनियर अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

## अंडर-19 पुरुष-महिला एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता : महिला टीम में प्रदेश की 5 बेटियां और पुरुष टीम में तीन बेटे

# भारतीय टीम में 20 खिलाड़ियों का चयन, इसमें आठ हरियाणा के

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के प्रतिष्ठित नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) रोहतक में रविवार को अंडर-19 पुरुष और महिला एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता के चयन ट्रायल का समापन हुआ। दूसरे दिन शानदार मुकाबले हुए। देश के खिलाड़ियों ने अपने जोरदार मुक्कों के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाया। दोनों भारतीय टीमों में 20 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इनमें हरियाणा से 8 खिलाड़ी शामिल हैं, जिसमें 5 बेटियां और 3 बेटे शामिल हैं। साई एनसीओ रोहतक के निदेशक गौरव रावत ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। बीएफआई की ओर से ओमबीर हुड्डा ने ऑब्जर्वर की भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल में अर्जुन अवॉर्डी बॉक्सर कविता चहल और चीफ कोच अभिषेक मालवीय शामिल रहे।







### हरियाणा की धरती दे रही बेहतरीन मुक्केबाज : मेजर सत्यपाल सिंधु

हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की धरती हमेशा से ही देश को बेहतरीन मुक्केबाज देती आई है। भारतीय टीम में हरियाणा की 5 बेटियों और 3 बेटों का चयन होना हमारी खेल नीतियों और जमीनी स्तर पर की जा रही मेहनत का नतीजा है। हरियाणा बॉक्सिंग संघ का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को सही समय पर मंच मिले। इन 8 मुक्केबाजों ने साबित कर दिया है कि अगर हमारे खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन मिले, तो वो दुनिया के किसी भी रिंग में तिरंगा लहरा सकते हैं। विशेषकर हमारी बेटियों ने जो प्रदर्शन किया है, वह देश की करोड़ों लड़कियों के लिए प्रेरणा है।



### पुरुष वर्ग के मुकाबले

| भार वर्ग | जीते |
|---|---|
| 50 किग्रा | मणिपुर के लैरेनलाकपम अंबेडकर मीतेई। |
| 55 किग्रा | हरियाणा के आदित्य के ने स्वर्ण पदक जीता। |
| 60 किग्रा | हरियाणा के सिकंदर। |
| 65 किग्रा | एसएससीबी के मौसम सुहाग। |
| 70 किग्रा | एसएससीबी के प्रशांत ने स्वर्ण पदक जीता। |
| 75 किग्रा | उत्तर प्रदेश के देवेन्द्र चौधरी। |
| 80 किग्रा | हरियाणा के लोकेश जीते। |
| 85 किग्रा | दिल्ली के सागर ने स्वर्ण पदक जीता। |
| 90 किग्रा | दिल्ली के शुभम राजपूत विजेता । |
| +90 किग्रा | चंडीगढ़ के लोवेन गुलिया। |

### महिला वर्ग के मुकाबले

| भार वर्ग | जीते |
|---|---|
| 48 किग्रा | हरियाणा की गुंजन ने स्वर्ण पदक जीता। |
| 51 किग्रा | एसएससीबी की चंद्रिका पुजारी विजेता। |
| 54 किग्रा | मणिपुर की चिरोम जॉयश्री देवी। |
| 57 किग्रा | एसएससीबी की प्राची ने स्वर्ण पदक जीता। |
| 60 किग्रा | हरियाणा की चाहत जीत। |
| 65 किग्रा | हरियाणा की वंशिका। |
| 70 किग्रा | एसएससीबी की लाक्षु विजेता बनीं। |
| 75 किग्रा | हरियाणा की अंशिका ने स्वर्ण पदक जीता। |
| 80 किग्रा | हरियाणा की मेघा शोकंद। |
| +80 किग्रा | दिल्ली की प्राची तोकास। |

### कई मुकाबले बेहद कड़े रहे : प्रमोद कुमार

*भारतीय बॉक्सिंग संघ (बीएफआई) के महासचिव प्रमोद कुमार ने बताया कि ट्रायल में कई मुकाबले बेहद कड़े रहे। जो यह दर्शाता है कि जूनियर स्तर पर बॉक्सिंग का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। चुनी गई 20 सदस्यीय टीम पूरी तरह से संतुलित है और आगामी एशियन प्रतियोगिता में यह टीम अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी शानदार छाप छोड़ेगी।*

### प्रदर्शन काबिले तारीफ : कर्नल अरुण मलिक

*बीएफआई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कर्नल अरुण मलिक ने कहा कि रोहतक एनसीओई में आयोजित इस दो दिवसीय ट्रायल में देश भर के मुक्केबाजों ने जिस खेल भावना और प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, वह काबिले तारीफ है। भारतीय बॉक्सिंग संघ का यह निरंतर प्रयास है कि हमारे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं, आधुनिक ट्रेनिंग और सही एक्सपोजर मिले। हम जमीनी स्तर से लेकर एलीट स्तर तक के इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत कर रहे हैं।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## खबर संक्षेप

### ब्राजील:आसमान में टकराए 2 हेलिकॉप्टर, 6 की मौत

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के शहर रियो डी जनेरियो में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां दो हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। कई गाड़ियों में भी आग लग गई। फिलहाल हादसे की जांच की जा रही है। टक्कर के बाद शहर के पश्चिमी इलाके में दोनों हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस हादसे में दोनों हेलिकॉप्टर में सवार सभी 6 लोगों की मौत हो गई है।



### मुंबई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**मुंबई ।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। एक अज्ञात व्यक्ति ने इस संबंध में धमकी भरा ईमेल भेजा। इसके बाद मुंबई की सभी सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस तुरंत अलर्ट मोड पर आ गईं और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई। सुरक्षा एजेंसियों ने सूचना मिलते ही हवाई अड्डा परिसर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया।



### टला बड़ा हादसा: यूएस नेवी ने की इंडियन नेवी की मदद

# ओमान तट पर डूबा भारतीयों से भरा जहाज फंसे 14 लोगों को सकुशल बचाया गया

एजेंसी ▶▶ मस्कट

ओमान के तट के पास 14 भारतीय नागरिकों को लेकर जा रहा एक जहाज रविवार को समुद्र में डूब गया, जिसके बाद अमेरिकी नौसेना, भारतीय नौसेना और एक व्यापारी जहाज की मदद से बड़े स्तर पर बचाव अभियान शुरू किया गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक नाव ओमान के रस अल हद्द से करीब 80 समुद्री मील पूर्व में संकट में फंस गई थी, जिसके बाद सभी 14 लोगों को सकुशल बचा लिया गया।

- इंजन फेल होने से समुद्र में फंस गया था जहाज

▶▶ व्यापारी जहाज ने निभाई अहम भूमिका

▶▶ ओमान तट के पास संकट में फंसी भारतीय नौका

*ओमान के तट के पास इंजन फेल होने के बाद एक भारतीय क्रू वाला जहाज संकट में फंस गया। सभी 14 भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।*


फाइल फोटो

#### अमेरिकी नौसेना ने भेजा अलर्ट, भारतीय नौसेना को दी सूचना

अमेरिकी नौसेना को रविवार सुबह जहाज के संकट में होने की सूचना मिली थी। इसके बाद अमेरिकी नौसेना ने तटीय अफसरों और भारतीय नौसेना को अलर्ट जारी किया, इसके बाद समय रहते बचाव अभियान चलाकर सभी सुरक्षित निकाला गया।

### *व्यापारी जहाज एमवी जबल अली 9 ने की मदद*

बचाव अभियान में पास से गुजर रहे सेंट किट्स एंड नेविस के झंडे वाले व्यापारी जहाज एमवी जबल अली 9 को भी शामिल किया गया। यह जहाज सोहार से मुंबई की ओर जा रहा था। अमेरिकी पी-8 विमान के अनुरोध पर जहाज को संकटग्रस्त नाव की ओर भेजा गया ताकि यात्रियों की मदद की जा सके।

#### समुद्री यातायात पहले से ही प्रभावित

क्षेत्र में जारी तनाव के चलते व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही पहले से प्रभावित है. कई शिपिंग कंपनियां और समुद्री एजेंसियां अतिरिक्त सतर्कता बरत रही हैं. रिपोर्टों के अनुसार, खाड़ी क्षेत्र और होर्मुज स्ट्रेट के आसपास सैकड़ों जहाज और हजारों नाविक लंबे समय से बाधित समुद्री गतिविधियों का सामना कर रहे हैं।

#### *नाव में सवार सभी 14 लोग भारतीय नागरिक*

*मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार जहाज में सवार सभी 14 लोग भारतीय नागरिक हैं। फिलहाल उनकी स्थिति को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन बचाव अभियान चलाकर सभी को बचा लिया गया है।*

#### पी-8 विमान ने समुद्र में गिराया लाइफ राफ्ट

अमेरिकी नौसेना के पी-8 समुद्री निगरानी विमान ने घटनास्थल पर पहुंचकर समुद्र में एक लाइफ राफ्ट जीवनरक्षक नाव गिराई और पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी की, जहाज के डूबने की स्थिति बनने के बाद उसमें सवार लोग लाइफ राफ्ट पर पहुंच गए।

### प्रांत और पाक की अंतराष्ट्रीय छवि दोनों को नुकसान

## पीओके प्रदर्शन को लेकर पाकिस्तान की दुनिया में हो रही फजीहत बिलावल भुट्टो ने की शांति की अपील



एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान के हुक्मरान मानने लगे हैं कि पीओके पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बिगड़ते हालात से उनकी फजीहत हो रही है। चौतरफा घिरी सरकार के अहम सदस्य और पीपीपी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने रविवार को प्रदर्शन कर रहे लोगों से अपील की कि वे अपना आंदोलन समाप्त कर लें।

उन्होंने कहा इससे प्रांत और पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि दोनों को नुकसान पहुंच रहा है। रविवार को जारी बयान में, बिलावल ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता से होने वाला शांति समझौता एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा, जब पूरी दुनिया की नजर पाकिस्तान पर है, ऐसे समय में इस मुद्दे से पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह स्थिति विरोधियों को स्थिति का फायदा उठाने का अवसर दे रही है। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से अपील की कि वे अपने आंदोलन को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त करें और जिन्होंने कानून अपने हाथ में लिया है, वे स्थानीय प्रशासन के सामने आत्मसमर्पण करें ताकि कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ सके। बिलावल के अनुसार, सभी राजनीतिक मुद्दों का समाधान लोकतांत्रिक, संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीकों से होना चाहिए। उनका कहना था कि संसद और राजनीतिक प्रक्रिया ही ऐसे मुद्दों को हल करने का सही मंच हैं।

**दीर्घकालिक समाधान निकाला जाए:** पीपीपी प्रमुख ने याद दिलाया कि उनकी पार्टी पहले ही चुनाव आयोग से 27 जुलाई को तय समय से पहले घोषित चुनाव कार्यक्रम को वापस लेने की अपील कर चुकी है।




Terms & Conditions apply. *Loan approval is at the sole discretion of the financier and may require additional documentation. *Interest rate, loan amount, down payment, tenure, and EMI are subject to the applicant's credit profile. *Certain scheme benefits cannot be combined. *Offers/features may be modified or withdrawn without prior notice. *All offers valid till 30th June 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000–₹10000) on all HMSI models. #Applicable on HDFC Bank Credit Card EMI transactions (Minimum Transaction: ₹20000; Tenure: 6 to 24 months). #Valid only on transactions processed through Pine Labs machines. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #Instant Cashback offer valid till 30th June 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Delhi. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (III Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 8130788666; Parkash Honda (Bhangel) - 7838474152; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 7351489999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.
**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**